डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | अश्विन शुक्ल पक्ष 04, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 07 अक्टूबर 2024, वर्ष-30, अंक- 349, पृष्ठ-16 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई.61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



या देवी सर्वभूतेषु मां स्कंदमाता रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:।।

1. मां शैलपुत्री बीज मंत्र: हीं शिवायै नम:
2. मां ब्रह्मचारिणी बीज मंत्र: हीं श्री अम्बिकायै नम:
3. मां चंद्रघंटा बीज मंत्र: ऐं श्रीं शक्त्यै नम:
4. मां कूष्मांडा बीज मंत्र: ऐं ही देव्यै नम:
5. मां स्कंदमाता बीज मंत्र: हीं क्लीं स्वमिन्यै नम:
6. मां कात्यायनी बीज मंत्र: क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नम:
7. मां कालरात्रि बीज मंत्र: क्लीं ऐं श्री कालिकायै नम:
8. मां महागौरी बीज मंत्र: श्री क्लीं हीं वरदायै नम:
9. मां सिद्धिदात्री बीज मंत्र: हीं क्लीं ऐं सिद्धये नम:

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

**मां स्कंदमाता**

महाबले महोत्साहे महाभय विनाशिनी।
त्राहिमाम स्कन्दमाते शत्रुनाम भयवर्धिनि।।

## पंचम स्कन्दमाता

**नवरात्रि के पांचवें दिन स्कन्दमाता की उपासना का दिन होता है। स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं। इनका वर्ण पूर्णत: शुभ्र है। ये कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसी कारण इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। सिंह इनका वाहन है।**

**सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया। शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी।।**

मां अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। भगवान स्कंद 'कुमार कार्तिकेय' नाम से भी जाने जाते हैं। ये प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार और शक्ति कह कर इनकी महिमा का वर्णन किया गया है। इन्हीं भगवान स्कन्द की माता होने के कारण मां दुर्गाजी के पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। नवरात्रि-पूजन के पांचवें दिन का शास्त्रों में पुष्कल महत्व बताया गया है। इस चक्र में अवस्थित मनवाले साधक की समस्त बाह्य क्रियाओं एवं चित्तवृत्तियों का लोप हो जाता है। वह विशुद्ध चैतन्य स्वरूप की ओर अग्रसर हो रहा होता है। मां स्कन्दमाता की उपासना से भक्त की समस्त इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं। इस मृत्युलोक में ही उसे परम शांति और सुख का अनुभव होने लगता है। उसके लिये मोक्ष का द्वार स्वमेव सुलभ हो जाता है।

## महाप्रबंधक सुनील कुमार का आश्वासन : बिजली संकट का होगा प्रभावी समाधान

**बिजली विभाग के महाप्रबंधक सुनील कुमार से स्थानीय संपादक राणा अरुण सिंह ने बिजली की समस्याओं और सुधारों पर विस्तृत बातचीत की। इस दौरान महाप्रबंधक ने उपभोक्ताओं की संतुष्टि को अपनी प्राथमिकता बताते हुए विभाग द्वारा किए गए प्रयासों और चुनौतियों पर खुलकर चर्चा की। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश:**

**बिजली विभाग की प्राथमिकता: उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लिए उठाए जाएंगे ठोस कदम**

**बिजली संकट पर खुलकर बोले महाप्रबंधक: समस्याओं का होगा पक्का समाधान**

**बिजली समस्याओं पर महाप्रबंधक सुनील कुमार से बेबाक चर्चा: उपभोक्ताओं की संतुष्टि सर्वोपरि**

**प्रश्न:** उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लिए विभाग क्या कदम उठा रहा है?
**जवाब:** विभाग पावर सिस्टम को मजबूत करने के लिए काम कर रहा है। संबंधित शिकायतों का निवारण सुनिश्चित किया जा रहा है। ऊर्जा मित्रों को निर्देश दिया गया है कि हर घर में जाकर मीटर रीडिंग लें और उन्हें लक्ष्य निर्धारित करके दिया गया ताकि राजस्व को बनाए रखा जा सके और उसमें वृद्धि हो।

**प्रश्न:** ऊर्जा मित्रों की कमी के कारण कई घरों में मीटर रीडिंग नहीं हो पाती, इस पर आपका क्या कहना है?
**जवाब:** यह सही है कि लगभग 70 प्रतिशत ऊर्जा मित्र कार्यरत हैं जबकि 30 प्रतिशत अभी भी कमी है। प्रत्येक ऊर्जा मित्र को प्रति माह 1500 घरों में मीटर रीडिंग का लक्ष्य दिया गया है। लातेहार, पलामू, और गढ़वा में सभी ऊर्जा मित्र अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं।



**प्रश्न:** सरकार द्वारा 200 यूनिट तक की खपत पर मुफ्त बिजली का लाभ क्या धरातल पर उतर पाया है?
**जवाब:** हां, हमने इस योजना को ग्रामीण इलाकों में 100 प्रतिशत लागू कर दिया है और इन क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के मीटर रीडिंग जीरो हो गए हैं। शहरी क्षेत्रों में भी 50 प्रतिशत उपभोक्ता 200 यूनिट से कम बिजली की खपत कर रहे हैं, जिनका बिजली बिल माफ कर दिया गया है। पलामू में करीब 8000 ऐसे उपभोक्ता हैं जिन्हें इस लाभ का फायदा मिला है।

**प्रश्न:** मुफ्त बिजली योजना से राजस्व पर क्या असर पड़ेगा?
**जवाब:** इससे राजस्व पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि सरकार इन माफ किए गए बिलों की भरपाई करेगी। सभी ऊर्जा मित्र इस दिशा में काम कर रहे हैं और हर घर से मीटर रीडिंग लेकर बिलिंग सुनिश्चित की जा रही है।

**प्रश्न:** पलामू में स्मार्ट मीटर कब तक लगाए जाएंगे?
जवाब : स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ हो चुका है और इसका प्राथमिक चरण चल रहा है। सर्वेक्षण के बाद शीघ्र ही उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर उपलब्ध कराए जाएंगे।

**प्रश्न:** पावर कट से यहां के उद्योगों को कैसे राहत मिलेगी?
जवाब: हम पावर कट के मुद्दे पर जोरदार प्रयास कर रहे हैं और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को तुरंत मेंटेन कर रहे हैं। आंधी-तूफान जैसी आपात स्थितियों में विभाग तत्परता से समस्या का समाधान कर रहा है, ताकि उद्योगों को नुकसान न हो।

**प्रश्न:** शहरी क्षेत्रों में अंडरग्राउंड वायरिंग कब तक शुरू होगी?
**जवाब:** पलामू और गढ़वा में अंडरग्राउंड वायरिंग का काम शुरू हो गया है जबकि लातेहार में कुछ तकनीकी देरी है। फिलहाल पूजा पंडाल के युद्धस्तर पर काम हो रहा है ताकि आगे कोई बाधा न आए।

**प्रश्न:** ट्रांसफार्मर जलने की समस्या को कैसे हल किया जाएगा?
**जवाब:** ट्रांसफार्मर जलने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं, इसलिए ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप को निर्देश दिया गया है कि वे अपनी क्षमता बढ़ाएं और रिपेयरिंग की संख्या को दोगुना करें। इससे आम लोगों को जल्द राहत मिलेगी और बिजली की आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आएगी। महाप्रबंधक सुनील कुमार ने साफ किया कि विभाग उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से ले रहा है और उनकी संतुष्टि के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं।

### चिनिया प्रखंड को मिला सौगात, 30 बेड के अस्पताल का मंत्री ने किया उद्घाटन

## गोगो योजना का फॉर्म ठगने के लिए भरवाया जा रहा : मिथलेश ठाकुर

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर ने रविवार को लगभग 10 करोड़ के लागत से निर्मित 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का फीता काटकर व विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के बाद कार्यकर्ता मिलन समारोह आवासीय विद्यालय उच्च विद्यालय के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर की गई। स्वागत गीत पुष्पा राणा ने गया। मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि अब यहां अस्पताल बन जाने से लोगों को गढ़वा इलाज कराने जाने की जरूरत नहीं



पड़ेगी। आसानी से लोग अपना यहां इलाज करा सकेंगे। चिनिया जैसे जगह को 99 किलोमीटर सड़क निर्माण 206 करोड़ की लागत से बनवाई है। पीसीसी 87 लाख रुपए से बनवाया गया है। विधायक मद से 47 योजनाओं का निर्माण किया गया है। छत्तीसगढ़ तथा झारखंड के जोड़ने वाली कनहर नदी पर लगभग 11 करोड़ की पुल बनाई गई है। जिससे हजारों लोगों को फायदा हो रहा है। क्षेत्र की जनता ने एक बार मौका दिया है। उसमें भी करोना काल के कारण पूरी तरह काम नहीं कर पाया। फिर भी चिनिया तथा पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास नजर आ रहा है, जिसमें प्रखंड भवन, थाना भवन, सड़क, सावित्रीबाई फुले योजना, मंईयां समान योजना, पेंशन योजना सहित पूरे जिले में 1300 किलोमीटर सड़क 3 साल में राज्य सरकार ने बनवाया है, जो लगभग 1000 करोड रुपए का है। कल्याण विभाग द्वारा कब्रिस्तान शेष पृष्ठ 15 पर

## बुढ़ा पहाड़ पर चला सीआरपीएफ का सर्च ऑपरेशन, दो ग्रेनेड व छह डेटोनेटर बारामद



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र के थलिया गांव में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 172वीं वाहिनी के जवानों ने एक महत्वपूर्ण नक्सली साजिश को नाकाम कर दिया। नीरज कुमार, सहायक कमांडेंट 172 वाहिनी के नेतृत्व में और यूआर रामेश्वरम, उप कमांडेंट के निदेशों और नृपेन्द्र कुमार सिंह, कमांडेंट 172 वाहिनी के पर्यवेक्षण में यह विशेष अभियान चलाया गया था। अभियान की शुरूआत रविवार को प्रातः 6 बजे हुई थी। जिसमें ऑपरेशन दल को थलिया गांव के इलाके में सर्च ऑपरेशन का कार्य सौंपा गया था। अभियान के दौरान लगभग 10 बजे जब जवान गांव की जांच कर रहे थे। तब सीटी/जीडी सुनील कुमार ने संदिग्ध स्थान पर संभावित आईईडी की जानकारी दी। सुरक्षाबलों ने उक्त स्थान की सावधानी पूर्वक तलाशी ली। जिसमें 11 बजे एक घने पेड़ के बीचो-बीच दो ग्रेनेड और 06 नग शेष पृष्ठ 15 पर

## पूर्व सीएम चंपाई की तबीयत बिगड़ी, टीएमएच में भर्ती

**जमशेदपुर।** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन की तबीयत अचानक बिगड़ जाने के कारण उन्हें रविवार को टीएमएच(टाटा मेडिकल कॉलेज) में एडमिट कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, अब चंपाई सोरेन का स्वास्थ्य बेहतर हो रहा है। डॉक्टरों के अनुसार चंपाई सोरेन का शुगर लेवल बढ़ने और प्रेशर के कारण उनकी तबीयत बिगड़ी थी। वे जल्द ही ठीक हो जाएंगे। बताते चलें कि रविवार को चंपाई सोरेन को साहेबगंज के भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेना था। खुद चंपाई सोरेन ने ट्वीट कर बताया कि स्वास्थ्य शेष पृष्ठ 15 पर

## तोहफों की बारिश : मुख्यमंत्री आज रांची में अपोलो मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का करेंगे शिलान्यास

**50 से ज्यादा नैदानिक विशिष्टताएं और हृदय रोग चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध होंगी**

**रांची।** चुनावी मौसम में राज्य सरकार की ओर से तोहफों की बारिश जारी है। गुरुवार को रांची में राज्य का पहले ट्रांसपोर्ट नगर, शुक्रवार को राजधानी में राज्य का पहला ऑल व्हीकल फ्लाईओवर, शनिवार को जमशेदपुर के मानगो



में एमजीएम अस्पताल का नया भवन और अब सोमवार को रांची में ग्रीन शेष पृष्ठ 15 पर

**अस्पताल की खास बातें**

- 2.75 एकड़ जमीन पर रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र में होगा इस अस्पताल का निर्माण
- रांची नगर निगम की ओर से जमीन नि:शुल्क अपोलो प्रबंधन को उपलब्ध कराया गया है
- 310 बेड का होगा अस्पताल, इस अस्पताल में 24 घंटे आपातकालिन सेवा उपलब्ध रहेगी
- यहां हमेशा अत्याधुनिक कैथ लैब्स, एमआरआई, ऑपरेशन थिएटर के साथ सुसज्जित आईसीयू तैयार रहेगा।
- रांची व आसपास की 22 लाख जनसंख्या के अनुपात में मरीजों की संख्या के लिहाज से आधारभूत संरचना उपलब्ध रहेगा।

## झारखंड विधानसभा चुनाव

### सीट बंटवारे के लिए विजयादशमी के बाद होगी इंडी की बैठक

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 में सीट बंटवारे को लेकर इंडिया ब्लॉक के घटक दलों झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद और सीपीआई माले की बैठक विजयदशमी के बाद होगी। इसके बाद झामुमो, कांग्रेस, राजद और वामदल प्रत्याशियों की घोषणा करेंगे। सूत्रों ने बताया कि इस बार सीट शेयरिंग में कुछ बदलाव संभव है। इसकी वजह यह है कि इस बार गठबंधन में वामदल भी शामिल हैं। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो को 43, कांग्रेस को 31 व राजद को सात सीटें मिली थीं। इस बार फेरबदल होगा। बताया गया शेष पृष्ठ 15 पर

### उम्मीदवारों की पहली सूची जल्द जारी करेगी भाजपा : हिमंता बिस्वा सरमा

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव इस साल नवंबर-दिसंबर में होने की संभावना है। अगले सप्ताह भारतीय निर्वाचन आयोग तारीखों की घोषणा कर सकता है। इस बीच झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि पार्टी जल्द ही उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करेगी। सरमा ने यहां भाजपा की चुनाव समिति की बैठक में हिस्सा लेने से पहले मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि एक सप्ताह के भीतर भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर देगी। उन्होंने कहा, हालांकि, हम शेष पृष्ठ 15 पर

## इंडिया

## हरियाणा के एग्जिट पोल के चुनावी संकेतों का झारखंड कनेक्शन



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

हरियाणा के विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल बहुत हैरान करने वाले नहीं हैं। 8 अक्तूबर को वोटों की गिनती के बाद ही नई सरकार का आकार स्पष्ट होगा पर कहा जा सकता है कि एग्जिट पोल में साढ़े नौ साल पुरानी मनोहर लाल खट्टर सरकार के खिलाफ हाई 'एंटी-इनकम्बेंसी' पर मुहर लग गई है। भाजपा ने चुनाव प्रचार में खर्ची-पर्ची व भ्रष्टाचार खत्म करने का दावा किया था, लेकिन इन कामों की चमक भी 'एंटी-इनकम्बेंसी' के आगे फीकी पड़ गई। एक्सिट पोल में कांग्रेस के पक्ष में 43.8 प्रतिशत वोट बताए हैं जबकि भाजपा को 37 प्रतिशत वोट से गत चुनाव के मुकाबले इस बार भाजपा के पक्ष में लगभग एक फीसदी वोटों की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन सीटों के मामले पार्टी पिछड़ गई है। सी वोटर ने कांग्रेस के पक्ष में 50 से 58 सीटें बताई हैं। भाजपा को 20-28 सीटें मिलती दिख रही हैं। ऐसा भी नहीं है कि खट्टर सरकार ने कुछ काम नहीं किया था। प्रदेश में भूपेंद्र हुड्डा सरकार के दौरान नौकरी के लिए शुरू हुआ खर्ची व पर्ची का दौर, खट्टर सरकार में खत्म किया गया और भ्रष्टाचार पर नकेल कसी गई। पर भाजपा, चुनाव में इन्हें भुना नहीं सकी।हुड्डा सरकार काम जो भी करे उसमें सभी लोगों की सुनी जाती थी। चाहे कर्मचारी हो या कार्यकर्ता, किसी न किसी स्तर पर उसकी बात पर ध्यान दिया जाता था। प्रदेश निवासी दिल्ली और चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचते थे पर खट्टर सरकार ने एकाएक इसे बंद कर आमलोगों से संवाद भंग कर दिया। आम लोगों का सीएम से मिलना बहुत मुश्किल हो गया। विधायकों और मंत्रियों का यह दर्द सामने आया था कि खट्टर सरकार में उनकी बात नहीं सुनी जाती किसी कर्मचारी का स्थानांतरण तक नहीं होता था। अगर ऐसा कोई नोट आगे पहुंचता तो सीएमओ से कह दिया जाता कि ये अधिकार केवल सीएम साहब के पास है। मंत्रियों और विधायकों को यह शिकायत भी रही कि अफसर उनके कहने से कोई काम नहीं करते। जिस आक्रोश की झलक ने लोकसभा चुनाव में दस में से पांच सीटें कांग्रेस ने भाजपा से छीन ली। अंत पंत खट्टर को बदलकर नायब सैनी को सीएम की कुर्सी




पर बैठाना भी काम नहीं आ सका। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को प्रदेश के 25 फीसदी जाट समुदाय के एकतरफा वोट मिले थे।कांग्रेस को दलित समुदाय का समर्थन भी मिला। भाजपा ने कुमारी शैलजा और दलित का मुद्दा उठाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी कांग्रेस ने इसकी काट के लिए वोटिंग से महज दो दिन पहले भाजपा के बड़े दलित नेता अशोक तंवर को कांग्रेस ज्वाइन करा बाजी पलट दी । 2014 और 2019 में भाजपा को गैर जाटों के भारी संख्या में मत मिले थे। बाद में जिस तरह से जाटों ने भाजपा से दूरी बनाई, उस कड़ी में गैर जाट समुदाय के लोग भी भाजपा से छिटकने लगे। जो शिकायत जाटों को थीं, कुछ वही शिकायत गैर जाटों को भी रहीं। बतौर मुख्यमंत्री के तौर पर खट्टर की छवि एक कठोर प्रशासक वाली रही है। उन्होंने सार्वजनिक स्थल पर किसी पुरुष और महिला को डांट देते थे । किसान आंदोलन के बाद भाजपा नेताओं के लिए गांवों में घुसना मुश्किल हो गया था। उसके बाद पहलवानों के आंदोलन ने भी भाजपा के लिए मुसीबत खड़ी कर दी। भाजपा नेतृत्व यह सोचकर निश्चिंत था कि उसका कैडर वोट तो गैर जाट है। प्रदेश में गैर जाटों की आबादी 75 प्रतिशत है। ऐसे में भाजपा ने किसान, पहलवान और अग्निवीरों के आंदोलन को गंभीरता से नहीं लिया । सीएम नायब सैनी ने अपने सरकारी के आवास के दरवाजे लोगों के लिए 24 घंटे खोल दिए, लेकिन खट्टर सरकार के प्रति लोगों का गुस्सा, इस पहल को बढ़त नहीं दिला सका। झारखंड कनेक्शन की बात करें तो भाजपा का पिछला विधानसभा हारना भी लगभग इन्हीं परिस्थितियों में हुआ था जब सीएम तक पहुंच खास लोगों की ही थी और आदिवासियों के आक्रोश को गंभीरता से नहीं लिया गया था। वर्तमान सरकार पर भी भाजपा भ्रष्टाचार से लेकर वीआईपी संस्कृति का आरोप लगाती रही है पर उनका आम आदमी से भले बहुत सरोकार न हो पर अपने मतदाताओं से उनका संवाद लगातार चल रहा है। ऐसे में सरकार और विपक्षी दोनों में से कौन अपनी बात आम जनता,बड़ी संख्या में संगठित जातीय समूहों या जनजातीय समुदाय तक कौन पहुंचा पाता है विजयश्री उसे ही मिलेगी क्योंकि मईंयां सम्मान योजना की लोकप्रियता को वोट में बदलने से रोकने के लिए भाजपा ने सभी के लिए गोगो दीदी योजना में राशि दुगुनी कर मास्टर स्ट्रोक चल दिया है जिसका फॉर्म भरने के लिए लोग टूट पड़े हैं।

### 10वीं व आगे पढ़े 21 से 24 साल के युवा कर सकेंगे अप्लाई

## कंपनियों में एक साल के इंटर्नशिप के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर

**आईटीआई सर्टिफिकेट, पॉलिटेक्निक इंस्टिट्यूट से डिप्लोमा ,बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए, बीबीए, बी फार्मा के युवाओं को होगा लाभ**

-आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार के 12 अक्टूबर से शुरू हो रही पीएम इंटर्नशिप योजना में 10वीं व इससे ऊपर की पढ़ाई कर चुके 21 से 24 साल तक के युवा देश की कंपनियों में इंटर्नशिप करने के लिए 25 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। चुने गए कैंडिडेट्स की इंटर्नशिप 2 दिसंबर से शुरू होगी, जो एक साल तक चलेगी। इंटर्नशिप के दौरान आने वाली परेशानी व शिकायतों को दूर करने के लिए टोल फ्री नंबर 1800-116-090 चालू किया गया है। जिसमें कंपनी में माहौल से लेकर इंटर्नशिप के दौरान होने वाली किसी भी तरह की शिकायत की जा सकेगी। इन शिकायतों को केंद्र सरकार की ओर से निस्तारित किया जाएगा। 21 से 24 साल तक की उम्र के ऐसे भारतीय युवा इस स्कीम के तहत अप्लाई कर सकते हैं जो कहीं पर फुल टाइम जॉब ना कर रहे हों। जिन युवाओं के माता पिता या पति पत्नी में से कोई सरकारी नौकरी में है या जो फुल टाइम एजुकेशन कोर्स पढ़ रहे हैं, वह आवेदन नहीं कर सकते। जबकि ऑनलाइन या डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम में एनरोल्ड विद्यार्थी इंटर्नशिप के लिए अप्लाई कर सकते हैं। एक साल की इंटर्नशिप वाली इस योजना में अभी तो ऐसे युवा शामिल नहीं हो सकेंगे जिनके माता-पिता या पति-पत्नी में से किसी की सालाना आमदनी 8 लाख रुपये से अधिक हो। शेष पृष्ठ 15 पर

## एक नजर

### पूर्व मुखिया स्व. राजेश्वर सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**ट्रस्ट के माध्यम से समाजसेवा के कार्यों का संकल्प**

**पांडू।** पांडू के ग्राम डाला खुर्द में रविवार को न्यू प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में पूर्व मुखिया स्व. राजेश्वर सिंह की प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के संरक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह और संचालन प्रद्युम्न कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक और पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि स्व. राजेश्वर सिंह समाज के अंतिम व्यक्ति के मसीहा थे। इस मौके पर उन्होंने राजेश्वर सिंह ट्रस्ट को एक लाख एक रुपये देने की घोषणा की और आगे भी सहयोग का वादा किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष नीतु सिंह ने बताया कि राजेश्वर सिंह गरीबों के मसीहा के रूप में प्रसिद्ध थे, और उनकी हत्या 1986 में उनकी बढ़ती लोकप्रियता के कारण की गई थी। कार्यक्रम में क्षेत्रीय छात्राओं को ट्रस्ट द्वारा पुरस्कृत किया गया और समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई गई। समारोह में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिन्होंने अपने-अपने विचार रखे और ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की।

## गजानन माता मंदिर में पूजा के लिए उमड़े श्रद्धालु



**हुसैनाबाद।** झारखंड-बिहार की सीमा पर जपला के नजदीक स्थित गजानन माता मंदिर में शनिवार को शक्ति की पूजा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने की। पटना के ओलारपुर स्थित सूर्यमंदिर के महंत सह गजानन माता मंदिर के महंत श्री-श्री 108 श्री अवध बिहारी जी महाराज ने बताया कि भारत में दो ही ऐसा मंदिर है, जहां शक्ति की पूजा होती है। प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर और गजानन माता मंदिर में केवल शक्ति की पूजा होती है। मां गजानन माता मंदिर की पूजा के लिए पहुंचकर श्रद्धालु मिट्टी के बर्तन में बने प्रसाद को ही भोग लगाते हैं। पोल्डीह पंचायत के पूर्व मुखिया अभय कुमार सिंह, मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष नरेश मेहता व पुजारी जगन्नाथ मिश्रा, सिद्धेश्वर विद्यार्थी, अयोध्या पांडेय, गजानन धाम सेवा समिति के मिथलेश चंद्रवंशी, अरुण सिंह, कर्मदेव राजवंशी, उपाध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, अरुण मेहता, विनोद ठाकुर, सत्यनारायण सिंह, अरविंद सिंह, भृगुनाथ सिंह आदि भी सक्रिय रहे।

## भगवान श्रीराम के अदभुत गुणों से ही मिली मर्यादा पुरुषोत्तम की उपाधि : स्वाति दीदी

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर श्री दुर्गा पूजा समिति, चौक बजार हैदरनगर की ओर से आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन शनिवार की रात उत्तरकाशी से पधारी कथा वाचिका स्वाती दीदी ने मायार्दा पुरुषोत्तम की जीवनी पर चित्रण किया। उन्होंने कहा कि दया, सत्य, करुणा व धर्म के पालनकर्ता मयार्दा पुरुषोत्तम एक महान राजा होने की प्रमाण दी। इन्हीं गुणों से ही भगवान श्रीराम को मयार्दा पुरुषोत्तम की उपाधि दी गई। उन्होंने कहा कि आज हिन्दू धर्म के सभी इंसानों में उक्त गुण विद्यमान हो जायें तो हर व्यक्ति मयार्दा पुरुषोत्तम कहलायेगा। इनकी निषादराज,



विभिषण, केवट व सुग्रीव के साथ अदभुत मित्रता की चमक भी वेदों में कायम है। उनकी दयालुता से ही मावन, पक्षी या दानव को भी आगे बढ़ने का अवसर दिया। इस कथा कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजक सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अजय जयसवाल, उपमुखिया पवन कुमार, समिति संरक्षक सह मुखिया संतोष कुमार सिंह, सचिव संतन चौधरी, उदय प्रताप साहिदेव आदि ने मंच पर आसीन मयार्दा पुरुषोत्तम की पूजा अर्चना व आरती के साथ की। आयोजकों ने उपस्थित श्रद्धालू व श्रोताओं को बताया कि रविवार को शारदीय नवरात्र के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा करने का विधान व परंपरा रही है। साधक को इनकी सच्चे मन से विशेष कृपा के अलावे यश धन, दौलत की कभी कमी नहीं होती। साथ ही जीवन के सारे कष्टों को निवारण भी कुष्मांडा माता ही करती है।

### पूर्व विधायक बिट्टू सिंह की आशीर्वाद रैली में उमड़ी ऐतिहासिक भीड़

# पांकी की जनता ने बदलाव का मन बनाया : बिट्टू सिंह



नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** प्रखंड के सिंचाई विभाग के मैदान में रविवार को पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के नेतृत्व में आशीर्वाद रैली का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पांकी विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोग शामिल हुए। इस रैली की शुरूआत लेस्लीगंज और तरहसी से हुई, जहां सैकड़ों वाहनों और हजारों समर्थकों के साथ पूर्व विधायक ढोल-नगाड़ों के साथ पांकी पहुंचे। रैली पांकी चौक स्थित कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से शुरू हुई, जिसके बाद समर्थकों के साथ पैदल मार्च करते हुए मंच की ओर बढ़ी। जैसे ही पूर्व विधायक मंच के करीब पहुंचे, समर्थकों ने जोरदार तालियों और जयकारों के साथ उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने कहा कि आशीर्वाद रैली में उमड़ी भीड़ यह स्पष्ट करती है कि पांकी विधानसभा की जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक केवल जात-पात और धर्म की राजनीति कर रहे हैं, जिससे जनता त्रस्त हो चुकी है। बिट्टू सिंह ने दावा किया कि क्षेत्र में विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं, जबकि उनके कार्यकाल में कई बड़ी योजनाएं धरातल पर उतारी गई थीं।

#### विकास कार्यों पर चर्चा

बिट्टू सिंह ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि लेस्लीगंज में इंजीनियरिंग कॉलेज और अमानत नदी पर आधा दर्जन बड़े पुलों का निर्माण उनके कार्यकाल में हुआ था। उन्होंने कहा कि विपक्ष में रहते हुए भी उन्होंने कई योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया, जबकि वर्तमान विधायक अपनी असफलताओं का दोष राज्य सरकार पर डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में किए गए वादों में से एक भी वादा पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र को युवा नेतृत्व की आवश्यकता है, जो उनकी तरह सक्षम और ऊजार्वान हो। उन्होंने कहा कि वे जाति और धर्म की राजनीति से दूर रहते हैं, और इसीलिए जनता का प्यार और समर्थन उन्हें हमेशा मिलता रहा है। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद सिंह उर्फ पिंटू सिंह, उपप्रमुख अमित चौहान, कांग्रेस जिला महासचिव एजाज अहमद खां, पूर्व प्रमुख उर्मिला देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष राजेंद्र पांडे, जेएमएम नेता ईश्वरी यादव सहित हजारों लोग उपस्थित रहे। पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने सभी समर्थकों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह समर्थन उन्हें आगे भी प्रेरित करता रहेगा।

## पूर्व मुखिया स्व. राजेश्वर सिंह की प्रतिमा का अनावरण ट्रस्ट के माध्यम से समाजसेवा के कार्यों का संकल्प

**पांडू।** पांडू के ग्राम डाला खुर्द में रविवार को न्यू प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में पूर्व मुखिया स्व. राजेश्वर सिंह की प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के संरक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह और संचालन प्रद्युम्न कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक और पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि स्व. राजेश्वर सिंह समाज के अंतिम व्यक्ति के मसीहा थे। इस मौके पर उन्होंने राजेश्वर सिंह ट्रस्ट को एक लाख एक रुपये देने की घोषणा की और आगे भी सहयोग का वादा किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष नीतु सिंह ने बताया कि राजेश्वर सिंह गरीबों के मसीहा के रूप में प्रसिद्ध थे, और उनकी हत्या 1986 में उनकी बढ़ती लोकप्रियता के कारण की गई थी। कार्यक्रम में क्षेत्रीय छात्राओं को ट्रस्ट द्वारा पुरस्कृत किया गया और समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई गई। समारोह में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिन्होंने अपने-अपने विचार रखे और ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की।

## लालू से मिले नपं के निवर्तमान उपाध्यक्ष हुसैनाबाद आरजेडी से की दावेदारी पेश



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद की राजनीति में तीन दशक से सक्रिय हुसैनाबाद नगर पंचायत के निवर्तमान उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने राजद सुप्रीमो लालू यादव से उनके पटना स्थित आवास पर मिलें। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में हुसैनाबाद से अपनी दावेदारी पेश की। उन्होंने कहा कि वह तीन दशकों से हुसैनाबाद की राजनीति में सक्रिय हैं। वह शुरू से जनता पार्टी, जनता दल, राष्ट्रीय जनता दल में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने नगर पंचायत हुसैनाबाद में उपाध्यक्ष का चुनाव राष्ट्रीय जनता दल के टिकट पर लड़े थे और जीत हासिल किया था। इस बीच उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में सक्रिय रहकर जनता की सेवा में लगे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल से उन्हें टिकट मिलता है, तो वह हुसैनाबाद सीट उनकी झोली में डालने का वादा करते हैं। उन्होंने कहा कि वह शुरू से सभी जात धर्म के लोगों को साथ लेकर चलते हैं। उन्हें सभी जाति धर्म के लोगों का समर्थन मिलेगा। ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी से भी मिले,और उन्हें पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया। लालू प्रसाद यादव व अब्दुल बारी सिद्दीकी ने उनके आवेदन पर विचार करने का आश्वाशन दिया है।

## मंगल भवन अमंगल हारी से क्षेत्र हो रहा है गुंजमान, आरती में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के अवसर पर जारी अनुष्ठान से भक्ति वातावरण प्रवाहित हो रही है। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चार व रामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ की मंगलभवन अमंगलहारी.....आदि ध्वनि से क्षेत्र गुंजमान हो रहा है। जपला महावीर मंदिर परिसर में आचार्य धर्मराज पांडेय के नेतृत्व में जारी नवाह्न मानस महायज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में संतोष कुमार व इनकी धर्मपत्नी रिंकी देवी हैं। जबकि पाठकर्ता में महावीर जी भवन जपला में आचार्य धर्मराज पाण्डेय एवं मानस पाठकर्ता ब्राह्मणों में संजय पाठक, सौरभ पाण्डेय, नवनीत मिश्रा, गप्पू मिश्रा ,प्रकाश मिश्रा, पवन मिश्रा, संजीत मिश्रा, पीयूष मिश्रा एवं रविंद्र मिश्रा आदि शामिल हैं। वहीं शाम को आरती में महिला श्रद्धालुओं की भीड़ लगना शुरू हो गया है। आचार्य धर्मराज पांडेय ने श्री राम का बखान करते हुए कहा कि रामनाम मुद् मंगल कारी, विध्नहरे सब पातक हारी... मात्र श्रीराम का नाम लेने मात्र से सभी के कष्ट दूर हो जाते हैं।इसलिए भक्तों को सच्चे मन से पूजा अर्चना करना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष राजेन्द्र पाल, मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक, राकेश तिवारी, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, कमख्यानारायण सिंह, सूरज प्रसाद, कल्लू, पप्पू, मनीष कुमार, मोनू, सुबोध कश्यप, राजेश सिंह, शनि आदि सक्रिय है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत एक घायल

**सगालीम।** पांकी रोड मेदिनीनगर पथ पर शनिवार की रात सड़क हादसा में एक युवक की मौत हो गयी जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना 11 बजे रात की बतायी जाती है। बताया जाता है कि आसेहार पंचायत निवासी 20 वर्षीय मौसम प्रजापति पिता कमल प्रजापति और अनुज कुमार पिता मुकेश राम पांकी की ओर से अपने घर आसेहार लौट रहे थे। इस बीच उनकी बाइक ट्रक के चपेट में आ गया। दुर्घटना में अनुज कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि मौसम प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस एंबुलेंस से दोनों युवकों को एमएमसीएच में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने अनुज कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि मौसम प्रजापति की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### सेविका का चयन नए सिरे से करने की ग्रामीणों किया प्रदर्शन

**हरिहरगंज।** प्रखंड अंतर्गत कटैया पंचायत के बांसो गांव में रविवार को सेविका का चयन नए सिरे से कराने को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। इसके साथ ही ग्रामीणों ने पहले ही उप विकास आयुक्त को हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया है। बता दे कि बांसो गांव में पूर्व के दिनों में सेविका व सहायिका के चयन के लिए आम सभा बुलाई गयी थी, जिसमें सहायिका का चयन सर्वसम्मति से हो गया था। पर ग्रामीणों के विरोध को लेकर सेविका का चयन नहीं हो सका था। आमसभा में ही निवर्तमान बीडीओ ने सेविका के चयन के लिए नई तिथि निर्धारित करने और फिर से आम सभा करने की बात कही थी।

## रेहला पुलिस ने निकाली फ्लैग मार्च

**विश्रामपुर।** दुर्गा पूजा महोत्सव में शांति व्यवस्था बरकरार रखने के उद्देश्य से रविवार को रेहला पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाली। मार्च की शुरूआत रेहला थाना चौक से हुआ। नगर भ्रमण करते हुए मार्च लगभग सभी पूजा पंडालों से गुजरा। मार्च में विश्रामपुर के प्रभारी बीडीओ विजय प्रसाद मरांडी, सीओ शंभू राम, थाना प्रभारी संतोष कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों ने आम लोगों से नवरात्र पूजन और दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने का अपील की। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि पूजा के दौरान पुलिस गश्ति बढ़ा दी गई है। किसी भी कीमत पर शांति भंग नहीं होने दिया जायेगा। पुलिस असमाजिक तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी हुई है।

## दुगार्पूजा को लेकर पुलिस ने निकाली फ्लैग मार्च



**नीलाम्बर पीतांबरपुर।** शांतिपूर्ण तरीके से दुगार्पूजा मनाने को लेकर लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में रविवार की शाम गाजे-बाजे के साथ पुलिस का फ्लैग मार्च निकाली। अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस का पैदल मार्च लेस्लीगंज थाना से पुराना बाजार,कोट, पथरही, श्रीरामपुर, ढेला चौक सहित क्षेत्र के विभिन्न गली व मुहल्लों का भ्रमण करने के बाद वापस लेस्लीगंज थाना परिसर में पहुंच कर समाप्त हो गई। मौके पर अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने दुगार्पूजा में अमन व चैन का माहौल बनाये रखने व विधि व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने कहा कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की खलल डालने पर उनके विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कारर्वाई की जाएगी। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रशासनिक तैयारी की गयी है। सभी चौक-चौराहों पर पुलिसबलों व दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति होगी। ड्रोन कैमरे व सीसीटीवी से पूजा की मॉनिटरिंग की जाएगी। मौके पर एसआई प्रदीप कुमार, विक्रमशील,राजू पासवान, मो. नईम अंसारी, अरुण बाउरी, रंजीत कुमार के साथ जिला बल के महिला व पुरूष जवानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

# देश से संविधान व आरक्षण खत्म करना चाहती है केंद्र सरकार : रामेश्वर उरांव



नवीन मेल संवाददाता

**नीलाम्बर पीतांबरपुर।** कांग्रेस पार्टी के जन संवाद अभियान के तहत नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड मुख्यालय के पुराने ब्लॉक परिसर में चौपाल कार्यक्रम आयोजन किया गया। चौपाल कार्यक्रम में राज्य सरकार के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, पूर्व मंत्री सह चतरा लोक सभा के प्रत्याशी पूर्व प्रत्याशी केएन त्रिपाठी, पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, मानस सिन्हा, सुधीर सिंह समेत कई कांग्रेसी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने की। मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि भाजपा का काम जाति धर्म के नाम पर बांटने का है। कांग्रेस का काम लोगों को जोड़ने का है। कांग्रेस लगातार इसी उद्देश्य के साथ काम कर रही हैं। केंद्र सरकार झारखंड को लगातार क्यों निशाना बना रही है। उनसे आने वाले दिनों में यही सवाल पूछेंगे, अगर आपके पास सबूत है, तो आपने अब तक कोई कारर्वाई क्यों नहीं की, साथ ही वह एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। झारखंड की जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। इससे पहले भी उन्होंने कई बार झारखंड पर हमला किया है। उन्होंने एक आदिवासी नेता मौजूदा मुख्यमंत्री को उठाकर जेल में डालने का काम किया,लेकिन कोर्ट की मेहरबानी है कि वे फिर से बाहर निकलकर सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार इस देश से संविधान व आरक्षण को खत्म करना चाहती है। इस देश से आरक्षण तथा संविधान को खत्म नहीं हो और गरीबों को उनका हक और अधिकार मिले सके, इस के लिए वर्तमान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पूरे देश के का भ्रमण कर रहें है। मौके पर पूव पांकी विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, लाल सूरज, रुद्र शुक्ला, सज्जाद खान, मुन्ना खान,सहित सैंकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष मौजूद रहे।

### राज्य सरकार की उपलब्धियां और केंद्र सरकार की नाकामियों से कराएं अवगत : मंत्री

**विश्रामपुर।** कांग्रेस का लक्ष्य विधानसभा चुनाव 2024 जनसंवाद अभियान के तहत शनिवार देर शाम आठ बजे विश्रामपुर विस क्षेत्र के बी मोड़ चौक पर चौपाल लगाया गया। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित मंत्री सह कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ. रामेश्वर उरांव,विशिष्ठ अतिथि कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मानस सिन्हा,पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे,पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी व प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार सहित कई दिग्गज कांग्रेसी नेता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू ने की। संचालन वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने लोगों से सीधा संवाद स्थापित करने का प्रयास किया। जनसंवाद के दौरान नेताओं ने कार्यक्रर्ताओं और आम लोगों की बातें सुनी। स्थानीय समस्याओं से रूबरू हुए। मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कार्यक्रर्ताओं से आह्वान किया कि गांवों में जाकर जानता के दुःख दर्द को साझा करें और उनकी समस्याओं को सूचीबद्ध करें। सरकार की उपलब्धियां लोगों तक पहुंचाते हुए केंद्र सरकार के दोहरी नीति व नाकामी को उजागर करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने राज्य के हर वर्ग के लिए कई कल्याणकारी योजना चलायी है। प्रदेश का हर परिवार लाभान्वित हो रहा है। झारखंड की जनता ईमानदार है। मौके पर कांग्रेस नेत्री विमला कुमारी, ऋषिकेश सिंह, सत्यनारायण सिंह, प्रदेश महासचिव विजय कुमार चौबे,वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, प्रभात दुबे उर्फ बड़ू दुबे, प्रदेश नेत्री पूर्णिमा पांडेय सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



# प्रेमिका ने प्रेमी की चाकू से गला रेत कर की हत्या

## पुलिस ने महिला समेत दो को लिया हिरासत में

## एक नजर

### दशहरा को लेकर शांति बनाएं रखने के लिए निकाली फ्लैग मार्च

**हुसैनाबाद।** शारदीय नवरात्र और दशहरा पर्व को शांति, सौहार्द और सद्भावना के साथ मनाने के उद्देश्य से हुसैनाबाद में प्रभारी एसडीओ सह एलआरडीसी गौरांग महतो, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाली गयी। फ्लैग मार्च मुख्य बाजार, भट्ठी रोड, गांधी चौक, अंबेडकर चौक, जेपी चौक से होते हुए पूरे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का संदेश लेकर चलाया। इस अवसर पर अंचलाधिकारी पंकज कुमार, बीडीओ रौशन कुमार, थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार और दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार गुप्ता के साथ दर्जनों पुलिसकर्मी भी फ्लैग मार्च में शामिल थे। फ्लैग मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सद्भावना को बनाए रखना तथा किसी भी तरह की अफवाह या असुरक्षा की भावना को दूर करना था। प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि वह सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें।



**महिला ने अपने पिता, भाई के साथ मिलकर दिया घटना को अंजाम**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज बीएन कॉलेज के समीप प्रेमिका ने प्रेमी की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हत्या की घटना को महिला ने अपने पिता, भाई के साथ मिलकर अंजाम दिया है। मृतक की पहचान हमीदगंज बीएन कॉलेज के समीप रहने वाले संजय गोस्वामी (25) के रूप में हुई है। संजय टेंट हाउस में काम करता था। हाल के कुछ दिनों से कोयल नदी से बालू निकाल कर बेचता था। पुलिस ने मौके से प्रेमिका, उसके पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ कर हत्या के मूल कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार ने रविवार सुबह घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि बताया कि महिला व उसके पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच में भेज दिया गया है।

### बचाव के क्रम में भाई पर भी हमला

संजय का भाई विनोद कुमार के अनुसार संजय और उसकी प्रेमिका ललिता देवी का घर अगल-बगल है। शनिवार रात 9.30 बजे संजय ललिता के पास था। अचानक उसके बंद घर से मारपीट की आवाज आने लगी। जाकर पता किया तो मालूम हुआ कि उसके भाई संजय गोस्वामी की पिटाई उसकी प्रेमिका और परिवार के अन्य सदस्य मिलकर कर रहे हैं। दरवाजा बंद रहने के कारण बाउंड्री वॉल लांघकर अंदर जाकर बचाने की कोशिश की। इस क्रम में उसकी भी लाठी डंडे से पिटाई की गई। वह जान बचाकर किसी तरह भागा। इस क्रम में उसने देखा कि उसके भाई को उसकी प्रेमिका के अलावा उसका भाई, पिता और मां लाठी डंडे से पीट रहे थे और तीन-चार जगह चाकू से वार भी किया। उसने बचाने की गुहार लगाई, लेकिन वह उसे बचा नहीं सका। अगल-बगल से भी कोई मदद नहीं मिली। बताया जाता है कि ललिता देवी तीन बच्चों की मां है और उसका संजय गोस्वामी के साथ पिछले 3 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। ललित ने अपने पति को मारपीट कर भगा दी थी और संजय के साथ रह रही थी। यह भी चर्चा है कि बीती रात संजय और ललित को उसके परिजन आपत्तिजनक स्थिति में देख लिए थे। इसी कारण उन्होंने संजय की पिटाई की और फिर चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी। यह भी चर्चा है कि ललिता का पैतृक ससुराल नावा बाजार थाना क्षेत्र के इटको में है और उसने वहां की जमीन बेची थी। पैसे संजय को दिए थे। पैसे के लेनदेन का भी मामला हो सकता है। हालांकि यह पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। यह भी चर्चा है कि संजय ललित को लगातार परेशान करता था। इसी कारण उसने उसकी हत्या कर दी। तमाम चर्चा के बीच पुलिस का पक्ष सामने आने पर स्थिति स्पष्ट होगी। मृतक के भाई विनोद ने कहा कि ललिता से सख्ती से पूछताछ करने पर वह पूरे मामले की जानकारी दे देगी।

### रुचिर तिवारी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने रविवार को रामगढ़ प्रखंड के,चौपरिया,बेड़मा,बभंडी पचलेवा, केल्हार में बदलाव यात्रा का के 15वां दिन जनसंपर्क अभियान किया ग्राम- बेड़मा में आम सभा किया गया। इस सभा की अध्यक्षता रामजन्म भूइंया ने की।उपस्थित लोगों से जानकारी लेकर रूचिर कुमार तिवारी जनसमस्याओं से अवगत हुए।

संस्कृत महाविद्यालय के प्रागंण में होगा शस्त्र पूजन

## दुर्गा वाहिनी की बहनें आज करेंगी शहर में पथ संचलन



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्व हिन्दू परिषद की महिला शाखा दुर्गा वाहिनी की सदस्य पंचमी के दिन सोमवार को 300 बहने शहर में पथ शक्ति संचलन करेगी। पथ संचलन संस्कृत महाविद्यालय के प्रागंण से शुरू होगा। इससे पूर्व मुख्य कार्यक्रम स्थल पर शस्त्र पूजन किया जायेगा। यह जानकारी रविवार को गीता भवन में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने पत्रकारों को बातचीत के दौरान दी। उन्होंने कहा कि शस्त्र पूजन के बाद 11 बजे से दुर्गा वाहिनी की बहनें शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण कर भारत की एकता और अखंडता का संदेश देंगी। पथ संचलन भारत माता चौक,कन्नी राम चौक, घास पट्टी, पंचमुहान, छहमुहान होते वापस संस्कृत महाविद्यालय के प्रागंण में पहुंच कर समाप्त हो जायेगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम मं प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह का बौद्धिक होगा। मौके पर उपाध्यक्ष अजीत पाठक, अनामिका सिंह, सह मंत्री अमित तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, नगर बजरंग दल संयोजक दिलीप गिरी, रूपेश सिंह, कामिनी सिंह, कनक सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा, विवेक सिंह, समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, धर्म प्रसार प्रमुख विनय गुप्ता, प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### आज होगा संवाद कार्यक्रम

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभा कक्ष में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष और संगठन मंत्री के नेतृत्व में सोमवार को एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें शहर के विभिन्न मंदिर समितियां के सदस्य, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य, अधिवक्ता परिषद के अधिवक्ता, शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा।

पूजा पंडालों की सुरक्षा को लेकर विशेष निर्देश

## दुर्गा पूजा के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पलामू पुलिस की अपील

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दुर्गा पूजा पर्व के अवसर पर शांति, सुरक्षा और सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पलामू पुलिस ने आम जनता, पूजा पंडाल संचालकों और वाहन चालकों के लिए एक महत्वपूर्ण अपील जारी की है। इस अपील का उद्देश्य त्योहार को सुरक्षित और सुचारू रूप से संपन्न कराना है ताकि सभी नागरिक उत्सव का आनंद बिना किसी बाधा के उठा सकें। पुलिस ने पूजा पंडालों की सुरक्षा को लेकर विशेष निर्देश दिए हैं। पंडाल संचालकों से अनुरोध किया गया है कि वे अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था करें और पंडाल में भीड़ नियंत्रण के लिए वालंटियर्स तैनात करें। साथ ही, आपातकालीन निकासी के लिए उचित मार्ग बनाए रखने का निर्देश भी दिया गया है। इसके साथ ही, यातायात व्यवस्था के संदर्भ में भी निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस ने वाहन चालकों से अनुरोध किया है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें और निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही अपने वाहन खड़े करें। विभिन्न मार्गों पर पुलिस द्वारा ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया जाएगा, जिसका पालन अनिवार्य होगा, ताकि यातायात बाधित न हो। ध्वनि प्रदूषण पर कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस ने पूजा पंडाल और डीजे संचालकों को ध्वनि सीमा का पालन करने के निर्देश दिए हैं। रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यह कदम आम जनता की शांति बनाए रखने के लिए उठाया गया है।




इसके अलावा, पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आम जनता की सतर्कता भी जरूरी है। पलामू पुलिस ने सभी से आग्रह किया है कि वे आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें। पुलिस ने सभी को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि यह पर्व शांति, सुरक्षा और सौहार्द के साथ संपन्न होगा।

### भाजपा किसान मोर्चा का एकदिवसीय धरना आज

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के तत्वावधान में सोमवार को 11 बजे से समाहरणालय में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार साहू शामिल होंगे। वहीं राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह,प्रमंडलीय प्रभारी राजू शाहदेव ,जिला प्रभारी रवि प्रकाश दुबे, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी जिले के सभी बीजेपी विधायक,किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यक्रम समन्वयक जितेंद्र तिवारी भी उपस्थित रहेंगे। इस बाबत जानकारी देते हुए भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ने बताया की किसान मोर्चा के प्रत्यक्ष अध्यक्ष द्वारा दिए गए निर्देश के आधार पर यह सामाजिक दिवसीय धरना कार्यक्रम रखा गया है।

## वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट जरूरतमंदों को दे रहा नए कपड़े



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नवरात्र के साथ ही त्योहारों की रौनक और कपड़ों की खरीदारी तेज हो जाती है। हर व्यक्ति, चाहे उसकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, त्योहार पर अपने और अपने परिवार के लिए नए कपड़ों की ख्वाहिश रखता है। लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए इस चाहत को पूरा करना मुश्किल होता है। ऐसे वंचितों के लिए सोचने वाली पलामू में 'वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट' एकमात्र संस्था है जो इनकी मदद के लिए आगे आती है। वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट का यह प्रयास स्थानीय समुदाय में काफी सराहा जाता है। इस बार कपड़ों का वितरण 'मेमसाहब वस्त्रालय' और 'नटखट प्ले स्कूल' के सहयोग से किया जाएगा। संस्था की ओर से छोटी बच्चियों के लिए फ्रॉक, युवतियों के लिए कुर्ती और सलवार-सूट, महिलाओं के लिए साड़ियां और पुरुषों के लिए पैंट-शर्ट वितरित किए जाएंगे। संस्था के कार्यों को देखकर कई व्यापारी और स्कूल प्रबंधन भी मदद के लिए आगे आते हैं। यदि आपके आसपास कोई ऐसा जरूरतमंद व्यक्ति है, जिसे इन त्योहारों पर नए कपड़ों की आवश्यकता है, तो उन्हें बेलवाटिका चौक स्थित वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यक्रम में भेजने का आग्रह करें।

## ऋषि एवं कृषि का समन्वित रूप है भारत की संस्कृतिः डॉ. मदन मोहन मिश्र

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत बड़कागांव के हनुमान गढ़ी में दुर्गा पूजा सह नवरात्र प्रवचन के तीसरे दिन वाराणसी से पधारे मानस कोविद डॉ. मदन मोहन मिश्र ने भारतीय संस्कृति की गहरी व्याख्या की। उन्होंने कहा कि भगवान राम का अवतार यज्ञ के माध्यम से हुआ, जो ऋषि संस्कृति का प्रतीक है। वहीं माता सीता का जन्म कृषि कर्म के दौरान हुआ, जो कृषि संस्कृति को दर्शाता है। इस प्रकार, भगवान राम और माता सीता का विवाह ऋषि और कृषि संस्कृति के अद्भुत मिलन का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति, इन दोनों संस्कृतियों के समन्वय से निर्मित है, जो विश्व के लिए



महत्वपूर्ण संदेश और गहरी शिक्षा समेटे हुए है। वहीं, वाराणसी से पधारीं मानस कोकिला सुधा पाण्डेय ने भगवान शिव द्वारा भगवान राम के बाल रूप के दर्शन की कथा का रोचक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान शिव ने पहले मदारी और फिर ज्योतिष का रूप धारण कर भगवान राम के बाल रूप का दर्शन किया। यह कथा श्रोताओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रही।कथा के प्रति श्रद्धालुओं की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। विद्वानों के द्वारा दी जा रही शिक्षा और प्रेरणा से श्रोता प्रसन्न और संतुष्ट नजर आ रहे हैं।

### मुखिया पति के निधन पर लोगों ने जताया शोक

**हरिहरगंज।** प्रखंड अंतर्गत ढकचा पंचायत की मुखिया उषा देवी के पति बलराम भुइयां (45 वर्ष) का आकस्मिक निधन रविवार हो जाने से पंचायत में शोक व्याप्त है। जानकारी के अनुसार बलराम भुइयां की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद लोगों ने इलाज के लिए हरिहरगंज ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनकी निधन हो गया। निधन की खबर सुन क्षेत्र के लोगों में मायूसी पसर गया। घटना के जानकारी मिलने पर समाजसेवी सनोज गुप्ता, राजद नेता रवि कुमार यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, विनय कुमार सिंह यादव, कुमार, सहित ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया उषा देवी से मिलकर संवेदना व्यक्त किया।

## न्यूज बॉक्स

### पलामू प्रखंड की खबरें...

### विधायक ने 78 करोड़ की लागत पुल, पुलिया एवं सड़क का शिलान्यास



**पांकी।** विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने रविवार को पांकी विधानसभा के लेस्लीगंज के बसौरा, सिताडीह, ओरिया, मुड़ाथान, जूरु, पचमो, बनुवा मे धुंवाधार सड़क एवं पुल पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास किया, इसके अलावे पांकी प्रखंड के बान्दुबार, होटवार, लोहरसी, गोंगो, चौरहा रोड सिलान्यास एवं खपरमंडा में पुल का शिलान्यास किया। पुल निर्माण सहित दर्जनाधिक गांवो मे 78 करोड़ की लागत से बनने वाली अलग अलग योजनाओं का शिलान्यास किया। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा की राज्य मे कांग्रेस -जेएमएम की सरकार है,और इस सरकार के निकम्मेपन की वजह से पांकी को अनुमंडल नहीं बनाया जा सका। केंद्र की भाजपा सरकार से संचालित हर योजनाओं से लोगो को लाभान्वित किया जा रहा है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, प्रो बच्चन ठाकुर, सुनील प्रसाद गुप्ता, रंजय ठाकुर, कमेश यादव,चंदन मौर्या, रौशन सिंह, सुरेंद्र मेहता, मुकेश प्रसाद गुप्ता, निर्मल मेहता, सुनील कुशवाहा, मुखिया मंदीप मेहता, सुधीर तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बिजली समस्या को लेकर किया प्रदर्शन

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज के विद्युत उपभोक्ताओं ने बिजली समस्या को लेकर रविवार को छतरपुर अनुमंडलीय बिजली विभाग के कार्यालय पहुंच कर धरना पर बैठकर प्रदर्शन किया। उक्त कार्यक्रम हरिहरगंज के युवा समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में किया गया, जबकि संचालन विश्वदीप कुमार ने किया। इससे पहले लोगों ने छतरपुर विद्युत कार्यालय पहुंचकर नारे लगाते हुए जमकर हंगामा किया। हंगामा के बाद उपभोक्ताओं ने धरना पर बैठ गए। उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग मुदार्बाद आदि नारे लगाए। धरना स्थल पर उपभोक्ताओं ने बारी-बारी से बिजली विभाग के कार्यकलाप की जमकर विरोध करते हुए आर-पार की लड़ाई का एलान किया। उपभोक्ताओं ने कहा कि अभी त्यौहार का समय है, पिछले 48 घंटे से पूरे हरिहरगंज क्षेत्र में बिजली गुल है। धरना प्रदर्शन के दौरान विद्युत महाप्रबंधक ने दूरभाष पर आश्वासन दिया की हरिहरगंज में बिजली से संबंधित जो भी समस्या है, उसे त्वरित निदान किया जाएगा। साथ ही हरिहरगंज के विद्युत कर्मियों को मुख्यालय बुलाकर उक्त मामले पर संज्ञान लिया जाएगा। विद्युत कनीय अभियंता गुणवंत कुमार ने खेद व्यक्त करते हुए आगे बिजली में सुधार करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में संजय जायसवाल, मृत्युंजय कुमार सिंह, संतोष प्रजापति, विकास विश्वकर्मा, सीताराम कुमार, विजय प्रजापति, अनुज कुमार, रणजीत सिंह, पिंकू गुप्ता, भवन यादव, सीताराम कुमार, उपेंद्र साव सहित कई लोग शामिल थें।

### खेलकूद से होता है शारीरिक विकास : थाना प्रभारी

**पांडू।** प्रखंड के ग्राम मुसीखाप यज्ञशाला खेल मैदान में रविवार को पांडू पुलिस द्वारा पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने की। संचालन आशुतोष पांडेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर पांडू जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भाई गोबिंद सिंह, पांडू प्रमुख प्रतिनिधि प्रदुम्न कुमार सिंह (सिंटू सिंह), प्रखंड विकास पदाधिकारी रणबीर कुमार और मुसीखाप न्यू दुगार्पूजा समिति के अध्यक्ष छोटन शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। भाई गोबिंद सिंह ने पांडू पुलिस के इस आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि यह पहला अवसर है जब पांडू थाना प्रभारी ने इस तरह का कार्यक्रम कराया है। प्रमुख प्रतिनिधि सिंटू सिंह ने कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं से बच्चों में आत्मविश्वास और निखार आएगा। बच्चों के लिए यह एक मंच है, जहां से वह अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में कई खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें 100 मीटर दौड़ (जूनियर और सीनियर), 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, लड़कियों के लिए 100 मीटर दौड़, म्यूजिक चेयर और फुटबॉल शामिल थे। थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं, लेकिन वर्तमान समय में बच्चे मोबाइल में ज्यादा समय दे रहे हैं, जो सही नहीं है। खेलकूद से न केवल शारीरिक विकास होता है बल्कि उज्जवल भविष्य भी बनाया जा सकता है, इसके लिए सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रवेश साव, हरषु शर्मा, सुरेंद्र सिंह, डॉ. राधेश्याम साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक रामबेलास सिंह, पंकज पांडेय, चंदन यादव, शिक्षक शकील हैदर, निरंजन कुमार, जय गुरुदेव प्रजापति सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पूजा स्पेशल ट्रेन परिचालन मामले में रेलखंड की उपेक्षा से यात्रियों में मायूसी

**मोहम्मदगंज।** माल ढुलाई से राजस्व में वृद्धि के लिए इस रेलखंड में थर्ड रेल लाइन का विस्तारीकरण से लेकर स्टेशनों की रिमॉडलिंग और यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी तो की जा रही है, मगर अन्य रेलखंडों की तरह पूजा स्पेशल ट्रेन परिचालन के मामले में यह रेलखंड अब तक उपेक्षित रहा है। प्राप्त सूचना के अनुसार दशहरा पर्व को लेकर भी अबतक पूजा स्पेशल ट्रेन परिचालन की संभावना नहीं है। इसकी पुष्टि रेल सूत्रों ने भी की है। ऐसे में परदेस से इस त्योहार के मौके पर घर वापसी के लिए असुविधा को लेकर इस क्षेत्र के लोगों में मायूसी है। ऐसे लोगों का कहना है कि अन्य रेलखंडों में जहां से इस रेलखंड की अपेक्षा रेलवे को काफी कम राजस्व की प्राप्ति होती है, उनमें महानगरों से कई पूजा स्पेशल ट्रेन के परिचालन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जबकि उन्हें उम्मीद थी कि बदली हुई परिस्थिति में इस रेलखंड में अवश्य ही पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा सकता है।

महायज्ञ

यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की बढ़ने लगी भीड़

## पांच दिवसीय अनुष्ठान की तैयारी जोरों पर, 12 को जलयात्रा



**6 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन एवं विद्वत संगोष्ठी का आयोजन**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के सिंगरा में आयोजित श्रीमनलक्ष्मी नारायण महायज्ञ महोत्सव की अंतिम तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। चातुर्मास व्रत के समापन के उपलक्ष्य में 11 से 17 अक्टूबर तक विशेष हवन, पूजन और कथा प्रवचन का आयोजन होगा, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से संत-महात्मा शामिल होंगे। 16 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन एवं विद्वत संगोष्ठी का आयोजन भी महायज्ञ के दौरान किया जाएगा। इससे पहले 12 अक्टूबर को यज्ञशाला में विशेष पूजा-अनुष्ठान के तहत एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा सिंगरा यज्ञ स्थल से शुरू होकर मेदिनीनगर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए यज्ञ स्थल पर ही समाप्त होगी। शोभायात्रा के दौरान अमानत नदी से मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरा जाएगा, जिसे यज्ञ मंडप में प्रतिस्थापित किया जाएगा। 11 से 17 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक देश के विभिन्न हिस्सों से आए पीठाधीश्वरों और संतों द्वारा रामकथा और भागवत कथा सुनाई जाएगी। जैसे-जैसे यज्ञ का समय नजदीक आ रहा है, यज्ञ स्थल पर संध्या प्रवचन और प्रातः आरती में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों से वैष्णव संप्रदाय के अनुयायी, श्रद्धालु और संत-महात्मा यज्ञ में भाग लेने के लिए सिंगरा पहुंच रहे।

### जलयात्रा में कोई भी महिला या पुरुष भाग ले सकता है

श्री त्रिदंडी लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी प्रतिदिन शाम 5 बजे से 6 बजे तक श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा प्रस्तुत कर रहे हैं। स्वामी जी ने बताया कि जलयात्रा में कोई भी महिला या पुरुष भाग ले सकता है। इसके लिए किसी से पूछताछ या नाम दर्ज कराने की आवश्यकता नहीं है। श्रद्धालु अपने कलश की व्यवस्था स्वयं करेंगे। वे 12 अक्टूबर को सुबह 11 बजे तक यज्ञ स्थल पर पहुंच सकते हैं। स्वामी जी ने यह भी कहा कि जलयात्रा में भाग लेने के लिए श्रद्धालुओं को स्वच्छ वस्त्र धारण करने और पवित्र भोजन ग्रहण करने का सुझाव दिया गया है।

## सार्वजनिक यूरिनल की दुर्दशा, आम लोगों को हो रही परेशानी

**निगम ने नहीं ली सुध, स्थानीय लोग परेशान**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर क्षेत्र के मुंसफ रोड जेलहाता स्थित सार्वजनिक यूरिनल कई वर्षों से बेकार पड़ा हुआ है, जिससे आम लोग इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। यह यूरिनल बस स्टैंड से कुछ कदम की दूरी पर है और छतरपुर तथा हरिहरगंज जाने वाली गाड़ियों का भी पड़ाव यहीं होता है। पहले इस यूरिनल का सैकड़ों लोग उपयोग करते थे, जो आने-जाने वाले राहगीरों के लिए भी सुविधाजनक था। परंतु, देखरेख के अभाव में यह वर्षों से बेकार हो चुका है। इस क्षेत्र में दर्जनों दुकानें, कोचिंग संस्थान और अस्पताल हैं। यूरिनल से उठती दुर्गंध के कारण दुकानदारों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय दुकानदार शिव चौरसिया ने बताया कि कई बार इस यूरिनल को हटाने या इसे ठीक करने की मांग की गई, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। स्थानीय लोगों ने इसे बांस आदि से ढक दिया है, लेकिन फिर भी लोग इसका गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। जज कॉलोनी भी इससे महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित है, बावजूद इसके कोई सुधार कार्य नहीं हुआ।



### शहर में जल्द बनेंगे मॉड्यूलर शौचालयः सिटी मैनेजर

इस बाबत सिटी मिशन मैनेजर सतीश कुमार ने बताया कि इस यूरिनल को जल्द ही हटाया जाएगा और इसके स्थान पर नया मॉड्यूलर शौचालय बनाने की योजना निगम की है। उन्होंने कहा कि शहर के कई स्थानों को चिन्हित करके मॉड्यूलर शौचालय बनाए जाएंगे, और पूर्व से बेकार पड़े इन यूरिनल्स को जल्द ही हटाकर बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

# डैम में नहाने के क्रम में डूबा था युवक

## 64 घंटा बाद अन्नराज डैम से शव बरामद



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव स्थित अन्नराज डैम में डूबे हुए युवक का शव पुलिस ने 64 घंटे बाद बरामद कर लिया है। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी है। जहां से शव को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करा कर परिजन को सौप दिया। जानकारी के अनुसार रविवार को अहले सुबह स्थानीय लोगों ने गढ़वा पुलिस को सूचना देकर बताया कि डैम में डूबा हुआ युवक का शव डैम के किनारे में पड़ा हुआ है। इसके बाद गढ़वा पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना देते हुए घटनास्थल पर पहुंची। जहां से शव कब्जे में लेकर सदर अस्पताल भेज दी। बताते चले की गुरुवार की दोपहर पिंटू गुप्ता अपने तीन साथियों के साथ अन्नराज डैम में वोटिंग करने गया था। इस दौरान वह गहरे पानी में जाकर वोट से उतरकर नहाने लगा। इसी बीच वह डूब गया था। उसके बाद जिला प्रशासन ने एनडीआरएफ की टीम को ढूंढने के लिए बुलाया था। शनिवार के पूरे दिन एनडीआरएफ की पूरी टीम उसके शव को तलाश करती रही। लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। रविवार की सुबह डैम के किनारे पर शव तैरता हुआ पाया गया। मृतक के तीनों दोस्तों को पुलिस हिरासत में लिए हुए हैं। मृतक के परिजनों ने अभी तक किसी भी तरह का आवेदन नहीं दिया है। मृतक के परिजनों के आवेदन के आधार पर प्राथमिक की दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच के क्रम में मृतक के तीनों दोस्त दोषी पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध विधि संवत करवाई किया जाएगा।

### शक के दायरे में है मृतक के तीनों दोस्त

अन्नराज डैम में डूबने से पिंटू की मौत हुई है, उसके तीनों दोस्त शक के दायरे में हैं। पुलिस बयान के दौरान दोस्तों ने एक दूसरे पर पिंटू को धक्का देने का आरोप लगाया था। इसके बाद पुलिस ने तीनों को उसी दिन से हिरासत में ले ली है। लगातार तीनों से पूछताछ किया जा रहा है। थाना प्रभारी ब्रिज कुमार ने बताया कि इस मामले में उसके परिजन के द्वारा किसी प्रकार का आवेदन नहीं दिया गया है। उनके परिजनों को थाना बुलाया गया है। उसके परिजन के द्वारा अगर आवेदन प्राप्त होता है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### ठाकुर अनुकूलचंद्र के अनुयायियों ने साप्ताहिक सत्संग किया

**श्री बंशीधर नगर।** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बंदे पुरुषोतम ध्वनि व शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिकनाम, जप, ध्यान, सत्यानु शरण ग्रंथ,नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया। संगीतांजली कार्यक्रम में राजकुमारी देवी, वृन्दा देवी व सत्यवंती देवी ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा करते हुए सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने नवरात्रि के अवसर पर सभी सत्संगियों को शुकमनायें देते हुए कहा कि यदि हम सब प्रतिदिन अपने माता-पिता व गुरु की आज्ञा का पालन करते हैं तो हम सबों को मां भगवती की कृपा अवश्य प्राप्त होगी। सत्संग में संजय दा, गोविन्द दा, अजय दा,श्रीकांत कुमार, भोला प्रसाद,मधुबाला देवी, चांदनी सहित अन्य सत्संगी उपस्थित थे।

### टेंपो- कार की टक्कर में आधा दर्जन घायल

**केतार।** भवनाथपुर मुख्य पथ पर भगवान घाटी के उपर टेंपो व कार की आमने-सामने की टक्कर में आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घटना के बाद टेंपों चालक घटनास्थल पर टेंपो छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार यात्रियों से भरा टेंपों भवनाथपुर जा रही थी। दूसरी तरफ कार पर सवार लोग केतार में अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इस क्रम में तीखी मोड़ पर तेज रफ्तार टेंपो अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आरही कार में टक्कर मार दिया।

## भाजपा का बूथ स्तरीय सम्मेलन

**खरौंधी।** रविवार को खरौंधी मंडल में 48 बूथ अध्यक्षों के लिए एक महत्वपूर्ण बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम खरौंधी हाई स्कूल के ग्राउंड में संपन्न हुआ, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह विधायक भानु प्रताप शाही ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। शाही ने कार्यकताओं को आगामी चुनावों के लिए मूल मंत्र देते हुए पार्टी के बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में भाजपा के विभिन्न स्तरों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विशेष रूप से जिला कार्य समिति के सदस्य, मंडल कार्य समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य, सभी सात मोर्चा के अध्यक्ष, पंचायत संयोजक और सह संयोजक, विधायक प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि जैसे प्रमुख कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने पार्टी संगठन को मजबूत बनाने और बूथ स्तर पर कार्यकताओं के महत्व पर जोर दिया।

## आवास के अभाव में रिश्तेदार के घर रहने को विवश



नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे आवास योजना से आज भी जरूरतमंद गरीब मजदूर वंचित है। इस योजना का लाभ जो देगा वो लेगा वाला हाल है, इसका खुलासा अभी वर्तमान में हुए आवास योजना के सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट ) में हुआ है। बता दें कि टंडवा पंचायत के पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया और मुखिया का वित्तीय प्रभार से मुक्त कर किया जा चुका है। इस पंचायत के रामजीत पासवान की पत्नी रानी देवी बताया कि उसके पति बाहर कमाते है। इतना आमदनी नहीं है कि घर बना सकें। आवास के लिए बार बार आवेदन देने के बाद भी आवास नहीं मिला। इस कारण एक ही कमरा के खपरैल मकान में रहने को विवश है। इस खपरैल मकान में दो बच्चों के साथ रहना, एक तरफ खाने के समान और इसी में भोजन बनाना पड़ता है। बरसात के मौसम में पूरा घर पानी के नमी से सिड़ जाता है। जिससे इस घर में सो भी नहीं पाती हैं। इस वजह से वह रिश्तेदार के घर में वर्तमान में रह रही हैं।

## अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा नवनिर्मित अस्पताल



नवीन मेल संवाददाता

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय में 30 बेड का सामुदायिक अस्पताल का उद्घाटन स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथलेश ठाकुर ने रविवार को किया। यह क्षेत्र की बहुत पुरानी मांग थी। अस्पताल 30 बेड के साथ बहुत सारी व्यवस्थायुक्त है। इसमें लगभग 45 स्टाफ की जरूरत होगी। वैक्सीनेशन स्टोर की सुविधा, डिलीवरी, एक्सीडेंट सुविधा 24 घंटा उपलब्ध होगा। इसके अलावा अल्ट्रासाउंड कराने की व्यवस्था होगी। अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट होगा जो 30 बेड से जुड़ा रहेगा। इमरजेंसी सेवा ओटी रहेगा जो वतानूकलित होगा। हालांकि अभी अस्पताल में मात्र एक एमबीबीएस डॉक्टर, एक डेंटिस्ट, तीन एएनएम, एक लैब टेक्नीशियन, एक फार्मासिस्ट, एक एमपीडब्ल्यू है। आयुष के एक चिकित्सक वह चलंत के चिकित्सा सहायक 6 है। अस्पताल का उद्घाटन तो हो गया। सारी व्यवस्था होना अभी बाकी है। अगर सभी स्टाफ व सभी तरह के सुविधाओं से लैस होगा तभी क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए सुविधाजनक हो पाएगा।

### लायंस क्लब ने टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार का वितरण किया

गढ़वा लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के द्वारा विश्व लायंस सेवा सप्ताह के तहत रविवार को क्लब कार्यालय मझिआंव मोड़ गढ़वा में क्लब अध्यक्ष नन्दलाल प्रसाद की अध्यक्षता में गोद लिए टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। लायंस इंटरनेशनल के फूड फॉर हंगर के तहत इस मौके पर अध्यक्ष नन्दलाल प्रसाद ने बताया कि पिछले कई वर्षों से लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल ने 10 टीबी मरीजों को गोद लिया गया है। जब तक टीबी मरीज बिलकुल स्वस्थ नहीं हो जाते तब तक क्लब कि ओर से उन्हें हर महीने पौष्टिक आहार दिया जाता है। जैसे जैसे मरीज ठीक हो जाते है तो हम लोग सदर अस्पताल गढ़वा के सहयोग से फिर से 10 गरीब असहाय जरुरतमंद मरीजों को गोद लेते हैं। वहीं उन्हें पौष्टिक आहार हम लोग अपने क्लब कि ओर से देते हैं। सबसे खुशी कि बात ये है कि लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के सहयोग से अब तक सैकड़ों टीबी मरीज स्वास्थ होकर अपने खुशियों भरी जीवन जी रहे हैं। मौके पर ब्रजमोहन प्रसाद, डॉ अर्जुन विश्वकर्मा, गिरिश कमलापुरी समेत बहुत सारे लायंस विशाल परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### प्रधान जिला जज सहित आध दर्जन जजों ने मां चतुभुर्जी भगवती के दरबार में मत्था टेका



**केतार।** गढ़वा न्यायालय के प्रधान जिला जज नलिन कुमार, सीजेएम विपुल कुमार, डीएलएसए रवि चौधरी, सीजे मुंसिफ, अभिनव कुमार त्रिपाठी, जज महेन्द्र पंडित एवम वंशीधर नगर न्यायालय के जज शैलेन्द्र कुमार नापित ने रविवार को मां चतुभुर्जी भगवती मंदिर में दर्शन पूजन कर जिले में अमन -चैन एवं खुशहाली की कामना की। दर्शन पूजन के बाद प्रधान जिला जज सहित सभी लोगों ने मंदिर परिसर का अवलोकन कर मंदिर परिसर की सफाई मंदिर की भव्यता एवं प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना किया। जजों ने कहा कि मां चतुभुर्जी भगवती के दरबार में दर्शन पूजन कर मन को सुकून मिला।मां के दर्शन पूजन करने की बड़े दिनों से मन में लालसा थी जो आज पूरी हुई। जजों ने मंदिर के उतरोत्तर विकास की कामना करने के साथ ही आगंतुक पुस्तिका में मंदिर विकास समिति के द्वारा मंदिर की साफ- सफाई एवं सजावट सहित चाक चौबंद व्यवस्था की प्रशंसा की। मंदिर विकास समिति के सचिव हेमंत पाठक को धन्यवाद दिया। दर्शन पूजन के बाद सभी जजों को मंदिर विकास समिति के सचिव हेमंत पाठक, कोषाध्यक्ष विनोद भगत, बिंदु राम, पंकज कुमार ने मां चतुभुर्जी भगवती की मूर्ति एवं चुनरी भेंट कर सभी जजों का स्वागत किया।

### झारखंड सरकार से जनता त्रस्तः अलखनाथ पांडेय

**गढ़वा।** वरिष्ठ भाजपा नेता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार से गढ़वा सहित पूरे झारखंड की जनता त्रस्त है। सत्ता में आने से पहले विभिन्न तरह के वादे किए गए थे। जिसको पूरा करने में वर्तमान सरकार पूरी तरह से विफल रही है। झारखंड में चल रही गठबंधन की सरकार ने झारखंड की जनता के साथ अन्याय किया है। झामुमो सरकार जितना झूठ बोल सकती थी उतना झूठ बोलकर आगे बढ़ती गई। इस सरकार में करोड़ों का घोटाला हुआ है। वर्तमान सरकार ने झारखंड की जनता की भावनाओं को आहत किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य की जनता अपना मन बना चुकी है। इस बार होने वाला विधानसभा चुनाव में राज्य में चल रही गठबंधन और झामुमो की सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। राज्य में वर्तमान सरकार ने लूट मचा रखी है। यह सरकार केवल चुनाव जीतने के लिए वोट मांगती है और जनता से झूठ बोलती है। इस राज्य में व्याप्त कुशासन महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और राज्य की जनता के साथ हो रही धोखाधड़ी को समाप्त करने के लिए राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ हो रहा है। गठबंधन की सरकार को जनता की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी है जो सभी वर्ग के लोगों को सुरक्षित रख सकती है। वहीं सभी वर्ग के लोगों को एक साथ लेकर एक साथ चलने का काम करती है।

### चुनाव को लेकर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



**श्री बंशीधर नगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गढ़वा के निर्देश पर आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन के लिए प्लस टू उच्च विद्यालय में रविवार को सभी शिक्षकों, सहायक अध्यापकों, पदाधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्वों से सबंधित प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित किया गया था प्रथम पाली में नगर उंटारी प्रखंड के सभी शिक्षक व सहायक अध्यापकों तथा द्वितीय पाली में रमना प्रखंड के सभी शिक्षक,सहायक अध्यापकों, नगर उंटारी व रमना प्रखंड व अंचल के पदाधिकारियों व कर्मियों सहित अन्य विभागों के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी चुनाव कर्मियों को चुनाव के पूर्व, चुनाव के दिन और चुनाव के पश्चात के कार्यों के बारे में विधिवत जानकारी दी गई। उन्हें मतदान केंद्र पर वोटिंग कंपार्टमेंट बनाने, बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं भीभी पैट को सही तरीके से जोड़ने, मॉक पोल प्रक्रिया, मतदान की शुरूआत से लेकर समाप्ति तक की प्रक्रिया की जानकारी विस्तार से दिया गया। साथ ही चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता हेल्पलाइन ऐप की जानकारी दी गयी। चुनाव प्रक्रिया में की जाने वाली आम गलतियों, इवीएम एरर, वेब कास्टिंग, एवं पोलिंग बूथ के लेआउट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अमित शुक्ला,अविनाश सिन्हा, प्रदीप श्रीवास्तव, श्रीवत्स गर्ग,प्रदीप कुमार, अखिलेश प्रसाद,अविनाश कुमार, अमित शुक्ला,विकास पांडेय,सतीश चौबे,सूर्यकांत शर्मा, अरविंद कुमार यादव सहित सभी मास्टर प्रशिक्षक तथा बड़ी संख्या में मतदानकर्मी उपस्थित थे।

## चुनाव को लेकर कर्मियों को मिला प्रशिक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गढ़वा के निर्देश के आलोक में रविवार को राजकीय कृत गोविंद प्लस टू उच्च विद्यालय गढ़वा के15 कमरों में प्रथम पाली में गढ़वा प्रखंड के सभी शिक्षक, सहायक अध्यापक एवं पीएनबी, जेआरजीबी ,बंधन बैंक, बैंक आफ इंडिया एवं यूनियन बैंक के सभी पदाधिकारी, कर्मी प्रशिक्षण प्राप्त किये। जबकि द्वितीय पाली में उपर्युक्त बैंक को छोड़कर शेष सभी बैंक एवं सभी अन्य कार्यालयों, समाहरणालय, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के सभी पदाधिकारी कर्मी प्रशिक्षण में भाग लिए। सभी मतदान कर्मियों को उनके कार्य एवं दायित्व के बारे में सभी मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया ।इस प्रशिक्षण में सभी मतदान कर्मियों को वोटिंग कंपार्टमेंट बनाने, बियू, सीयू और वीवि पैट को कनेक्ट करने, मॉक पोल की पूरी प्रक्रिया, मतदान प्रारंभ से लेकर मतदान समाप्ति तक की पूरी प्रक्रिया के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से पीपीटी को दिखाते हुए बताया गया। साथ ही चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए विभिन्न ऐप जैसे- मतदाता सेवा पोर्टल, मतदाता हेल्पलाइन ऐप, सक्षम ऐप, सी.विजिल ऐप इत्यादि के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही चुनाव प्रक्रिया में की जाने वाली आम गलतियां, इवीएम में आने वाले विभिन्न एरर, वेब कास्टिंग, पोलिंग बूथ का लेआउट से संबंधित बहुत सारी जानकारियां दी गई। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र कुमार, देवेंद्र नाथ उपाध्याय, शांतनु चौबे, राजेश कुमार चौबे, नंदू चौबे, जगन्नाथ राम नितिन कुमार तिवारी , बलदेव कुमार मिश्रा, सीडी सिंह प्रेम तिवारी, बृजभूषण पांडेय, सतीश चौबे, विवेकानंद पांडेय, सुनील कुमार विश्वकर्मा, हरिनंदन त्रिपाठी, सहित सभी मास्टर प्रशिक्षक उपस्थित थे। वहीं प्रशिक्षणार्थी के रूप में मो एनाम खान, यहमुद्दीन अंसारी, सलीम अंसारी, मनोज कुमार, मृत्युंजय पाठक, अब्दुल मोतल्लीब अंसारी आदि उपस्थित थे।

### मक्का मदीना जाने वालों जायरिनो को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के चेचरिया स्थित विश्वनाथ पैलेस में रविवार को तबीब टूर एंड ट्रेवल्स द्वारा हज व उमरा पर मक्का मदीना जाने वालों जायरिनो को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनर तबीब आलम,हजरत अल्लामा मुफ्ती महम्मूद आलम,मौलाना मुफ्ती अली उजमा मिस्बाही,मौलाना एजाज अंजुम,मौलाना अमीरुद्दीन साहब ने मक्का मदीना उमरा पर जाने वाले जायरीनो को ट्रेनिंग दिया। उन्होंने कहा कि उमरा करने का तरीका एहराम पहनना हैं, जो उजला कलर लूंगी और चादर पहनकर उमरा किया जाता है। उन्होंने कहा कि अल्लाह का घर खाने ए काब्बा व तवाफ करना साफा और मरवा पर दौड़ लगाना तथा सिर का छिलवना होता हैं। उपस्थित लोगो ने कहा कि साल में हज एक बार किया जाता है, लेकिन उमरा साल में कभी भी किया जा सकता है।

### एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग को ठेकेदारी में आरक्षण नहीं मिलने से निराशा

**डंडई।** एससी, एसटी, ओबीसी जातियों को ठेकेदारी पेसा में आरक्षण बहाल करने का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किया गया चुनावी घोषणा आज तक जुमला बनकर रह गया। हेमंत सोरेन सरकार का कार्यकाल पूर्ण होने में महज अब कुछ ही दिन का समय शेष बच गया है, लेकिन अभी तक उनके द्वारा उक्त घोषणा को अमली जमा नहीं पहनाया जा सका। वहीं ठेकेदारी पेसा में आरक्षण बहाल होने को लेकर अब तक आशान्वित रहे एससी एसटी और ओबीसी जाति के निबंधीत समवेदकों का सब्र अब पूरी तरह टूट गया। समवेदक बाल विनोद यादव, कुलदीप नारायण सिंह, उमाशंकर यादव, कुंदन मेहता, सुमंत लाल का कहना है कि ठेकेदारी पेसा में आरक्षण बहाल करने को लेकर हम सभी को सरकार से काफी उम्मीदें थी। चुनाव के दौरान घोषणा किया जा रहा है उसे सरकार बनने के बाद उनके द्वारा अवश्य पूरा किया जाएगा, लेकिन आज तक वह घोषणा पूरा नहीं हो सकी।

## मानवाधिकार संगठन ने लिया बच्चा भुइयां के मौत का जायजा

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** मानवाधिकार संगठन का पांच सदस्य टीम रविवार को मृतक बच्चा भुइयां के घर पहुंचा। मृतक के घर पहुंचे टीम के सदस्यों के द्वारा सबसे पहले मृतक के परिजनों से मुलाकात कर घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही उनके द्वारा शव का दाह संस्कार के बारे में भी लंबी पूछताछ किया गया। उनके पूछताछ में परिजनों ने 12 बजे रात्रि में पुलिस द्वारा शव का दाह संस्कार करने की बात बताई गई। उसके अलावा टीम के सदस्यों के द्वारा परिजनों के घर का भ्रमण कर उसकी माली हालात का भी पता लगाया गया। इस बीच पीड़ित परिवार के घर में मात्र दो बोरी आटा के अलावा कुछ भी खाद्य पदार्थ नहीं पाया गया। टीम के सदस्यों द्वारा काफी नाराजगी व्यक्त किया गया। उनके द्वारा कहा गया कि जो सरकारी व्यवस्था के तहत पीड़ित परिवार को लाभ मिलना चाहिए था वह अभी तक नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि अंत्येष्टि सहायता योजना के तहत पीड़ीत परिवार को जो 3000 की राशि सरकार की ओर से उपलब्ध कराया जाता है न तो वह उपलब्ध कराया गया है और न ही पारिवारिक लाभ योजना के तहत 30 हजार की राशि उपलब्ध कराया जाता है। वह भी अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। प्रेस वार्ता कर मानवाधिकार संगठन आयोग के पदाधिकारी ने बताया कि थाना के बाल कक्ष ग्रह में कथित तौर पर जो बच्चा भुइयां का मौत हुआ है उसमें अगर सच्चाई थी तो पुलिस पदाधिकारी को 12बजे रात्रि में शव की अंत्येष्टि करने की क्यों जरूरत पड़ी। उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारी द्वारा जितने भी शव का पोस्टमार्टम कराया जाता है पोस्टमार्टम के बाद उसे उनके द्वारा परिजनों के हाथों में सौंप दिया जाता है। मामले में टीम के सदस्यों ने उच्च न्यायालय में पीआईएल दायर करने की बात कही। प्रेस वार्ता में मानवाधिकार संगठन के महासचिव शोएब खान, राष्ट्रीय सदस्य एसएन पाठक, विनय पाल, पंकज चौबे आदि उपस्थित थे।

## कार्यक्रम | कल होगा खोण्हर महोत्सव का आयोजन

# भोजपुरी गायक कल्पना गढ़वा वासियों को झुमाएंगी




### मिथिलेश ठाकुर मंदिर परिसर में भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** प्रखंड के गिजना गांव स्थित प्राचीन बाबा खोण्हर नाथ महादेव मंदिर परिसर में आठ अक्टूबर को खोण्हर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से आयोजित इस महोत्सव में राष्ट्रीय स्तर की सुप्रसिद्ध गायिका कल्पना सहित कई अन्य प्रसिद्ध कलाकारों की टीम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। इस दौरान गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर मंदिर परिसर में भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। इस संबंध में मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम में पूजा अर्चना, भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण के बाद प्रसाद वितरण और भंडारा के बाद राष्ट्रीय स्तर की गायिका कल्पना पटवारी सहित अन्य प्रसिद्ध कलाकारों की टीम की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

### खोंहर मोहत्सव को राजकीय महोत्सव बनाने की तैयारी

सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजकीय मानभूम छउ नृत्य कला केंद्र सिल्ली रांची के कलाकार मानभूम छउ नृत्य, सुबोध प्रमाणिक एवं टीम रांची द्वारा पाईका नृत्य, सुखराम पाहन एवं टीम खूंटी द्वारा मुंडारी लोकगीत, नृत्य,की प्रस्तुति की जाएगी। मंत्री ने बताया कि बाबा खोंहर नाथ महादेव मंदिर पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड की सूची में शामिल है। खोंहर महोत्सव राजकीय महोत्सव बनने की ओर अग्रसर है। यह कार्य प्रक्रियाधीन है। शीघ्र ही मान्यता प्रदान कर दी जाएगी।

### शिक्षक अभिभावक गोष्ठी में विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति पर चर्चा

**मेराल।** पाराडाइज पब्लिक स्कूल में लखेया रोड स्थित रविवार को प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव के अध्यक्षता में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक गुणवत्ता की समीक्षा की गई। बैठक में विद्यालय के निदेशक इमाम ने सभी अभिभावकों से छात्र छात्राओं की समस्याओं पर बारी-बारी से अवगत हुए। इसके बाद निदेशक ने शिकायतों के समाधान के लिए अभिभावकों को आश्वासन दिया। बैठक में ही उन सभी समस्याओं पर समीक्षा कर विद्यालय के शिक्षकों को आवश्यक निर्देश भी दिया गया। बैठक में बच्चों के पठन-पाठन पर भी मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर इंजीनियर इमाम ने कहा कि गोष्ठी के आयोजन होने से अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच तालमेल बना रहता है।

## डीईओ ने कराया दिव्यांग शिक्षक का योगदान, सराहना



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा ने इंसानियत का परिचय दिया। वे अपने कार्यालय से नीचे उतर कर मध्य विद्यालय चित विश्राम बंशीधर नगर में कार्य करने को लेकर दिव्यांग शिक्षक महेंद्र पांडेय को योगदान कराया। इस अवसर पर शिक्षक महेंद्र पांडेय ने कहा कि जब जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचना मिली कि एक दिव्यांग शिक्षक योगदान करने को लेकर आया है तो जिला शिक्षा पदाधिकारी बिना देर किए अपने कार्यालय से नीचे उतर कर योगदान कराया। उन्होंने कहा कि डीईओ साहब का यह कार्य महानता का परिचायक है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के इस व्यवहार से उक्त शिक्षक के आंखों से आंसू छलक गया। शिक्षक महेंद्र पांडेय का भतीजा सुशील पांडेय ने बताया कि उनके चाचा महेंद्र पांडेय का इलाज बी एच यू बनारस से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महेंद्र पांडेय शुरू में पारा शिक्षक थे। वर्ष 2015 में सरकारी शिक्षक बने। सरकारी शिक्षक बनने के बाद उनकी नियुक्ति पलामू जिला के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेनीखुर्द जपला में हुई। लेकिन पिछले मई 2023 से वे अस्वस्थ रहने लगे। शुगर बीमारी से वे ग्रसित हैं। उन्होंने कहा कि उनके पैर के अंगूठा में पिछले वर्ष एक जख्म हो गया था। जख्म को ठीक करने के लिए चिकित्सकों के द्वारा अंगूठा से पानी निकाला गया। बावजूद इसके जख्म ठीक नहीं हुआ। इसके बाद उनका अंगूठा काटा गया।इसके बाद भी उनका जख्म ठीक नहीं हो सका। इसी तरह जख्म बढ़ने के कारण उनके पैर के पांचो उंगलियां को काटने के बाद घुट्टी तक काटा गया। इसके बाद भी जख्म में कोई सुधार नहीं हुआ। तत्पश्चात चिकित्सकों के द्वारा घटना के दो उंगली नीचे तक पैर को काट दिया गया। वहीं प्लास्टिक सर्जरी कर दी गई। बावजूद इसकेजख्म पूरी तरह ठीक नहीं होता दिख रहा है। ऐसे में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें कैंसर से भी असाध्य गैंग्रीन नामक बीमारी है। पैर काटने के बाद वे मध्य विद्यालय चित्र विश्राम में कार्य करने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी के पास योगदान करने को लेकर आए थे। जहां जिला शिक्षा पदाधिकारी की इंसानियत को देखकर लोग आश्चर्यचकित रह गए।जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने कार्यालय से नीचे उतर कर उन्हें योगदान कराया। इस अवसर पर उनके साथ शिक्षक राम लला मिश्र, लेखापाल प्रदीप शुक्ल एवं उनकी पत्नी उपस्थित थी। शिक्षक राम लला मिश्र ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से मांग किया है कि महेंद्र पांडेय का स्थानांतरण स्थाई रूप से मवि चित्त विश्राम में किया जाय।

## एक नजर

### सांसद ने हनुमान मंदिर में की पूजा

**कान्हाचट्टी (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत चतरा-चौपारण मुख्य सड़क स्थित पांडेय महुआ चौक के पास हनुमान मंदिर में भाजपा सांसद कालीचरण सिंह ने रविवार को पूजा-अर्चना किया। इससे पूर्व सांसद श्री सिंह को भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। उसके बाद हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना किया और क्षेत्र के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इसके बाद कान्हाचट्टी प्रखंड भ्रमण के लिए रवाना हुए। मौके पर जितेंद्र सिंह, सौरभ सुमन, प्रेमजीत पांडेय, प्रसादी पासवान सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा कमेटी का गठन

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय के भंडार चौक के पास अंबेडकर भवन में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक जिला अध्यक्ष पप्पू यादव की अध्यक्षता में हुई। पप्पू यादव ने कहा कि पूर्व में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा झारखंड खतियानी संघर्ष समिति के नाम से जाना जाता था, लेकिन चुनाव आयोग ने इसका नाम झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नाम कर दिया है। सर्वसम्मति से रविवार को प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष सुनील कुमार रवि, नागेंद्र प्रसाद, सचिव मुकेश कुमार, उपसचिव सुखराम उरांव, मिंटू लोहरा, पिंटू कुमार, अमलेश कुमार रवि, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार, मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार यादव, सदस्य संदीप उरांव, प्रकाश कुमार राम, राजू कुमार, कुलदीप राम, मनजीत कुमार को बनाया गया है। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में जिला कमेटी के पदाधिकारी ललसू राम मौजूद थे।

### बुजुर्ग दुर्घटना का शिकार पहचान अब तक नहीं

**बारियातु।** बारियातु सिमरिया सिमांत क्षेत्र में शनिवार की मध्य रात्रि में एक बुजुर्ग सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। बारियातु थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया कि अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय पुलिस के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में देर रात भर्ती कराया गया है। बुजुर्ग की स्थिति गंभीर बनी हुई है, लेकिन इलाज जारी हैं। बुजुर्ग की पहचान नहीं होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए बाहर नहीं ले जाया जा सका है। साथ ही उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील की है कि बुजुर्ग व्यक्ति को पहचाने वाले उनके परिजनों तक जानकारी पहुंचायें। इसके अलावा बारियातु थाना मो. न.8825335189 में संपर्क करें।

बूथों पर मूलभूत व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न मतदान केंद्रों व हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान केन्द्रों में आवश्यक बुनियादी सुविधाओं को बहाल करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा संयुक्त रूप से महुआडांड प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही मूलभूत सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में बूथ संख्या 260, 261, 320, 301, 316, 264, 265, 277 का निरीक्षण कर बूथों पर बिजली, शुद्ध पेयजल, शौचालय, रैंप, साफ सफाई ,कर्मियों के रहने की व्यवस्था, कुर्सी टेबल इत्यादि सुविधाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में हेलीपैड स्थल, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, नेतरहाट, सरकारी मध्य विद्यालय, ओरसा, स्कूल ग्राउंड,हरमुंडा, कुरुंड ग्राउंड, पुलिस पिकेट बंसकर्चा, मध्य विद्यालय, चटकपुर मैदान स्थित हेलीपैड का भी निरीक्षण कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बूथों पर मूलभूत सुविधाओं को लेकर अंचल अधिकारी, महुआडांड़ को आवश्यक निर्देश दिया। मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था की जांच करते हुए केंद्र परिसर की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा बूथ निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बीएलओ, सुपरवाईजर को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता अपने मत का उपयोग सुनिश्चित कर सकें। मौके पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अंचल अधिकारी महुआडांड़ संतोष बैठा, डीएसपी महुआडांड़, संबंधित थाना प्रभारी, व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### उपभोक्ताओं को बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र बांटा गया

**कान्हाचट्टी (चतरा)।** राजपुर थाना के समीप मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुरेश साहू, बिजली विभाग के जेई प्रेम कुमार दास, लाइनमैन विजय प्रजापति, जसवंत कुमार गुप्ता, परमानंद कुमार प्रजापति व शशि कुमार सिंह द्वारा मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत 200 यूनिट से कम खर्च करने वाले उपभोक्ताओं के बकाया घरेलू बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र का वितरण किया। जेई श्री दास ने बताया की झारखंड सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में अगस्त माह 2024 तक के बकाया बिजली बिल माफ कर दिया गया है। वहीं बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र पाते ही उपभोक्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का पूजा पंडाल होगा आकर्षण का केंद्र



**इटखोरी (चतरा)।** जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति परोका कला के द्वारा वर्ष 1993 से दुर्गा पूजा का आयोजन विधि विधान से किया जा रहा है। हजारीबाग हिंदू स्कूल के प्राचार्य स्वर्गीय बद्री प्रसाद के नेतृत्व में पहली बार 1993 में पूजा प्रारंभ किया गया था। प्रथम वर्ष में पूजा तिरपाल डाल कर किया गया था। प्रारंभ में पूजा के आयोजन में रोमी निवासी विनय कुमार सिन्हा, स्व. किंकर सिंह, परोका निवासी बसंत नारायण सिंह, स्व. नरेश प्रसाद, लक्ष्मी सिंह, अवधेश प्रसाद आदि की अहम भूमिका रही। आज के समय में समिति द्वारा आकर्षक पंडाल बनाया जाता है। जो आकर्षक का केंद्र बना रहता है। वर्तमान में पूजा समिति के अध्यक्ष गौतम सिंह, सचिव बिजेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष रणधीर सिंह, पूजा प्रभारी सुनील राणा, चंदा प्रभारी राहुल सिंह एवं उत्तम राणा, रावण प्रभारी अनिल राणा, मेला प्राभारी गिरजेश प्रसाद समेत सभी सदस्य पूजा तैयारी में अहम योगदान दे रहे हैं। समिति के अध्यक्ष व सचिव का कार्य सराहनीय रहा है। वहीं समिति द्वारा हर शाम बडे पर्दे पर श्री कृष्ण लीला दिखाई जा रही है। जबकी समिति द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से हर वर्ष पूजा संपन्न किया जाता है। विजयदशमी के दिन शाम 5 बजे रावण का विशाल पुतला दहन किया जाता।

## दुर्गा पूजा को लेकर लोगों में उत्साह सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था

**लातेहार।** जिला में दुर्गा पूजा और दशहरा का त्यौहार पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करने के लिए लातेहार पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है। अगर कोई भी असामाजिक तत्व इस दौरान माहौल को खराब करने का प्रयास करेगा तो उसकी खैर नहीं होगी। लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस चप्पे-चप्पे पर नजर बने हुए है। सीसीटीवी से लेकर ड्रोन कैमरा तक का उपयोग सुरक्षा की निगरानी में की जा रही है। दरअसल, लातेहार जिला वैसे तो सामाजिक सौहार्द के मामले में काफी बेहतर जिला माना जाता है, लेकिन कहीं-कहीं कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा शरारत कर माहोल को बिगाड़ने का प्रयास भी किया जाता है, हालांकि पिछले तीन वर्षों के रिकॉर्ड में जहां भी ऐसी सूचना मिली, वहां पुलिस के द्वारा तत्काल एक्शन लेते हुए माहौल को सामान्य बना दिया गया था।



पुलिस के द्वारा इस बार भी सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है अगर कोई हुड़दंग कर माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करें तो उस पर त्वरित कार्रवाई हो सके। पूरी व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए एसपी ने जिले के सभी पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक भी की है।

**सीसीटीवी व ड्रोन तक लगाई गई है निगरानी में :** लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि जिला में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए इस बार सीसीटीवी कैमरे से लेकर ड्रोन कैमरे तक का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति त्योहार के दौरान माहौल को तनावपूर्ण बनाने का प्रयास करेगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई होगी। त्योहार के दौरान सभी पूजा पंडाल, चौक चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की तैनाती रहेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सभी थाना में शांति समिति की भी बैठक की जा रही है। जिला स्तर पर भी शांति समिति की बैठक हुई है। शांति समिति की बैठक में भी स्पष्ट रूप से बता दिया गया है कि अगर कोई भी व्यक्ति सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास करें तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस द्वारा अभी से ही चौक चौराहा और पूजा पंडाल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखा गया है।

### आदिवासी युवती के घुटने की हड्डी बढ़ रही है चलने में असमर्थ, मुख्यमंत्री से लगाई गुहार



**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत के ग्राम हिसरी निवासी कामदेव उरांव की पुत्री सोनी कुमारी (22) ईलाज के अभाव में चलने से मजबूर है। इनके दाहिने पैर के घुटने की हड्डी बढ़ रही है। इसके कारण वह असहनीय दर्द से काफी परेशान है। इसका स्वास्थ्य भी लगातार गिर रहा है। इनके दाहिने पैर के घुटने मे दर्द और सूजन बनने पर पिता ने जून 2023 में हड्डी, नस एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ से दिखाया था। उन्होंने आपरेशन कराने की बात कही थी। जिसके बाद किसी तरह पैसे जुटाकर ऑपरेशन कराया गया, लेकिन आपरेशन के बाद भी उसके घुटने की हड्डी बढ़ रही है। अब परिजनों के पास बेटी के इलाज के लिए पैसे भी नहीं है। परिजन बताते हैं कि इस रोग से बेटी डेढ़ साल से परेशान हैं। चल भी नहीं पाती है, लाठी के सहारे किसी तरह चल रही है, घुठने की असहनीय दर्द से तड़पती रहती है। आपरेशन का एक वर्ष हो गया है। इसके बाद भी बीमारी से राहत नहीं मिली। आपरेशन दवा में करीब 60-70 हजार रुपए खर्च हो गए हैं । अथार्भाव के कारण बेटी की ईलाज कराने से असमर्थ हैं। परिजनों ने बेटी के ईलाज के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुहार लगाई है।

### सांसद ने पूजा पंडालों का किया भ्रमण, राज्य में भाजपा की सरकार बनाने की अपील

**कन्हाचट्टी (चतरा)।** रविवार को कन्हाचट्टी प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों का सांसद कालीचरण सिंह ने भ्रमण किया। प्रखंड के राजपुर, कान्हाचट्टी, मदगडा, तुलबुल, चिल्हिया झंडा चौक में शारदीय नवरात्र पूजा को लेकर बनाए गए पूजा पंड़ालों में पहुंचकर मां का आशीर्वाद लिए और प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही इस दौरान लोगों से अनुरोध किया की झारखंड के समुचित विकास के साथ युवाओं को रोजगार व पारदर्शी परीक्षा के लिए भाजपा सरकार को चुने और एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाकर राज्य को मजबूत समृद्ध बनाने में आप सब सहयोग दें। लोगों से इस संकल्प के साथ अभी से तठस्थ रहने का अनुरोध किया। सांसद के साथ में पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, अरुण कुमार सिंह, राजेश कुमार दुबे, लालधारी ठाकुर, गौरीशंकर आर्य, केदार प्रसाद केसरी, योगेश्वर सिंह, शशि रंजन यादव, प्रदीप कुमार पासवान, गणेश कुमार यादव, नेहरू पासवान, खीरू साव, आदित्य प्रजापति आदि आदि शामिल थे।

## बिजली आपूर्ति नहीं, मीटर लगा विभाग से भेजा जा रहा बिल

### ग्राम पहाड़कोचा की बिजली संकट: 77 वर्षों बाद भी अंधेरे में

नवीन मेल संवाददाता

**गारू।** प्रखंड के मायापुर पंचायत के ग्राम पहाड़कोचा बाघडेगवा टोला में आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बाद भी ग्रामीणों को बिजली का आपूर्ति नहीं मिल पाया है। इससे गांव के लोग बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इस गांव की स्थिति पर न तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों, न ही विधायक या सांसद ने ध्यान दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर उन्हें जनप्रतिनिधियों से कोई आश्वासन भी मिलता तो स्थिति में कुछ सुधार हो सकता था। वर्ष 2018-19 में बिजली विभाग ने गांव में कई घरों में मीटर लगवा दिए, लेकिन अब तक बिजली आपूर्ति नहीं की गई है। इसके बावजूद ग्रामीणों घरों में बिजली के मीटर लगाकर प्रत्येक माह बिल भेजा जा रहा है, जिससे उनमें बिजली विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गांव में कम से कम 25-30 घर हैं, लेकिन अभी तक न तो पोल लगाए गए हैं और न ही तार लगाए गए हैं। विभाग के द्वारा इन घरों में बिजली मीटर लगा दी जिसमें जोखन यादव, चंदरमनिया देवी, स्टीफन कुजूर, सीबी देवी, श्यामदेव मुंडा, फुलिकार खाखा, करलुश खाखा, सुधीर खाखा, अल्बिनुश लकड़ा, सीताराम मुंडा, जीवन्ति देवी, तपेश्वर मुंडा, रंजीत मुंडा, खिलिप कुजूर, शियू कुजूर, अवेशिया मिंज, कृता कुजूर, ईरशु कुजूर, डेबिट मिंज और सुमित शामिल हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि सरकार और बिजली विभाग इस दिशा में गंभीरता से कार्रवाई करें ताकि उन्हें बिजली जैसी मूलभूत सुविधा गांव में मिल सके। बिजली के अभाव में ग्रामीण जीवन कठिन हो गया है।

## सड़क बन जाने से ग्रामीणों को होगी सहूलियत : बैद्यनाथ राम



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करोड़ों की लागत से दो सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने सदर प्रखंड के धर्मपुर मोड़ पीडब्ल्यूडी रोड से विशुनपुर गांव होते हुए केडू भाया तुम्बाखूंटा तथा सीसी पंचायत अन्तर्गत ग्रम कल्याणपुर से डेमू गेट भाया सीसी तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास नारीयल फोड़कर और शिलापट लगाकर किया। मौके पर विधायक सह मंत्री ने कहा कि उक्त दोनो सड़क का निर्माण कराने की मांग ग्रामीणों के द्वारा पिछले कई वर्षो से किया जा रहा था। सड़क बन जाने से यहां के लोगों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि सड़क नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में ग्रामीणों को काफी परेशानी होती थी, लेकिन सड़क बन जाने से क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने मौके पर मौजूद संवेदक को यथाशीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू तथा कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके पश्चात उन्होंने डीएमएफटी फंड से समहारणालय प्रवेश द्वार से हाई स्कूल गेट तक पीसीसी सड़क और नाली निर्माण की भी आधारशिला रखी। उक्त कार्य एनआरपी विभाग द्वारा किया जाएगा। मौके पर दया पाण्डेय, पंकज तिवारी, रंजन प्रसाद, विजय प्रसाद, मुखिया विजय उरांव समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## नवरात्र पर 21 कन्या कर रही रामचरितमानस का पाठ

नवीन मेल संवाददाता



**प्रतापपुर (चतरा)।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड के सीमावर्ती रानीगंज जिला गाया स्थित ऊपर बाजार महादेव मंदिर प्रांगण में 21 कुआंरी कन्याओं द्वारा रामचरित्र मानस का पाठ किया जा रहा है। पिछले 12 वर्षों से प्रत्येक वर्ष नवरात्र पर रामचरितमानस पाठ कार्यक्रम का आयोजन 90 वर्षीय बैद्य रामकुमार पांडेय के द्वारा किया जा रहा है। क्षेत्र में श्री पांडेय बैद्य जी के नाम से भी जानते हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के पाठ का आयोजन करवाते रहने का उद्देश्य लोगों में सनातन के प्रति हो रहे अरुचि को दुरकर सनातन धर्म के प्रति आस्था को मजबूत करना है। बताया कि लोग बेटियों के प्रति नकारात्मक सोच को समाप्त करें और उन्हें देवी के बाल स्वरूप समझकर सम्मान करें। यह पाठ विश्व कल्याण और सुख-समृद्धि व शांति के उद्देश्यों के लेकर कराई जा रही है। उक्त पाठ में सहयोग कर रहे जनार्दन विश्वकर्मा व विनोद गुप्ता ने बताया कि जो पूजा-पाठ श्रद्धा भक्ति में कभी जमाने में भेदभाव हुआ करता था। उस भेदभाव को समाप्त करते हुए, प्रारम्भ से ही सभी वर्ग के बच्चियां इस पाठ में शामिल होकर सभी समान भाव से पूरे मन से पाठ कर रहीं हैं। नवरात्र पर लगातार पिछले 12 वर्षों से 9 दिनों तक रामचरितमानस पाठ करने वाली बच्चियों में भी आत्मविश्वास बढ़ा है। बच्चियों का भी मानना है कि इस तरह के पाठ प्रत्येक गांव में होनी चाहिए। इसके लिए सनातन धर्म प्रेमी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। पाठ में गुड़िया कुमारी पिता लखन भारती, वसुंधरा कुमारी पिता सतनारायण प्रसाद, आकृति रानी पिता विनोद कुमार, सोनाली कुमारी पिता जितेंद्र शर्मा, सीमा कुमारी पिता सीता दास, अंजली कुमारी पिता महेंद्र प्रसाद, कोमल कुमारी नतनी सीताराम प्रसाद, चांदनी कुमारी पिता अर्जुन प्रसाद, कोमल कुमारी पोती सज्जन सेठ, रिया कुमारी पिता रंजीत कुमार, अर्चना कुमारी पिता कमलेश प्रसाद, कशिश प्रिया पिता अरुण कुमार, दिव्या कुमारी पिता कुणाल शर्मा, खुशी गुप्ता पिता अजय प्रसाद गुप्ता, ज्योति कुमारी पिता रणधीर प्रसाद गुप्ता, अनुपम कुमारी पिता राम कृष्णदेव प्रसाद, खुशी कुमारी पिता पंकज माहुरी, राधा कुमारी पिता प्रमोद ठाकुर, प्राची कुमारी पिता विनोद कुमार, निशा कुमारी पिता विनोद कुमार, माही कुमारी पिता स्वर्गीय मुकेश कुमार के साथ सभी के अभिभावक स्वरूप सोनी देवी पति चक्रधारी वर्णवाल फलाहार श्रद्धा व आस्था-विश्वास के साथ लगी हुई हैं।

## न्यूज बॉक्स

### ट्रैक्टर महासमिति संघ के पुनः अध्यक्ष बने बबलू



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के कौलेश्वरी मंदिर परिसर में रविवार को ट्रैक्टर महासमिति संघ के पुनर्गठन को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता शिवकुमार दांगी व संचालन तौकीर अंसारी ने किया। बैठक में ट्रैक्टर महासमिति संघ के लोगों ने मुख्य बिंदुओं पर चर्चा किया। एक दूसरे के सुख-दुख में सहयोग करने का भी निर्णय लिया। बैठक में सभी ट्रैक्टर मालिक सर्वसमम्मति से बबलू कुमार साव को संघ के अध्यक्ष पद के लिए चयन किया। अजय भारती को सचिव, सुवेश कुमार को कोषाध्यक्ष, उपेंद्र दांगी को उपाध्यक्ष, सह सचिव प्रकाश दांगी, तौकीर अंसारी को, सह कोषाध्यक्ष राजेश कुमार दांगी को, मीडिया प्रभारी व शिव कुमार दांगी को संघ के निर्देशक के पद पर चयन किया गया है। ट्रैक्टर महासमिति संघ में निगरानी समिति के सदस्यों का भी गठन किया है। सुधीर दांगी,अजय यादव, अरविंद साव, पिंटू भारती, समरेश दांगी, राहुल कुमार दांगी, मनोज कुमार, चंद्रिका कुमार, मनोज भारती, विनोद साव, छोटू आलम, भोला पासवान सहित दर्जनों ट्रैक्टर मालिक उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत मामला दर्ज

**कुन्दा (चतरा)।** शनिवार देर शाम को प्रतापपुर से कुन्दा की ओर आ रहे बाइक सवार को अज्ञात ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृत व्यक्ति नीतीश ठाकुर, पिता अनुज ठाकुर प्रतापपुर गांव निवासी बताया जा रहा है। युवक परिवार का इकलौता सदस्य था। मिली जानकारी के अनुसार नीतीश ठाकुर अपने संबंधी के साथ बाइक से प्रतापपुर से बौधाडीह जा रहे थे। इस बीच थाना क्षेत्र के बैरियाचक में विपरीत दिशा व तेज गति से आ रहा ट्रैक्टर ने अपनी चपेट में ले लिया। इससे बाइक सवार दोनों व्यक्ति अचेत होकर गिर पड़े। नीतीश ठाकुर को गंभीर रूप से घायल हो गया। कुन्दा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार ने घायल को प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### भोजपुरी स्टार खुशी ककर व धनंजय शर्मा हेरहंज में आज



**हेरहंज।** दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर लातेहार जिले के हेरहंज प्रखण्ड मुख्यालय स्थित दुर्गा पूजा समिति बाजार टांड़ हेरहंज के द्वारा पंचमी के दिन सोमवार की संध्या में भोजपुरी स्टार खुशी ककर एवं धनन्जय शर्मा का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को लेकर पूजा कमेटी के अध्यक्ष गोलू गुप्ता, सचिव अरविंद यादव, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, संरक्षक व कार्यकर्ता तन मन से लगे हुए हैं। कार्यक्रम की तैयारी 20 दिन पूर्व से हो रही है। स्टेज सहित कैंपस की लगभग पूरी तैयारी हो चुकी है। कार्यक्रम स्थल में गाड़ी पार्किंग व महिला पुरूष का अलग अलग केबिन बनाया गया है। यह जानकारी कमेटी के अध्यक्ष गोलू गुप्ता ने दी।

### सांसद, उपायुक्त और एसपी से अधिवक्ताओं ने की मुलाकात, रखी अपनी बातें



**लातेहार।** जिले के नये उपायुक्त उत्कर्ष कुमार गुप्ता और एसपी कुमार गौरव से अधिवक्ताओं ने मुलाकात कर उनका लातेहार जिले में पदस्थापन होने पर स्वागत किया। मुलाकात के दौरान अधिवक्ताओं के द्वारा एसपी और डीसी को गुलदस्ता भेंट किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने उपायुक्त के समक्ष अधिवक्ताओं के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और अधिवक्ताओं के कल्याण से संबंधित बातें रखी। मुलाकात के बाद अधिवक्ताओं ने कहा कहा कि उपायुक्त और एसपी ने हमारी बातों को गौर से सुना और हर समस्या पर उचित आश्वासन मिला। इधर दिशा की बैठक में शामिल होने आए चतरा सांसद से भी अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उनका स्वागत और अभिनंद किया। मौके पर मुख्य रूप से अधिवक्ता अरविंद लालनाथ शाहदेव, अधिवक्ता मल्लान, श्याम किशोर पाण्डेय, सुदर्शन पासवान और वैध जी शामिल रहे।

### झारखंड प्रजापति महासंघ की पंचायत स्तरीय बैठक संपन्न

**बारियातु।** प्रखण्ड के फुलसू पंचायत अंतर्गत ग्राम हिसरी में झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ की पंचायत स्तरीय बैठक बिनेश्वर प्रजापति की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन पुनेश्वर प्रजापतिने किया। बैठक में प्रजापति सामाज में हो रहे कुरीतियों, तथा अपने हक अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, नशा, अंधविश्वास, ओझा डायन विषयों पर चर्चा की गयी। प्रखंड सचिव सोनू प्रजापति ने कहा कि समाज को जानकारी के अभाव में शोषण किया जाता है। इसलिए हम लोग शिक्षित बने, जागरूक बने और अपने हक अधिकार को हासिल करें। हमेशा एकता एवं संगठित का परिचय दें ताकि हमारे समाज को शोषित होने से बचाया जा सके। प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रजापति ने कहा कि हम लोग एक रहेंगे नेक रहेंगे तो बड़ी से बड़ी ताकत भी हमारे आगे सर झुका आएगा। पंचायत में प्रखंड में मासिक बैठक में सभी लोग अवश्य भाग लें, ताकि एक सफल समाज का निर्माण हो, प्रखंड कोषाध्यक्ष जतन प्रजापति ने कहा की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ,पंचायत अध्यक्ष बिनेश्वर प्रजापति सचिव संदीप प्रजापति कोषाध्यक्ष पुनेशवर प्रजापति ने भी सभा को संबोधित किया। मौके पर डॉक्टर रणधीर प्रजापति, सामोद प्रजापति आमोद प्रजापति, सरजू प्रजापति, नरेश प्रजापति, अखिलेश प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, लुकेशर प्रजापति, तपेशर प्रजापति, अनिल प्रजापति, चंदन प्रजापति, धधुपाल प्रजापति, दाजो प्रजापति सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### थाना परिसर में कानूनी सहायता शिविर का आयोजन

**कुन्दा (चतरा)।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निर्देश पर रविवार को कुन्दा थाना परिसर में निःशुल्क कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कई मामलों में सुलह समझौता किया गया व लोगों को कानूनी जानकारी दी गई। वहीं प्रखंड क्षेत्र के लेवाड़ गांव में डोर टू डोर जाकर लोगों को बाल मजदूरी, बाल विवाह, डायन प्रथा व सड़क दुर्घटना के बारे में विधिक जानकारी दी गई। शिविर में कुन्दा पुलिस पदाधिकारी, पीएलवी अजीत कुमार, संजय चौधरी, मुन्ना दास समेत कई लोग उपस्थित थे।




## आज होगी मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप की पूजा

**लोहरदगा।** नवरात्र के पांचवें दिन मां दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की आराधना भक्त करेंगे। माँ दुर्गा का पंचम रूप स्कन्दमाता के रूप में जाना जाता है। यह प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार शौर शक्तिधर बताकर इनका वर्णन किया गया है। कुमार कार्तिकेय की माता होने के कारण दुर्गा के इस पांचवें स्वरूप को स्कंद माता नाम प्राप्त हुआ है। भगवान स्कन्द जी बालरूप में माता की गोद में बैठे होते हैं इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित होता है। स्कन्द मातृस्वरूपिणी देवी की चार भुजायें हैं, ये दाहिनी ऊपरी भुजा में भगवान स्कन्द को गोद में पकड़े हैं और दाहिनी निचली भुजा जो ऊपर को उठी है, उसमें कमल पकड़ा हुआ है। माँ का वर्ण पूर्णतः शुभ्र है और कमल के पुष्प पर विराजित रहती हैं। इसी से इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। शास्त्रों में कहा गया है कि इस चक्र में अवस्थित साधक के मन में समस्त बाह्य क्रियाओं और चित्तवृत्तियों का लोप हो जाता है और उसका ध्यान चैतन्य स्वरूप की ओर होता है, समस्त लौकिक, सांसारिक, मायाविक बन्धनों को त्याग कर वह पद्मासन माँ स्कन्दमाता के रूप में पूर्णतः समाहित होता है। साधक को मन को एकाग्र रखते हुए साधना के पथ पर आगे बढ़ना चाहिए। इनकी पूजा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। स्कन्द माता का मंत्र सिंहासना गता नित्यं पद्माश्रि तकरद्वया शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी या देवी सर्वभूतेषु माँ स्कंदमाता रूपेण संस्थिता।



## मां के चौथे स्वरूप कूष्मांडा की विधि-विधान से हुई पूजा

**लोहरदगा।** मां भगवती की आराधना के पावन पर्व शारदीय नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के चौथे स्वरूप कूष्मांडा देवी का वैदिक विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। मंदिरों और पूजा पंडालों में सुबह से लेकर देर शाम देवी भक्तों की भीड़ रही। घरों में मां का पूजन और दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। भक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां की आराधना कर आशीर्वाद मांगा। मंदिरों में मां के दर्शन के लिए भक्त उमड़ पड़े। पूजा पंडालों में सप्तमी के दिन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। जिले में दूर्गा पूजा की धूम शुरू हो गई है। देवी मंदिरों में भक्तों ने शीश नवाकर मां से सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। आदि शक्ति मां दुर्गा के दर्शन-पूजन के लिए प्रातः काल से ही कतार लग गयी थी। देर रात तक चले दर्शन पूजन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं के जयकारे पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। पूजा पंडालों में भजन किर्तन के साथ दर्शन पूजन का क्रम देर रात तक चलता रहा। भोर की आरती के बाद मंदिरों के पट खुलते ही माता के जयकारे से परिसर गूंज उठा। भक्तों ने मां दुर्गा की प्रतिमा का श्रद्धापूर्वक पूजन- अर्चन किया। मंदिरों के आसपास पूजन सामग्री बेचने वालों की दुकानें सजी थीं। इन दुकानों से श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, धूप, अगरबत्ती, फल, फूल सहित अन्य सामग्री खरीद मंदिरों में पूजन-अर्चन किया। प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुरक्षा- व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे। सुबह से ही पुरुष व महिला पुलिसकर्मी मंदिरों के आसपास भ्रमण कर सुरक्षा में लगे थे। इसके अलावा सादे वेश में भी पुलिसर्किमयों की तैनाती की गई थी।

# दक्षिण भारत के शिवलोक धाम मंदिर का प्रारूप दिखाएगा थाना टोली पूजा पंडाल

## दस लाख की लागत से बन रहा थाना टोली का पूजा पंडाल




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर तैयारी पूरे जोर शोर से शुरू हो गई है। सभी पूजा समिति इस वर्ष पूजा में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते है। भव्य पूजा पंडाल, आकर्षक प्रतिमा व विद्युत सज्जा की सहित अन्य कार्यक्रमों को लेकर तैयारी जोरों पर है। वहीं शहरी क्षेत्र के जय मां दुर्गा पूजा समिति थाना परिसर द्वारा इस वर्ष भी भव्य रूप से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। नवरात्रि प्रारंभ होते ही पंडाल निर्माण कर रहे पूजा समिति के संरक्षक, पदाधिकारी व सदस्य लगातार विचार विमर्श करते हुए पूजा के सफल आयोजन की तैयारी में दिन रात लगे हुए हैं। वहीं शहरी क्षेत्र के बीच में जय मां दुर्गा पूजा समिति थाना परिसर द्वारा पूजा को लेकर की जा रही तैयारी को जाना। वहीं बताया गया कि समिति अध्यक्ष अध्यक्ष सुमित घोष, सचिव रोहित ओझा व कोषाध्यक्ष हिमांशु केशरी के नेतृत्व में भव्य रूप से पूजा की तैयारी चल रही है। जिसे लेकर भव्य पंडाल के साथ आकर्षक विद्युत सज्जा किए जाने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। वहीं समिति पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष पूजा के सफल आयोजन में समिति लगभग दस लाख रुपए खर्च कर रही है। जो पूरे जिलाभर में सबसे अधिक बजट का पंडाल है। समिति पंडाल के रूप में दक्षिण भारत स्थित शिवलोक धाम मंदिर का प्रारूप बना रही है। जो काफी आकर्षक होगा। साथ ही पूरे क्षेत्र को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया जाएगा। जिससे पूरा क्षेत्र रंगीन रोशनी से जगमगा उठेगा। यहां 1983 से निरंतर पूजा अर्चना हो रही है। नौ दिनों का चंडीपाठ भी यहां चल रहा है। वहीं बताया कि नवमी के अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्लास्टिक का बहिष्कार करते हुए पंडाल में प्लास्टिक का प्रयोग नहीं की जाएगी। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से पंडाल के आस पास सीसीटीवी कैमरे और अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही माता रानी के दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की समस्या नहीं हो इस बात का विशेष ख्याल रखते हुए समिति के संरक्षक, पदाधिकारी व सदस्य पूर्ण रूप से तैयार रहेंगे।उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र में विद्युत सज्जा कर क्षेत्र को रोशन किया जाएगा। साथ ही नवमी के दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कहा कि पंडाल परिसर और बाहर में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन यंत्र, चिकित्सा, पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही समिति के सारे पदाधिकारी व सदस्य सुरक्षा और विधि व्यवस्था को सही तरीके से बनाए रखने में तत्पर रहेंगे।

### दशहरा मेला स्थल का किया गया निरीक्षण

## मेला परिसर में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहेगा : थाना प्रभारी



**सेन्हा-लोहरदगा ।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बक्सीडीपा में दशहरा के अवसर पर लगने वाला मेला मैदान का केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति और सेन्हा थाना प्रभारी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था जायजा लेते हुए.मेला परिसर का निरीक्षण किया गया.मेला स्थल निरीक्षण के क्रम में मुख्य रूप से केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक डॉ.अजय नाथ शाहदेव, अध्यक्ष इन्द्रजीत लकडा महामंत्री मिथुन तमेडा थाना प्रभारी अजित कुमार उपस्थित थे.वही थाना प्रभारी ने कहा कि शांति व सौहार्द से मेल आयोजित करने के लिये सुरक्षा के दृष्टीकोण से मेला परिसर में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहेगा.जिसे किसी को कोई परेसानी न हो.इस के लिये सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस कर्मी व पुलिस बल तैनात रहेगी.साथ ही कहा कि मेला परिसर कि निगरानी हेतु पूरे परिसर मे अस्थाई रूप से सीसीटीवी कैमरा लगाया जाऐगा.तथा ड्रोन कैमर मेला का से भी निगरानी किया जायेगा।

## हेमंत सरकार ने राज्य की जनता को ठगा जनता देगी मुहतोड़ जवाब : प्रवीण कुमार



**भंडरा।** भारतीय जनता पार्टी भंडरा मंडल विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र की बैठक मंडल उपाध्यक्ष उमेश साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से बिशुनपुर विधानसभा प्रभारी पूर्व विधानसभा परिषद सदस्य प्रवीण कुमार सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा राजमोहन राम, जिला उपाध्यक्ष बाल कृष्णा सिंह, सेन्हा मंडल पूर्व प्रमुख कलावती देवी उपस्थित हुए बैठक का संबोधित करते हुए प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि बुथ के सभी कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव के लिए तन मन से लग जाएं झारखंड की जनता को ठगने के लिए हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकेंगे आज झारखंड की जनता त्रस्त है झारखंड की सभी मंत्री मस्त हैं झारखंड की यह सरकार 5 साल तक लोगों को वरगलाने का काम किया अब जब अंतिम समय आ गया तो सिर्फ घोषणाओं का दौर जारी है जनता सब जानती है आने वाला विधानसभा चुनाव में इसका मुहतोड़ जवाब देगी, राजमोहन राम ने कहा कि बुथ कमेटी एवं पन्ना प्रमुख यथाशीघ्र बनाकर विधानसभा संचालन समिति के पास जमा करें और मतदाताओं से अभी से संपर्क आरंभ कर दें ताकि आने वाला चुनाव में इसका हमें लाभ मिले बैठक में मुख्य रूप से हरीनाथ महतो, दीपक शर्मा ,वासुदेव उराव ,सरवन गुप्ता ,कलेश्वर साहू, मनदयाल महतो, मनोज साहू ,बिंदेश्वर महतो राजू पन्ना, दिगंबर महली, कलेश्वरी देवी महेश्वर सिंह, रामा महतो ,बुद्धेश्वर महतो ,करमु राम, अनुज महतो, मनोज साहू सहित सभी बूथ अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित हुए।

### पतंजलि योग समिति की मासिक बैठक हुई

## सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का होगा आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान के तत्वावधान में लोहरदगा जिला की मासिक बैठक सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी प्रवीण भारती ने की। मौके पर उन्होंने आगामी सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर को संचालन करने एवं आगामी माह में लोहरदगा से प्रशिक्षण प्राप्त सहयोग शिक्षक प्रशिक्षक प्रशिक्षकों को हरिद्वार में विशेष प्रशिक्षण के लिए भेजने हेतु प्रखंड स्तरीय प्रवास करने एवं सफल सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के आयोजन करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि 14 अक्टूबर से लोहरदगा में 15 दिवसीय सहयोग प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी पदाधिकारी गण एवं योग शिक्षक प्रखंडों का प्रवास कर प्रखंड प्रभारी से मिलकर सहयोग प्रशिक्षण शिविर के लिए प्रशिक्षुओं की सूची तैयार करें। साथ ही सात दिवसीय योग शिविर भी आयोजन भी किए जाएंगे। मौके पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह ने कहा कि संगठन में सभी की भागीदारी होना जरूरी है।

### विधायक कल्पना सोरेन के लोहरदगा आगमन को लेकर झामुमो ने की विशेष बैठक

## भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जनता जान चुकी है : झामुमो




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मईयां सम्मान यात्रा के तहत आगामी 08 अक्टूबर को मंत्री बेबी देवी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, एवं कई मंत्रियों और विधायकों के साथ लोहरदगा पहुंचेगी। आगमन की तैयारियों को लेकर रविवार को झामुमो जिला समिति की बैठक जिला कार्यालय में किया गया। बैठक में बैठक में मुख्य रूप से केन्द्रीय समिति सदस्य विनोद यादव समीद अंसारी, जिला सचिव अनिल उरांव, जिप सदस्य राधा तिर्की, महिला जिलाध्यक्ष सरिता भगत, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सतिम टोप्पो, युवा जिलाध्यक्ष अजय उरांव, बुद्धिजीवी जिलाध्यक्ष श्यामनंदन लोहरा, छात्र मोर्चा जिलाध्यक्ष सोमी कुमारी सरस्वती कच्छप बुद्धिजीवी मंच के इसरार अहमद आदि मौजूद थे। बैठक में विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के आगमन को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि, झारखंड में लगातार केंद्रीय मंत्री का दौरे के साथ दो बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन भी हो चुका है। लेकिन जनता जान चुकी है, अब इनके बहकावे में नहीं आने वाली है। विधानसभा चुनाव में पुनः एक बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनेगी। उन्होंने कल्पना सोरेन के आगमन को लेकर सभी कार्यकताओं को जुट जाने की बात कही। झामुमो जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा सबसे पहले झामुमो कार्यकताओं द्वारा श्रीमती सोरेन के काफिले का स्वागत सेन्हा प्रखंड के कल्हेपाट में किया जाएगा।

## तृतीय मतदान कर्मियों को मिला चुनावी प्रशिक्षण

**लोहरदगा।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए प्रतिनियुक्त तृतीय मतदान पदाधिकारियों को रविवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट जिला नदिया हिन्दू प्लस टू उच्च विद्यालय लोहरदगा में दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। इसमें कुल 521 पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में तृतीय मतदान पदाधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के प्रशिक्षण अंतर्गत अपने दायित्वों का बिना चूक निर्वहन करने, अपने सहकर्मियों के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने, पीठासीन पदाधिकारी का सहयोग करने व सहयोगियों के बेहतर समन्वय रखते हुए कार्य करने, मतदान सामग्री के बारे जानकारी रखने व सामग्रियों का इस्तेमाल, ईवीएम व वीवीपैट के लिए आवश्यक सीलिंग सामग्री, मतदान के पूर्व की तैयारी, मतदान के दिन की तैयारी, आवश्यक प्रपत्रों को भरे जाने सम्बंधित विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा दी गयी।

## न्यूज | बॉक्स

## शहर की सुरक्षा का जिम्मा टाइगर मोबाइल को मिला : एसपी



**लोहरदगा।** जिला पुलिस प्रशासन ने शहर की सुरक्षा को लेकर शनिवार को टाउन थाना से नई पहल की शुरूआत की। एसपी हारिस बीन जमाँ ने टाइगर मोबाइल पुलिस के नाम से 10 सदस्यीय पांच टीम तैयार की है। जो चौक-चौराहे के साथ-साथ गली-मोहल्ले में भी गश्ती करेंगी। अब पुलिस शहर की मुख्य सड़क के साथ-साथ गली-मोहल्ले में भी दिखेगी। शहर की सुरक्षा टाइगर मोबाइल को मिला है। एसपी हारिस बीन जमाँ कहा कि आये दिन छिनतई, लूटपाट व चोरी की वारदात बढ़ रही है, और ज्वेलरी शॉप, बैंक, एटीएम, व्यावसायिक प्रतिष्ठान मे पुलिस की विशेष नजर रहेगी, और टाइगर मोबाइल हर एक गतिविधि पर नजर रखने का काम करेंगे। इसके अलावा इस पर नकेल कसने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है। हालांकि, वर्तमान में इसकी शुरूआत टाउन थाना से की गई है। बहुत जल्द अन्य थाना क्षेत्र में भी इसकी शुरूआत की जाएगी। वाहन गश्ती मुख्य सड़कों तक ही हो पाती है। इसलिए बाइक व पैदल गश्ती टीम को तैयार किया गया है। आने वाले समय में इसे और भी बेहतर किया जायेगा। किसी भी घटना से निपटने के लिए पुलिस सदैव तैयार रहेगी। वहीं ड्यूटी की कमान टाउन थाना प्रभारी को दिया गया है। लोहरदगा सदर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर ने बताया कि टाइगर मोबाइल एवं पैदल गश्ती कहां होंगी या फिर उनकी गतिविधि चलेगी इसकी निगरानी एसपी खुद करेंगी। टाइगर मोबाइल हथियार से लैश होगी। वहीं पैदल गश्ती को टॉर्च, डंटा व सीटी दिये जाएंगे। साथ ही गश्ती टीम को अलग ड्रेस देते हुए एरिया बांट दिया जायेगा, ताकि हरेक क्षेत्र में पुलिस की नजर बनी रह सके।

## दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन चौकस



**लोहरदगा।** दुगार्पूजा-2024 में जिला में बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण के लिए प्रतिनियुक्त कार्यपालक दण्डाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों के लिए रविवार को नया नगर भवन, लोहरदगा में आवश्यक ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा द्वारा इस ब्रीफिंग में राज्य व जिला स्तर से जारी दिशा-निदेर्शों को प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि दुर्गा पूजा आगामी विधानसभा निर्वाचन से पूर्व एक महत्वपूर्ण पर्व है। एक बहुत बड़ा त्यौहार है जिसमें काफी भीड़-भाड़ होती है। इस दौरान विधि-व्यवस्था और शांति बनाए रखना बहुत बड़ी चुनौती होती है। इस स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य है। आमजनों की सुरक्षा सर्पोपरि है। आप सभी दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी इस दौरान पूरी तरह मुस्तैद रहें। पूजा समितियों से पूजा-पण्डालों के लिए जारी गाइडलाइन का पालन अवश्य करायें। पण्डाल में प्रवेश और निकास द्वारा में श्रद्धालुओं की भीड़ में आवागमन सुचारू रूप से जारी रहे। पण्डाल के अंदर श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा देर तक ना रहे, इसका ध्यान रखा जाय। पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था हो ताकि आपात स्थिति में अनाउंसमेंट किया जा सके। डीजे का इस्तेमाल 30 से 40 डेसीबल से अधिक ना हो।विसर्जन के लिए जो रूट निर्धारित किया गया है उसे किसी भी परिस्थिति में बदला ना जाए। डीजे में किसी भी प्रकार का भड़काऊ गाना बजाने की इजाजत नहीं होगी। पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में अपना प्रतिनियुक्ति स्थल नहीं छोड़ेंगे। किसी आपात स्थिति में जिला के वरीय पदाधिकारियों से संपर्क अवश्य करेंगे। आमजनों के लिए पूरा जिला प्रशासन कटिबद्ध है। ब्रीफिंग में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग,डीएसपी मुख्यालय, सभी कार्यपालक दण्डाधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारीगण उपस्थित थे। दशहरा त्यौहार के अवसर पर महत्वपूर्ण सूचनाओं के अनुश्रवण एव द्रुत ज्ञापन हेतु जिला कंपोजिट कंट्रोल रूम में (चर्च के बगल में) एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई जिसकी दूरभाष संख्या 7004400718 है।

## बिरसा प्रधानमंत्री फसल योजना के नाम पर आने वाले कॉल से रहें सावधान : सीओ

**कुडू - लोहरदगा।** साइबर क्रिमिनल ऑनलाइन ठगी के लिए आये दिन नए-नए हथकंडे अपनाते रहे हैं। इस बार साइबर ठगों द्वारा ठगी के लिए एक नया हथकंडा अपनाये जाने का मामला प्रकाश में आया है। साइबर अपराधी बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नाम पर फर्जी कॉल कर लाभार्थियों का डिटेल्स निकाल रहे हैं। इसके बाद लाभार्थियों को फर्जी कॉल कर ठगी को अंजाम देने का प्रयास कर रहे हैं। इसको लेकर कुडू सीओ मधुश्री मिश्रा ने प्रेस विज्ञपति जारी कर योजना के नाम पर आने वाले फर्जी कॉल से सावधान रहने की अपील की है। उंन्होने बताया कि जानकारी मिल रही है कि पीएमओ का हवाला देकर मोबाइल नंबर 9038197598 एवं 7645924236 से संपर्क कर डाटा की मांग की जा रही है। जबकी इस संदर्भ में एंटीएसयू (नेशनल टेक्निकल सप्पोर्ट यूनिट) ऑफ पीएमएफबीवाई द्वारा ऐसे किसी भी प्रकार के डाटा की मांग उनके स्तर से नहीं करने की बात बताई गई है। इससे यह साफ है कि कुछ साइबर अपराधी योजना के नाम पर निर्दोष लोगों से धोखाधड़ी करने की कोशिश कर रहे हैं। सीओ श्रीमती मिश्रा ने सभी क्षेत्रीय कार्यालय, लैम्प्स सहित आम लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

# पूजा पंडाल को भव्य तरीके से सजाने व संवारने की होड़ मची

**जोर-शोर से चल रही हैं दुर्गा पूजा की तैयारियां, पंडाल निर्माण कार्य अंतिम चरण में**



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

दुगार्पूजा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न पूजा समितियों द्वारा अपने-अपने पूजा पंडाल को भव्य तरीके से सजाने व संवारने का होड़ मची है। लोहरदगा के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पंडाल निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। जगह जगह कारीगर आकर्षक पंडाल निर्माण के लिए दिन रात मेहनत कर रहे है। पंडाल को अच्छा रूप देने के लिए पूजा समितियां बाहर के कलाकारों से सजावट का काम करा रही है। सजावट आकर्षक लगे, इसके लिए लाइट, झालर, फूल का इस्तेमाल हो रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ख्याल रखने के लिए वोलेंटियर खास किस्म की तैयारी कर रहे हैं। पूजा मे किसी प्रकार का दिक्कत ना हो, इस बात का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इसके लिए देवी का भिन्न-भिन्न रूपों में महल तैयार किया जा रहा है। प्रमुख देवी मंदिरों का पंडाल कोलकाता के कारीगरों द्वारा तैयार कराया जा रहा है। जबकि अन्य जगहों पर भी नामी-गिरामी कारीगरों से भव्य पंडाल बनाने का कार्य जारी रखा है। कुछ जगह पूजा कमेटी के लोग अपने हाथ से पंडाल बनाने में जुटे हैं। जैसे-जैसे पर्व नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे पूजा कमेटियों के सदस्यों की चिंता भी बढ़ती जा रही है। सदस्य समय से पंडालों का काम पूरा करने में जुट गए हैं। एक तरफ जहां कई पूजा समितियों की तरफ से कोलकाता, वाराणसी आदि जिलों से कारीगरों को बुलाकर पंडाल बनाने का कार्य किया जा रहा है, वहीं कई कमेटी के लोग खुद अपने हाथों से मां दुर्गा का महल तैयार करने में जुटे हैं। पंडाल को भव्यता प्रदान करने के लिए पूजा कमेटियों में होड़ मची हुई है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा की धूम दिखाई देने लगी है। एक तरफ जहां शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बाहर से कारीगर बुलाकर भव्य पंडाल बनाने की कवायद शुरू हो गई है, वहीं कई पूजा कमेटी के लोग अपने हाथों से पंडाल बनाने में जुटे हुए हैं। मां शेरावाली को स्थापित करने के लिए उनका महल बनाने का कार्य भी जोर-शोर से शुरू हो गया है। इधर दुर्गा पूजा का उत्साह जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में चरम पर आ गया है।

## कांग्रेस पार्टी के जन संवाद कार्यक्रम में जमकर हंगामा

### जिलाध्यक्ष के अपशब्द से मुस्लिम वर्ग में नाराजगी



**भंडरा ।** नवडीहा चौक में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में जमकर हंगामा हुआ। इससे देखते हुए मंच में बैठे प्रदेश स्तर के सभी कांग्रेसी नेता एक-एक कर मंच उतर कर चुपचाप चलते बने। कांग्रेस पार्टी के जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आफताब आलम व जिला अध्यक्ष सुखैर भगत से तीखी बहस के दौरान सुखैर भगत के जुबां से क्या उखाड़ने (अपशब्द) की बात से कांग्रेस पार्टी का कार्यक्रम हंगामा में बदल गया। इसके बाद मंच में मंचासिन कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचु, पूर्व शिक्षा मंत्री गीता श्री, पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, दयामनी बरला, जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत, पूर्व उपायुक्त दिलीप टोप्पो उतर कर निकल गए। इधर भंडरा प्रखंड में कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के अपशब्द कहे जाने से मुस्लिम वर्ग के लोगों में काफी नाराजगी देखी गई। साथ ही जिला अध्यक्ष से माफी मांगने की बात को लेकर मुस्लिम समाज में रोष है। हंगामा से पूर्व आयोजित कार्यक्रम में अजय शाहदेव ने कहा ने कहा कि बीजेपी अपने कार्यकाल में मौब लांचिंग, पत्थलगड़ी करके आदिवासी का विकास रोका, जेएमएम-कांग्रेस की सरकार मंईया योजना शुरू की ये भाजपा को पचन नहीं हो रहा है। महिलाओं को इस राज्य सरकार सम्मान दे रही है।

## एक नजर

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर विनय लाल बने गुमला जिला अध्यक्ष

**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार विनय लाल को गुमला जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने नवरात्रि की शुभकामनाएँ देते हुए इस नियुक्ति की घोषणा की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विनय लाल का नेतृत्व जिले में संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगा। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। सूचनार्थ, इस महत्वपूर्ण नियुक्ति के बारे में प्रदेश के अन्य वरिष्ठ नेताओं को भी जानकारी दी गई है, जिनमें प्रदेश महामंत्री लक्ष्मीकांत बाजपेयी, क्षेत्रीय महामंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी, विधायक दल नेता अमर कुमार बाउरी, और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शामिल हैं। यह नियुक्ति भारतीय जनता पार्टी के गुमला जिला में संगठनात्मक गतिविधियों को और मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

### सखी वन स्टॉप सेंटर ने किया छात्राओं को जागरूक

**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह के अवसर पर राज्य महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देश पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सत्या ठाकुर के मार्गदर्शन में सखी स्टॉप सेंटर के कर्मियों ने शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय आदित्यपुर में शिक्षा, महिलाओं के प्रति हिंसा एवं बाल विवाह विषयों पर आवासित छात्राओं को जागरूक किया।

### मंईयां सम्मान यात्राः गुमला पहुंची गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, कहा

# भाजपा जुमलेबाज और कॉपी-पेस्ट पार्टी है

### गुमला के पुग्गु स्थित हेलीपैड मैदान में मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी और दीपिका पांडे का किया गया जोरदार स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गांडेय विधानसभा सीट की विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मंईयां सम्मान यात्रा के तहत गुमला में पुग्गु स्थित हेलीपैड मैदान में एक विशाल सभा को संबोधित किया। उनके साथ मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडे, गुमला विधायक भूषण तिर्की, और सिसई विधायक जिगा सुशासन होरो की दमदार उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भव्य बना दिया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य झारखंड सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाना और महिलाओं को सशक्त बनाना है।

विधायक कल्पना सोरेन, जो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी हैं, ने अपने भाषण में भाजपा पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा, भाजपा जुमलेबाज और कॉपी-पेस्ट पार्टी है। इसके साथ ही उन्होंने झारखंड सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए बताया कि राज्य की 50 लाख महिलाओं के बैंक खातों में ?1000 की राशि जमा की जा रही है, और मंईयां योजना के तहत हर साल 250 की बढ़ोतरी होगी।

उन्होंने कहा, झारखंड सरकार ने महिलाओं के लिए सबसे अधिक बजट आवंटित किया है और बिजली बिल को माफ किया है।

यह सब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दूरदर्शी सोच का परिणाम है।

सभा में उपस्थित गुमला विधायक भूषण तिर्की और सिसई विधायक जिगा सुशासन होरो ने भी सभा को संबोधित किया और राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा की। इस दौरान यात्रा में महिला शक्ति की विशेष उपस्थिति और उत्साह ने सभी को प्रेरित किया। कल्पना सोरेन ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह गैर-भाजपा शासित राज्यों के साथ भेदभाव करती है और झारखंड को बकाया 1.36 लाख करोड़ की राशि अब तक नहीं दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासी नेताओं को जब वे जन मुद्दे उठाते हैं, तो भाजपा सरकार उन्हें जेल में डाल देती है।

बेबी देवी और दीपिका पांडे ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और महिलाओं की सशक्त भूमिका पर जोर दिया। यह यात्रा झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण को समर्पित है।

अंत में, कल्पना सोरेन ने केंद्र सरकार पर झारखंड की संपत्तियों को दोहन करने का आरोप लगाया और कहा कि यहाँ के लोगों को रॉयल्टी तक नहीं दी जाती। मंईयां सम्मान यात्रा राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित हो रही है, जिसका नेतृत्व स्वयं मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन, जो गांडेय विधानसभा सीट की विधायक हैं, कर रही हैं।

## बाइक से गिरकर हुई एक युवक की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर थाना क्षेत्र के बिंदोरा गांव में रविवार की सुबह 10:30 बजे के करीब लकड़ा टोली निवासी 22 वर्षीय युवक उमेश तिर्की की मौत बाइक से गिरकर हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से पूछताछ करते हुए जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार उमेश तिर्की सुबह किसी काम से बेंदोरा गांव गया हुआ था जहां से किसी अन्य व्यक्ति का बाइक लेकर अपने बस्ती लकड़ाटोली लौट रहा था इसी दौरान रास्ते में बाइक से गिरकर बेहोश हो गया जब कुछ ग्रामीणों ने उमेश तिर्की को सड़क पर बेसुध पड़ा देखा तो इसकी सूचना उन्होंने उनके परिजनों को दी सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे जहां से एंबुलेंस की मदद से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया जहां जांच के उपरांत डॉक्टर डीएन ठाकुर ने उक्त युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और घटना की जानकारी परिजनों से ली।

## किशोरियों के शारीरिक स्वास्थ्य के लिए फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन

**गुमला।** गुमला जिले के करौंदाबेड़ा स्कूल के फुटबॉल मैदान में आज, 6 अक्टूबर 2024 को सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज द्वारा किशोरियों के बीच एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करौंदाबेड़ा स्कूल के फादर एरिक, सिस्टर पूनम सोरेन, बाल संरक्षण समिति के सदस्य, मुखिया, सहिया, शिक्षक और 33 पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि फादर एरिक ने बताया कि उनके द्वारा आयोजित यह टूनार्मेंट 10 से 19 वर्ष की किशोरियों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया है। उनका मानना है कि खेलकूद में शामिल रहने से किशोरियों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, जिससे कम उम्र में विवाह जैसी समस्याओं को रोका जा सकता है और समाज में लड़का-लड़की के बीच भेदभाव भी समाप्त होगा। साथ ही, किशोरियों का सकारात्मक योगदान उन्हें राज्य स्तरीय खिलाड़ी बनने के लिए प्रेरित करेगा।

## लांजी के समीप बाइक व कार में हुई सीधी भिड़ंत एक महिला सहित पांच लोग घायल

■ **टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक सड़क से काफी दूर जाकर गिरा वही कार सड़क पर ही पलट गया**



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला रांची नेशनल हाईवे मार्ग स्थित लांजी गांव के समीप एक कार व बाइक में सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे बाइक सवार सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक पालकोट के लाह व्यवसायी महादेव केसरी बेटा अनिकेत केसरी पत्नी कविता केसरी और कार चालक किसी काम से रांची जा रहे थे। वही सामने से आ रहे बाइक सवार से सीधी भिड़ंत हो गई। बाइक सवार लांजी में बन रहे एकलव्य विद्यालय में मिस्त्री का काम करता है और कुछ सामान लेने गुमला की ओर आ रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक सड़क से काफी दूर जाकर गिरा। वही कार सड़क पर ही पलट गया। सूचना पर सिलाफारी के समाज सेवी दिलीप साहू, रोहित साहू सहित अन्य लोगों ने घायलों को कार से बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस से सभी घायलों को सिसई रेफरल अस्पताल भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सभी को रिम्स रेफर कर दिया गया वहीं बाइक चालक की स्थिति नाजुक बनी हुई है। जबकि अनिकेत का एक हांथ पूरी तरह से टूट गया है। महादेव का कमर टूटा गया है वही कविता बेहोशी की हालत में है।

## सिसई विस क्षेत्र में स्थानीय व खतियानी उम्मीदवार की मांग को लेकर हुआ बैठक का आयोजन



**बसिया (गुमला)।** सिसई विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय व खतियानी उम्मीदवार की मांग को लेकर आज बसिया में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में गठबन्धन दल के प्रतिनिधियों के साथ साथ क्षेत्र के नामचीन सामाजिक कार्यकताओं व अंजुमन इस्लामिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि परंपरागत रूप से सिसई विधानसभा क्षेत्र को कांग्रेस का मजबूत किला माना जाता रहा है। इस तथ्य के बावजूद गत चुनाव में गठबंधन की विवशता कारण झारखंड मुक्ति मोर्चा ने यहाँ से प्रत्याशी खड़ा करने का काम किया और इसके प्रत्याशी जिगा सुसारन होरो भारी बहुमत से विधायक चुने गए। उनका चुना जाना इस दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना गया कि उन्होंने भाजपा के हेवीवेट प्रत्याशी व निवर्तमान विधानसभाध्यक्ष डॉ दिनेश उराँव को शिकस्त देने में कामयाबी हासिल की। स्थानीय राजनीति के जानकारों के अनुसार यह एक अप्रत्याशित परिणाम था क्योंकि उन्होंने न केवल विकास के नये कीर्तिमान स्थापित करने वाले डॉ उराँव को पराजित किया बल्कि मुंडा जाति से होने के बावजूद उराँव बहुल क्षेत्र में अपना परचम लहराया। बाहरी भीतरी के प्रति अति संवेदनशील होने के बावजूद खुंटी जिलांतर्गत कर्रा थाना क्षेत्र के निवासी श्री होरो की इस जीत का मुख्य कारण डॉ. उरांव के विरुद्ध बना एंटी इंकम्बैसी और गठबंधन को माना गया। इन सभी बातों को गुजरे लगभग पांच वर्ष बीत गए हैं और अब अपनी कार्यशैली के कारण वर्तमान विधायक श्री होरो के लिए तमाम स्थितियों से निपटना भारी पड़ रहा है।

## लोगों को नहीं मिल रही है एटीएम की सुविधा

**नवीन मेल संवाददाता। बसिया(गुमला)**

गत दिनों हुई चोरी की घटना के बाद बसिया के लोगों को न तो एटीएम की सुविधा मिल रही है और न एटीएम चोरों का कोई सुराग मिल पा रहा है। ऐसी स्थिति तब है जबकि अनुमंडल मुख्यालय में विभिन्न बैंकों के पांच शाखाओं के साथ साथ तीन एटीएम केन्द्र यहां संचालित हैं। बताते चलें कि गत दिनों दुस्साहस का परिचय देते हुए एसबीआई की बसिया कोनबीर शाखा के साथ लगे एटीएम मशीन को चोर उठा कर ले गए। इस चोरी से पच्चीस लाख रूपयों की भी चोरी होने की सूचना मिली और इस सूचना के साथ एक एसआईटी का गठन कर त्वरित गति से मामले के उद्भेदन का समाचार सामने आया। पुलिस के इस दावे के सामने आने के बाद भयशुदा व्यापारी और आम लोगों ने एक तरह से राहत की सांस ली। इसके अपने कारण थे क्योंकि इस एटीएम की चोरी के लिए अपराधियों ने जिस ट्रक का उपयोग किया था उसकी भी चोरी हुई थी और चोरों ने इसे एक स्थानीय व्यापारी के आवासीय परिसर से चुराया लिया था। बसिया में एटीएम की संख्या कम होने के कारण बहुत से लोग एसबीआई के इस एटीएम पर ही आश्रित रहा करते थे और चोरी की इस घटना के बाद इन्हें नगद के लिए अब घंटों कतार में खड़े होने को मजबूर होना पड़ रहा है। यह स्थिति बैंक की अन्य शाखाओं के समक्ष भी दर्ज किया जा रहा है जबकि एक निजी एटीएम के अतिरिक्त यहां सिर्फ पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा तत्संबंधी सुविधा मुहैया कराई गई है।

### 91,048 लाभुक बहनों का ने कराया पंजीकरण

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले में इस योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य 88,638 के विरूद्ध कुल 78527 लाभार्थियों का पंजीकरण अगस्त माह के अन्त तक किया गया। इनमें से 75329 लाभार्थियों को अगस्त और सितम्बर माह की सम्मान राशि के रूप में कुल 15,06,58,000 रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। इस बीच राज्य सरकार द्वारा 18 से 20 आयुवर्ग की बच्चियों को भी इस योजना से जोड़ने के बाद अब तक जिले में कुल 91,048 लाभुक बहनों का पंजीकरण किया जा चुका है। सभी स्वीकृत लाभुकों को अक्टूबर माह की सम्मान राशि का भुगतान दशहरा पर्व से पहले कर दिया जायेगा।

## टोंगो क्षेत्र में करमा नाच प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, 28 टीमों ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर प्रखंड के टोंगो क्षेत्र में करमा नाच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 28 टीमों ने भाग लिया। यह आयोजन अपनी संस्कृति को बचाने और बनाए रखने के मुख्य उद्देश्य से किया गया था। प्रतियोगिता में जौनपुर की टीम ने प्रथम स्थान वही बेंदोरा की टीम ने द्वितीय स्थान और कातिंग की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागी टीमों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में डेग दिया गया। निर्णायक मंडली में फा. रोहित कुजूर एस. जे., सिस्टर जुलिता, और सिस्टर जया किसपोट्टा शामिल थे। इस प्रतियोगिता को टोंगो के सयुंक्त कमेटी ने संचालित किया गया था। इस अवसर पर, टोंगो पल्ली के पल्ली पुरोहित फा. फिलेमोन एक्का एस. जे ने कहा की हमें अपनी संस्कृति को बचाने और बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है। यह हमारी पहचान का हिस्सा है और हमें इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना है। टोंगो के सयुंक्त कमेटी के सदस्यों ने आयोजन की सफलता के लिए कड़ी मेहनत की। उन्होंने बताया कि यह आयोजन हर साल आयोजित किया जाएगा।

## चैनपुर वन विभाग द्वारा वन्य प्राणी सप्ताह को लेकर लोगों को किया गया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के कुरूमगढ़ वन क्षेत्र में 1 अक्टूबर 7 अक्टूबर तक वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए वन्य प्राणी सप्ताह का आज चैनपुर में स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। पूरे भारत में इस कार्यक्रम का अयोजन किया जा रहा है इस अभियान के दौरान वन विभाग द्वारा स्कूली बच्चों को जागरूक किया गया। स्कूली विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें निबंध प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिता भी शामिल है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बच्चों में वन्य प्राणी संरक्षण को लेकर काफी उत्साह है इस टीम में वर्ग 5 से वर्ग 12 के स्कूली छात्र छात्राएं अपने प्रतियोगिता में भाग लिया इसके बाद वाद विवाद प्रतियोगिता गोष्ठी और पौधारोपण भी किए गए इसके बाद युवा वर्ग ने वन्यप्राणी सप्ताह संबंध में भी आमजन को जागरूक किया गया। वही वन विभाग के और से चैनपुर जारी सिमवर्ती में स्थित वॉच टॉवर में बच्चो दूरबीन के द्वारा पक्षी तथा जंगली जानवर को देखिए गए। वही उनका नाम भी बातया गया। इस दौरान मौके पर पेड़ पौधे की सुरक्षा और देखरेख वन्य जीवन की सुरक्षा और मानव धर्म वन्य जीव संघर्ष से संबंधित जानकारी भी दी गईं।

## फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का रंगारंग कार्यक्रम का हुआ समापन



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर पारिश के मैदान में पारिश के ही युवक संघ द्वारा आयोजित स्वर्गीय कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट 2024 का रंगारंग समापन हुआ। जिसमें लड़कों की बीस टीम और लड़कियों की आठ टीम शामिल हुई थी। लड़कों में हुटार बरटोली की टीम ने चैनपुर की टीम को 1-0 से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। जिन्हें पुरस्कार के तौर पर 13 हजार की इनामी राशि दी गई और उपविजेता को 7 हजार की इनामी राशि दी गई। निर्णायक गोल करने वाले हुटार बरटोली के निर्मल तिर्की को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं लड़कियों के ग्रुप में चैनपुर की टीम ने पेरवां टोली को पराजित कर पुरुस्कार पर कब्जा किया। जिन्हें 7 हजार की इनामी राशि प्रदान की गई। वहीं उपविजेता को 4 हजार की इनामी राशि दी गई। वहीं अच्छा प्रदर्शन करने वाली एलिन कुजूर को प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। वहीं टूनार्मेंट में भाग लेने वाली सभी टीमों को सांत्वना पुरुष्कार के रूप में दरी दिया गया। इस मौके पर कोनकेल के युवाओं द्वारा मैदान के बीच में नागपुरी गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी। इस मौके पर युवक संघ के संचालक फा. पवन लकड़ा ने सबों को संबोधित करते हुए कहा कि पारिश में इसी तरह के कई अन्य प्रतियोगिताएं होते रहेंगे जिसका आप सबों को फायदा उठाना है।

## न्यूज | बॉक्स

### बसिया में रोजगार सृजन के तहत बेरोजगार युवाओं को मिलेगी नौकारी

**बसिया(गुमला)।** बसिया प्रखंड क्षेत्र से इस वर्ष बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन करते हुए शिक्षित बेरोजगार युवाओं के नौकरी की तलाश को विराम देने की एक महत्वाकांक्षी योजना पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए टाटा एलुमिनाई व कल्याण विभाग, झारखंड सरकार के बसिया प्रखंड संयोजक मो सफदर ने बताया कि इस योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सहिया दीदियों को कार्यक्रम के साथ जोड़ने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के लिए ली गई इस योजना के तहत अठारह वर्ष के वैसे युवक जो कम से कम मैट्रिक परीक्षा पास कर लिये हों सहिया दीदियों के पास आवेदन कर सकते हैं। इस आवेदन के लिए आधार कार्ड की स्व अभिप्रमाणित छात्रा प्रति, उम्र, शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कागजात व मोबाइल नंबर के साथ आवेदन की सरल प्रक्रिया अपनाई गई है। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि चयनित अभ्यर्थियों को दो माह का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा और प्रशिक्षण के उपरांत टाटा, एप्पल जैसी नामचीन कंपनियों में शत प्रतिशत प्लेसमेंट की गारंटी भी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त नर्सिंग कॉलेज व आईटीआई में निःशुल्क नामांकन व पढ़ाई की योजना भी ली गई है और इसके लिए प्रखंड कॉर्डिनेटर से संपर्क करने की सूचना पहले से ही सार्वजनिक की जा चुकी है।

### 100 शैय्या वाले अस्पताल के निर्माण में भारी अनियमितताः सुखदेव भगत



**लोहरदगा।** सांसद सुखदेव भगत के नेतृत्व में लोहरदगा कार्यपालक दंडाधिकारी अभिनीत सूरज ,अंचलाधिकारी श्री आशुतोष , लोहरदगा सिविल सर्जन, डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी ,जिला लेबर ऑफिसर दयानंद कुमार, कनीय अभियंता भवन विभाग के गणेश मुंडा, किशोर मुर्मू ने लोहरदगा नदिया गांव में बन रहे 100 शैय्या वाले क्रिटिकल केयर यूनिट अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल पहुंचते ही सांसद ने पाया कि संवेदक के द्वारा काम करने वाले मजदूरों का काम बंद करवा दिया ताकि मजदूरों के ऊपर हो रहे शोषण की जानकारी सांसद को नहीं हो पाए। सांसद ने वहां काम करने वाले महिला मजदूरों को घर से बुलाकर उनसे रूबरू हुए ।मजदूरों ने बताया कि हमें सिर्फ ?300 मजदूरी मिलता है जबकि वहां पर उपस्थित लेबर पदाधिकारी ने बताया कि मजदूरों को ?425 भुगतान करना है। मजदूरों ने बताया कि उनके सेफ्टी के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। मौके पर सांसद ने संवेदक बबलू सिंह से मजदूर के उपस्थित एवं भुगतान रजिस्टर मंगवाया लेकिन ठेकेदार ने रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराया। मौके पर सांसद ने कहा कि मजदूरों के ऊपर हो रहे शोषण को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उनका पूरा भुगतान 425 रुपया जब से मजदूर काम कर रहे हैं तब से भुगतान करना होगा। सांसद ने मौके पर उपस्थित श्रम अधिकारी से मजदूरों का बयान लेकर कम मजदूरी भुगतान करने के लिए संवेदक पर प्राथमिक की दर्ज करने का निर्देश दिया। सांसद ने कहा कि पूर्व में भी वे अस्पताल का निरीक्षण किए थे उस समय भी मजदूरों को कम मजदूरी भुगतान करने का मामला आया था श्रम अधिकारी द्वारा प्राथमिक भी दर्ज किया गया था उसके बावजूद मजदूरों को कब मजदूरी देना संवेदक का तानाशाह रवैया है जिसे बर्दाशत नहीं किया जाएगा। सांसद ने भवन निरीक्षण क्रम में पाया कि कार्यों में भारी अनियमितता बरती गई है । काफी घटिया निर्माण हुआ है ।

### स्व. नंदलाल प्रसाद स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन आज

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित नन्दलाल प्लस टू उच्च विद्यालय प्रांगण में गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर संचालित स्व.नन्दलाल प्रसाद स्मारक फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन समारोह आज होगा। कोषाध्यक्ष गौतम प्रसाद साहु ने जानकारी देते हुए बताया कि स्व.नन्दलाल प्रसाद स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन सोमवार को आयोजित किया जायेगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य सभा सदस्य धीरज प्रसाद साहु और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला के उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण तथा पुलिस अधीक्षक हारिश बीन जमां होंगे। आयोजित टूनार्मेंट में बालक वर्ग में 32व बालिकाओं की 8 टीमो ने भाग लिया है। जिसमे सफल टीमो को अतिथियों द्वारा नगद राशि व ट्रॉफी दे कर पुरस्कृत किया जायेगा। मौके पर आयोजन कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश उरांव, समाज सेवी कामेश्वर प्रसाद,भड़गांव मुखिया अनिल उरांव,उपाध्यक्ष शौकत अंसारी, बिरसा उरांव, फिरोज अंसारी,आदरा उरांव,धर्मवीर उराँव सहित अन्य सैकड़ो खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### सुनिश्चित रोजगार, घर साकार से भाजपा लाएगी झारखंडवासियों के जीवन में बहार : मिशिर कुजुर



**गुमला।** विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी मिशिर कुजूर ने कहा कि भाजपा का पंच प्रण झारखंड वासियों के जीवन में लाएगा नई खुशी नई बहार। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार पिछले पांच वर्षों में राज्य में लूट का जो तांडव की है उसकी परतें अब खुल गई है। झारखण्ड वासियों को अब हेमंत सोरेन के किसी भी वायदे पर यकीन नहीं है। मिशिर कुजूर ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट की बैठक में गोगो दीदी योजना को स्वीकृति दी जाएगी जिसके तहत झारखंड की हर महिला के बैंक खाते में हर महीने की 11 तारीख को 2,100 रुपये तक की वित्तीय सहायता हस्तांतरित की जाएगी।वहीं भाजपा राज्य में लक्ष्मी जोहार शुरू करेगी , जिसके तहत के सभी घरों में 500 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर और साल में दो मुफ्त सिलेंडर उपलब्ध कराएगी। साथ ही राज्य में सुनिश्चित रोजगार शुरू की जाएगी जिसके तहत झारखंड में युवाओं के लिए 5 साल में 5 लाख स्वरोजगार के अवसर पैदा करेगी। इसके अलावा, 2.87 लाख खाली सरकारी पदों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती की जाएगी। इसे सुनिश्चित करने के लिए, पहली कैबिनेट बैठक में ही भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिससे नवंबर 2025 तक 1.5 लाख भर्तियां पूरी हो जाएंगी। इसके अलावा, एक वार्षिक कैलेंडर पेश किया जाएगा, जिसमें सभी मौजूदा परीक्षाओं को एक ही परीक्षा में शामिल किया जाएगा। वहीं राज्य में घर साकार शुरू करेगी जिसके तहत सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण आवास सुनिश्चित करने के लिए घरों के निर्माण के लिए मुफ्त बालू उपलब्ध कराएंगी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण रूप से लागू करके 21 लाख घरों का निर्माण और प्रत्येक को 1 लाख की बढ़ी हुई सहायता प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त, 2027 तक जल जीवन मिशन के माध्यम से 59 लाख घरों को नल के पानी का कनेक्शन प्रदान किया जाएगा।

साथ ही भाजपा उन युवाओं की चुनौतियों का समाधान करेगी जो अपना करियर शुरू करने में संघर्ष कर रहे हैं। इसके लिए हम हर स्नातक और सातकोत्तर युवा को दो साल के लिए 2,000 रुपये प्रति माह का युवा साथी भत्ता देगी। इससे उन्हें अपनी पढ़ाई और करियर के खर्चों जैसे की किताबें और कोचिंग फीस को पूरा करने में मदद मिलेगी।

## संपादकीय

# शराब लाभकारी या हानिकारक राजनीति के मायने

बिहार और आम आदमी पार्टी की राजनीति का देश में जो प्रभाव पड़ेगा झारखंड भी अप्रभावित नहीं रहेगा। बिहार को देश की राजनीति में बदलाव का प्रेरक कहा ही जाता है। वहीं से चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर यानी पीके ने गांधी जयंती के दिन झंडे पर गांधी के साथ अंबेडकर का चित्र लगाकर सुराज की बात कही जो गांधी के स्वराज से अलग तो है ही अंबेडकर के विचारों से भी अलग है। गांधी और अंबेडकर दोनों ही शराब के मुखर विरोधी और शराबबंदी के पूर्ण पक्षधर थे। जबकि देश के विभिन्न राजनीतिक दलों की चुनावी रणनीति तैयार करने में मदद करने वाले प्रशांत किशोर अब खुद बिहार में राजनीतिक पारी खेलने की तैयारी में हैं।

> **गांधी और अंबेडकर दोनों ही शराब के मुखर विरोधी और शराबबंदी के पूर्ण पक्षधर थे। वहीं, विभिन्न राजनीतिक दलों की चुनावी रणनीति तैयार करने में मदद करने वाले प्रशांत किशोर ने अपनी नई पार्टी की घोषणा के दिन कहा कि सरकार बनने पर बिहार में शराबबंदी हटा देंगे।**

इसके लिए उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शस्त्र 'पदयात्रा' को सहारा बनाया है। उन्होंने अपनी नई पार्टी, जन सुराज पार्टी, की घोषणा के वाले दिन एक और बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बनने पर वह बिहार में अप्रैल 2016 से लागू शराबबंदी भी हटा देंगे। बिहार में शराबबंदी हटाने और एक बार फिर शराब बेचने संबंधी प्रशांत किशोर की घोषणा गांधी और आंबेडकर के विचारों के विपरीत है, जिससे उनके ऊपर संदेह पैदा हो रहे हैं। दरअसल, महात्मा गांधी शराब के जोरदार विरोधी थे और यह बात देश के बच्चे-बच्चे को पता है। मोहनदास करमचंद गांधी ने अपनी किताब प्रोहिबिशन ऐट एनी कॉस्ट के पेज नौ पर लिखा था, यदि मुझे एक घंटे के लिए पूरे भारत का तानाशाह बना दिया जाए, तो जो एक चीज मैं करूंगा, वह यह कि देश की तमाम शराब की दुकानों को बिना कोई मुआवजा दिए बंद कर दूंगा। यहीं गांधी और प्रशांत किशोर के विचारों में अंतर साफ नजर आता है। गांधी सत्ता प्राप्त होने की स्थिति में एक घंटे के अंदर पूर्ण शराबबंदी की बात करते हैं, वहीं प्रशांत किशोर भी सत्ता मिलने पर एक घंटे के भीतर शराबबंदी हटाने की बात करते हैं।महात्मा गांधी पूर्ण शराबबंदी से कम, किसी भी स्थिति को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे। लगभग सौ साल पहले 16 अप्रैल, 1925 को यंग इंडिया में गांधीजी ने लिखा था, शराब कोई मामूली बात नहीं है। कोई भी नरम और आसान नीति इस भयानक बुराई से नहीं निपट सकती। पूर्ण निषेध के अलावा कोई भी उपाय लोगों को इस अभिशाप से नहीं बचा सकता। प्रशांत किशोर ने तर्क दिया है कि शराबबंदी से राज्य के राजस्व को नुकसान पहुंचता है। लेकिन महात्मा गांधी ने राजस्व के नुकसान को पूरी तरह खारिज कर दिया था। 25 जून, 1931 को यंग इंडिया में उन्होंने शराब से राजस्व अर्जित करने के स्थान पर अन्य खर्चे कम करने की बात लिखी थी।डॉ. आंबेडकर को भी अपनी पार्टी के झंडे में शामिल कर इन दोनों महान नेताओं के आदर्शों पर चलने का संकेत दिया है। यह संयोग ही है कि गांधी की ही तरह आंबेडकर भी शराबबंदी के पक्षधर और शराब पीने के मुखर विरोधी थे। वहीं, गांधी अंबेडकर ब्रांड से भी लाभ लेने का प्रयास पीके कर रहे हैं जिसका असर देश के साथ झारखंड में भी पड़ सकता है बशर्ते यह दांव चल जाए।

### घर से ही ध्यान व क्रिया योग से सारे चक्रों को खोल सकते हैं स्वामी अमरानंद

# चौथे दिन होती है मां कुष्माण्डा की पूजा


कृष्ण बिहारी मिश्र

नवरात्र चल रहा है। आज चौथा दिन मां कुष्माण्डा का है। मां कुष्माण्डा के हाथों में ऐसे तो कई अस्त्र-शस्त्र विद्यमान है। लेकिन उनके एक हाथ में दिव्य प्रकाश भी होता है। जिन दिव्य प्रकाशों से वे अपने भक्तों के अंदर रहनेवाली सारी अविद्याओं को नष्ट कर, उनमें प्रकाश ही प्रकाश भर देती है। दरअसल नवरात्र एक ऐसा अवसर है, जिसमें अगर आप घर पर ही रहकर ध्यान या क्रिया योग का गहराइयों के साथ निरन्तर प्रयास करते हैं तो आपके सारे शरीर के अंदर विद्यमान सारे चक्र खुल जाते हैं और आप डिवाइन मदर के दिव्य प्रकाश से स्वयं को आलोकित कर लेते हैं। ये बातें आज योगदा सत्संग आश्रम में आयोजित रविवारीय सत्संग को संबोधित करते हुए योगदा संन्यासी स्वामी अमरानन्द गिरि ने योगदा भक्तों से कही।

उन्होंने कहा कि नवरात्र सारे अहंकारों और बुरी आदतों पर विजय पाने का सुंदर अवसर है। इन दिनों किया जानेवाला उपवास भी हमारे शरीर के अंदर की सारी गंदगियों को दूर करने में सहायक होता है। इससे आप प्रतिदिन एक नई दिव्य चेतना से युक्त होते हैं। ये दिव्य चेतना हमें निरन्तर उस दिव्य प्रकाश की ओर ले जाने में सहायक सिद्ध होती है। जिस दिव्य प्रकाश को पाने के लिए योगियो का समूह निरन्तर लगा रहता है।

स्वामी अमरानन्द गिरि ने यह भी कहा कि हमेशा याद रखें कि माया के प्रलोभन से हमें हमेशा बचने की आवश्यकता है। आत्म संयम पर ध्यान देना है। गुरुजी यानी प्रेमावतार परमहंस योगानन्द जी के बताये मार्गों, उनके द्वारा दिये गये विशेष तकनीकों का हमेशा ध्यान करना है, क्रिया योग को अपनाकर अपने आपको दिव्य रास्ते पर ले चलना है। यह हम सबके लिए जरुरी है। उन्होंने कहा कि माया हमेशा अपनी ओर खींचने की कोशिश करेगी। लेकिन हमें इससे बचने की जरुरत है।

उन्होंने कहा कि हमारे गुरुओं ने हमें अपने शत्रुओं से भी प्रेम करना सिखाया है। उनसे घृणा करना नहीं सिखाया। काम, क्रोध, मद, लोभ हमारे अंदर रहनेवाले शत्रु है। जिस पर निरन्तर विजय पाने की आवश्यकता है। अपने हृदय में हमेशा शांति, सद्भाव, करुणा, दयालुता को स्थान दीजिये। हमेशा मुस्कुराते रहिये। तब और ज्यादा मुस्कुराइये, जब आप संकट या विपरीत परिस्थितियों में हो। हमेशा रचनात्मक कार्यों में खुद को लगाइये। आपके द्वारा किये जा रहे प्रेम में समानता का भाव होना चाहिए।

**कौन कहता तू है काली, हे मां जगदंबे**
**लाखों रवि-चंद्र तेरी काया से हैं चमकते, हे मां जगदंबे ...**



उन्होंने कहा कि आपका व्यवहार भी काफी मायने रखता है और उस व्यवहार में आपका प्रेम काफी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रेम से आप दुनिया को बदल सकते हैं। प्रेम से दुनिया को जीत सकते हैं। गुरुजी परमहंस योगानन्द ने तो यहां तक कह दिया कि सिर्फ प्रेम ही उनका स्थान ले सकता है। इसलिए उक्त प्रेम को समझने की जरुरत है।

उन्होंने बड़े ही सुंदर ढंग से परमहंस योगानन्द जी के द्वारा बताई गई हं-सः तकनीक को गहराइयों में बताया और उसके प्रभावों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आत्म-नियंत्रण से सारी बुराइयों को भष्मीभूत किया जा सकता है। इससे सभी प्रकार को दोषों पर नियंत्रण किया जा सकता है। आप अपनी इच्छाशक्ति को अच्छाइयों से बढ़ाएं तथा बुराइयों को दूर भगाएं। उन्होंने अंत में कहा कि ईश्वर के दिव्य प्रेम, दिव्य शांति और दिव्य आनन्द को ध्यान व क्रिया योग की गहराइयों से बहुत ही आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। प्राणायाम के निरन्तर अभ्यास से आप पायेंगे कि आप दिव्यता की ओर बढ़ रहे हैं और क्रिया योग इसमें आपकी महत्वपूर्ण सहायता कर रहा है। इसलिए नवरात्र के इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाने में विलम्ब न करें। आप देखेंगे कि आपके निरन्तर प्राणायाम के अभ्यास ने आपको आपके अंदर की सारी बुराइयों पर विजय प्राप्त करवा दी।

**लेखक बिहार-झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार व विद्रोही 24 डॉट कॉम के संपादक हैं।**

## आपकी बात

# डांडिया के नाम पर अश्लीलता ना हो


स्वामी दिव्यानंद

अखिल भारतीय संत समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं 'हिंदू धर्मयोद्धा' के संस्थापक स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने एक विज्ञप्ति जारी कर अपभ्रंश डांडिया के प्रति अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, स्वामी जी का कहना है कि डांडिया शुद्ध रूप से माता दुर्गा के प्रति अपनी भक्ति और श्रद्धा नृत्य के माध्यम से व्यक्त करने एक धार्मिक अनुष्ठान है। श्रद्धालुओं को यह भी जानना आवश्यक है कि धर्म और आध्यात्मिक के अंतर्गत नृत्य का एक विशेष स्थान है, शास्त्रों में दृष्टांत है कि चैतन्य महाप्रभु हो, मीराबाई हो, या देवाधि देव महादेव ही क्यों ना हों, सभी ने नृत्य किया है और नृत्य के माध्यम से परम आनंद की प्राप्ति पाई जा सकती है, और डांडिया में नृत्य ही है। साथ ही साथ इसमें जो संगीत बजाई जाती है वह भी माता दुर्गा महिषासुर मर्दनी से ही संबंधित है।

स्वामी जी ने बताया कि यह भी समझने की आवश्यकता है, कि नृत्य बोलने से एक आध्यात्मिक भाव मन में आता है, जबकि डांस, नाच या डीजे से अश्लीलता और फुहड़ता ही आता है, इसीलिए डांडिया को शुद्ध रूप से नृत्य ही रहने दिया जाना चाहिए। दूसरी तरफ यह भी बताया की रांची में ही कुछ संगठन डांडिया आयोजन के नाम पर विभिन्न समुदाय के लोगों को निमंत्रण देकर डीजे, अश्लील गाना बजाकर ऐसा आयोजन कर रहे हैं, कहीं-कहीं तो टिकट भी बेचे जा रहे हैं, जिसका संत समिति कड़े शब्दों में भर्त्सना करती है।

आयोजकों को ध्यान रखने की आवश्यकता है डांडिया हमारा शुद्ध रूप से धार्मिक आयोजन है, इसमें किसी भी अहिंदू का प्रवेश हमारे धार्मिक अनुष्ठान की मर्यादा को भांग करेगा। ऐसे आयोजनों के बाद कई प्रकार की घटनाएं सुनने में आती है। समाज का कोई विशेष वर्ग ऐसे आयोजनों की प्रतीक्षा में रहता है और उससे भी बड़ी दुख की बात हमारे ही समाज के लोग ढोंगी भाईचारा रचाने के लिए अभी विधर्मियों से प्रेरित होकर और मतिभ्रम का शिकार होकर उन्हें भी आमंत्रित करते हैं और अपनी माता बहनों का सम्मान को नीलाम करते हैं। अतः ऐसे आयोजनों पर रोक लगनी चाहिए, आयोजक अपने धर्म, अपनी मर्यादा, परिवार और समाज के मान सम्मान का ख्याल रखें।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

## काव्य कोना

### जिंदगी के गीत

नील गगन के छांव में
सजी है जिंदगी
हम चलेंगे उस तरफ जिस
तरफ है जिंदगी।

बादलों के ओट से झांकती है चांदनी
आसमां के छोर से मुस्कुराती
दिख रही जिंदगी।

भंवरो के गुंजन से गुंजायमान
है जगत
कलियों के खिलने से खिल
रही है जिंदगी।

हल्के-हल्के हवा के झोंकों
पर गीत के बोल है
संगीत की लय पर गा
रही है जिंदगी।

दुःख सुख के मंझधार में
बोलती है जिंदगी
जिंदगी के बोल पर गुनगुनाती
है जिंदगी।
गुनगुनाती है जिंदगी।

**-नाग मणि**

## देश की बात

# सार्थक पहल है एक साथ चुनाव


सुरेश हिन्दुस्थानी

देश एक साथ चुनाव कराने की दिशा की ओर सार्थक कदम बढ़ा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई उच्च स्तरीय समिति के अपनी रिपोर्ट सौपने के बाद अब केंद्र सरकार एक साथ चुनाव कराने के अभियान को गति देने का प्रयास कर रही है। इस समिति ने इस आधार पर एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया है, क्योंकि इसके लिए अधिकांश राजनीतिक दलों की राय एक साथ चुनाव कराने को लेकर सकारात्मक रही। राजनीतिक विद्वानों का मानना रहा कि एक साथ चुनाव से देश में विकास की धारा को गति मिलेगी। इसका मूल कारण यही है कि देश में चुनाव की प्रक्रिया बहुत जटिल-सी दिखाई देने लगी है। राजनीतिक दल हर समय किसी न किसी चुनाव की तैयारी में व्यस्त रहते हैं। बार-बार चुनाव होने के कारण सभी राजनीतिक दलों के नेता और प्रशासनिक अधिकारी जनता के काम करने में सीधा सरोकार नहीं रखते। जिसके कारण जन सामान्य के जुड़े ऐसे कार्य भी प्रभावित होते हैं, जो बहुत जरूरी होते हैं। ऐसे में एक साथ चुनाव कराया जाना एक सार्थक पहल कही जा सकती है। इससे बार-बार चुनाव में लगने वाले समय में कमी आएगी और आवश्यक कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जा सकेगा। यह बात स्मरण करने वाली है कि वर्तमान केंद्र सरकार ने देश में कई परियोजनाओं को तय समय से पहले ही पूर्ण किया है। एक साथ चुनाव होने से इसमें और गति आएगी, यह तय है। वर्तमान में भारत में ऐसे कई कारण हैं, जो राष्ट्रीय विकास में बाधक बन रहे हैं। इसमें एक अति प्रमुख कारण बार-बार चुनाव होना है। देश में होने वाले चुनावों के दौरान लगने वाली आचार संहिता के चलते सरकार का कामकाज भी प्रभावित होता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## फेसबुक वॉल से

**Rama Shankar Singh**
2d ·
हरियाणा में 24 घण्टे में जलेबी की फैक्ट्री शुरू हो चुकी है
कैश ऑन डिलीवरी चालू है... See more



30 · 6 comments 1 share
Like Comment Send Share

## X से

**Dilip Kumar Singh** @DilipKu2438... · 1d
तेजस- वर्टिकल टेक ऑफ, देखने लायक है। हमारे महान भारत देश का उत्पादन।



1K 4.1K 16K 664K

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। **–संपादक**

## आज का दोहा

**जो हलाक होकर गये, वो कितने मजबूर।**
**सुना जहन्नुम में उन्हें धता दे रहीं हूर।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**



## बोधि वृक्ष

पूर्ण ज्ञान आपको उस अवस्था पर ले आएगा जहां आपको ऐसे कार्य करने के लिए कुछ भी प्रलोभित नहीं कर पाएगा जो सुख का वचन तो देते हैं परंतु अंत में आपको केवल दुख ही देते हैं।

# अपने भीतर से सर्वश्रेष्ठ को व्यक्त करना


श्री श्री परमहंस योगानंद

प्रलोभन के विरुद्ध ज्ञान से बढ़ कर बलशाली शक्ति और कोई नहीं है जिसका आप प्रयोग कर सकते हैं। पूर्ण ज्ञान आपको उस अवस्था पर ले आएगा जहाँ आपको ऐसे कार्य करने के लिए कुछ भी प्रलोभित नहीं कर पाएगा जो सुख का वचन तो देते हैं परन्तु अन्त में आपको केवल दुःख ही देते हैं। जब तक आपको ज्ञान प्राप्त नहीं हुआ है, और जब प्रलोभन होता है, तो सर्वप्रथम आप उस कार्य अथवा लालसा को रोक दें, और उसके बाद तर्क करें। यदि आप पहले तर्क का प्रयास करते हैं, तो चाहे आप किसी कार्य को न भी करना चाहें, तो भी आप उसे करने के लिए बाध्य हो जाएँगे, क्योंकि प्रलोभन तर्क पर हावी हो जाएगा। केवल कहें 'नहीं' और उठकर दूर चले जाएँ। यही शैतान (माया) से बचने की सबसे अचूक विधि है। प्रलोभन के आक्रमण के समय, आप जितना अधिक इस 'नहीं करूँगा' की शक्ति को विकसित करेंगे, उतना ही अधिक आप प्रसन्न रहेंगे, क्योंकि सम्पूर्ण आनन्द उस कार्य को करने की सक्षमता पर निर्भर है, जिसे आपकी अन्तरात्मा आपको अवश्य ही करने के लिए कहती है। जब आप प्रलोभन को 'नहीं' कहते हैं तो आपका अर्थ 'नहीं' ही होना चाहिए। कभी हथियार न डालें। अति दुर्बल व्यक्ति सदा 'हाँ' कहता है। **(क्रमशः)**

## दुनिया की बात

# चिंता का विषय बनता युद्ध जनित वैश्विक वातावरण


डा. मनमोहन प्रकाश
लेखक, वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार

आज विश्व में कुछ देशों के मध्य चल रहे युद्ध ने न केवल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप सम्मिलित देशों को परेशान कर रखा है अपितु विश्व के समस्त छोटे-बड़े देश चिंतित नजर आते हैं। चिंता का विषय न सिर्फ युद्ध देशों से आ रही बंम, गोलों, राकेट, मिसाइल के धमाके, आग की लपटे, घना घुंआ और खंडहर होते भवन और शहर हैं, नष्ट होते पेड़-पौधे, जीव-जंतु, पशु-पक्षी हैं, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक मिटती, उजड़ती जिंदगियां हैं अपितु कराहती, रोती, बिलखती मानवता है और आहट सुनाई देती परमाणु / विश्व युद्ध की आशंका भी है। आज विश्व में इजरायल-हमास और रुस-यूक्रेन युद्ध अपने चरम पर दिखाई दे रहे हैं। कहने को तो यह युद्ध वन टू वन है पर धरातल पर स्थितियां कुछ अलग है। विश्व के सभी देश चिंतित और परेशान हैं। किसी को पर्यावरण की चिंता है, किसी को अपनी सुरक्षा की चिंता है, किसी को अपनी अर्थव्यवस्था की चिंता है, किसी को विकास की चिंता है, किसी को शरणार्थियों की चिंता है, किसी को मानवाधिकार की चिंता है तो किसी को चिंता है कि इन युद्धों को कैसा समाप्त कराया जाय तथा विश्व में शांति कैसे स्थापित की जाय। कुछ ऐसे भी देश हैं जो इन युद्धों की आग में घी डालकर इसे और भयावह बनाने के साथ युद्ध देशों में सुलह के रास्ते बंद कर रहे हैं। जहाँ रूस-यूक्रेन युद्ध में युक्रेन के पक्ष में परोक्षरूप से साथ दे रहे हैं अधिकांश नाटों सदस्य देश, वहीं रूस का खुलकर साथ दे रहे हैं चीन, ईरान और नोर्थ कोरिया। इसी तरह हमास-इजराइल युद्ध में हमास का खुलकर साथ दे रहे हैं लेबनान, ईरान, यमन वहीं इजरायल को समर्थन मिल रहा अमेरिका का। कुछ देश ऐसे भी हैं जो प्रत्यक्ष तौर पर तो किसी देश का समर्थन नहीं कर रहे हैं किन्तु चोरी-छुपे युद्ध में अपना अंशदान अवश्य दे रहे हैं। इन्हीं स्थितयों के देखते हुए तीसरे विश्व युद्ध के साथ परमाणु युद्ध होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इन युद्धों ने विश्व के अधिकांश देशों का प्रगति और विकास से ध्यान हटाकर अपने अस्तित्व और सीमाओं को सुरक्षित करने के प्रयासों में लगा दिया है। विश्व के हर छोटे-बड़े देश आज जितने चिंतित नजर आते हैं,उतने पहले कभी नहीं रहे। इन युद्धों से निर्मित स्थितियों ने देशों को भविष्य में अपनी आन-बान-शान और सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए नये सिरे सोचना, योजनाएं बनाना, सुरक्षात्मक संसाधन जुटाना आरंभ कर दिया है। विदेश नीति को नये सिरे लिखने के लिए मजबूर कर दिया है।इन युद्धों को देख कर लगता है कि मानव के वैज्ञानिक मन ने प्रकृति,मानव और मानवता को नष्ट करने के कितने सारे अविष्कार कर रखें है। यहीं पर नहीं रुकते हुए भविष्य के लिए आज जो खतरनाक अस्त्र-शस्त्र हैं उनसे और अधिक खतरनाक अस्त्र-शस्त्र बनाने के लिए मन बना लिया है और उन पर काम करना भी शुरू कर दिया है। शायद ही कोई अविकसित, विकासशील तथा विकसित राष्ट्र होगा जो इस तथ्य से परिचित न हो कि युद्ध विश्व शांति , प्रकृति, पर्यावरण, पारिस्थितिक तंत्र तथा मानवता के लिए किसी भी दृष्टिकोण से अच्छा नहीं है। इसीलिए आज के वैश्विक वातावरण तथा परिस्थितियों से उठते कई प्रश्नों ने विश्व के शांति प्रिय, विकास और विश्वबन्धुत्व में विश्वास रखने वाले देशों की नींद उड़ा रखी है और चिंतन करने के लिए मजबूर कर दिया है किः- विश्व को अशांत कर कोई भी देश कैसे खुश रह सकता है? क्या परोक्ष या अपरोक्ष रूप से युद्ध में सम्मिलित देश सच्चे अर्थों में पर्यावरण, प्रकृति और मानवता के शुभचिंतक हैं? क्या युद्धों में नष्ट हो रहे प्राकृतिक संसाधन भविष्य में आने वाली पीढ़ी के जीवन को अधिक कष्टदायक नहीं बनायेंगे? क्या जैविक विकास की प्राकृतिक प्रक्रिया बाधित नहीं होगी? क्या युद्ध के कारण तमाम बिगड़ती वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं विभिन्न नई समस्याओं को जन्म नहीं देगी? क्या अंतदेर्शीय व्यापारिक मार्ग तथा व्यापार प्रभावित नहीं होगा? क्या देश अपने यहां विकास पर ध्यान देने के स्थान पर हथियारों की क्रय-विक्रय की होड़ में सम्मिलित नहीं हो जायेंगे? क्या विस्थापन और शरणार्थी संकट परेशान नहीं करेगा? **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### चांडिल के धातकीडीह में दो दिवसीय एचएलएम ट्रॉफी सीजन 3 शुरू

**चांडिल।** चांडिल प्रखंड अंतर्गत धातकीडीह में रविवार को दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता एचएलएम ट्रॉफी सीजन 3 का शुभारंभ हुआ. एचएलएम ट्रॉफी का आयोजन आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह जन सेवा ही लक्ष्य के संस्थापक हरेलाल महतो के जन्मदिन के अवसर पर किया जाता है. रविवार को आजसू पार्टी के नेता हरेलाल महतो ने धातकीडीह फुटबॉल मैदान में परिवार के सदस्य, समर्थक व कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया. मौके पर जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमहंत विद्यानंद सरस्वती, महंत मेघानंद सरस्वती भी उपस्थित थे. इसके बाद फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया.

### अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**चाईबासा।** जगन्नाथपुर में आयोजित विधानसभा स्तरीय जन संवाद कार्यक्रम में रविवार को झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधायक सोनाराम सिंकू शामिल हुए. जगन्नाथपुर से वापसी के क्रम में मंत्री इरफान अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विधायक सोनाराम सिंकू ने जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से चाईबासा परिसदन में एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई. इस अवसर पर अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष जहांगीर आलम ने जिला के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की दयनीय हालत के लिए मंत्री को ज्ञापन सौंपा. मालूम हो कि पश्चिमी सिंहभूम जिले के ज्यादातर अस्पतालों में चिकित्सकों, दवाओं और अन्य बुनियादी सुविधाओं का अभाव है.

### अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से 2 की मौत, आधा दर्जन लोग घायल

**धनबाद।** ईसीएल की बरमुड़ी कोलियरी में अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से दो युवकों की मौत मौके पर ही हो गई. आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक युवक की हालत गंभीर है. उसका पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है. घायलों का इलाज गुपचुप तरीके से कराया जा रहा है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि रोजाना की तरह दर्जनों लोग अहले सुबह कोयला के अवैध खनन के लिए खदान में घुसे थे. करीब पांच बजे जोरदार आवाज के साथ चाल धंस गई. घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गई. मलबे में घायलों को आनन-फानन में निकाला गया, जिसमें मैथन के पोड़ाडीह गांव निवासी युवक दीपक बाउरी व डीजे बाउरी की मौत हो चुकी थी, जबकि आधा दर्जन लोग घायल हैं.



# नए सत्र के प्रशिक्षुओं का परिचय व रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

**विष्णुगढ़।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बनासो पंचायत अवस्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में बीएड पाठ्यक्रम के नए सत्र के प्रशिक्षुओं का परिचय के साथ दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जितेंद्र पांडे एवं प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार चतुर्वेदी की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । मौके पर प्राचार्य डॉक्टर चतुर्वेदी ने कहा कि एक आदर्श शिक्षक बनने में बी एड पाठ्यक्रम और प्रभावी प्रशिक्षण की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। मौके पर स्वर्णा मिश्रा, बबली ,कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,अशोक झा,वीरेन्द्र देव,शशि देव, ,राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव,राजेश कुमार,भुनेश्वर महतो,प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अदृश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद्र यादव, जयपाल राणा,डॉ० अम्बरीश कु० दुबे,डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु० पाठक, सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रकाश कुमार आजाद सभी प्राध्यापक, प्रशिक्षु एवं सभी कर्मी उपस्थित थे।

### बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना हमारा मुख्य उद्देश्य : सुनीता राय

**किरीबुरू।** अधिशासी महिला समिति, किरीबुरु ने अध्यक्ष सुनीता राय के नेतृत्व में 5 अक्टूबर को ऑफिसर्स क्लब किरीबुरु में सम्मान समारोह का आयोजन किया. इसमें सेल द्वारा संचालित सारंडा सुवन छात्रावास में रहकर पढ़ने वाले सारंडा के गरीब बच्चों के बीच सामग्रियों का वितरण किया गया. इस दौरान बच्चों को जूता, कपड़ा एवं मिठाइयों का पैकेट दिया गया. सुनीता राय ने कहा कि महिला समिति, किरीबुरु की महिलाएं आपसी सहयोग से एक फंड संग्रह करती हैं. इस पैसा का इस्तेमाल गरीब बच्चों के शैक्षणिक सहयोग के अलावे समाज के जरुरतमंदों के विकास आदि कार्यों पर प्रतिवर्ष खर्च करती हैं. बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना हमारा मुख्य उद्देश्य है. आज बच्चों को यह उपहार देकर महिलाएं अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रही हैं. ये बच्चे अपने माता-पिता से दूर रहकर यहां पढ़ते हैं. दुगार्पूजा का त्योहार है, जिसमें इन बच्चों को भी नये वस्त्र व जूता आदि पहनने की इच्छा रहती है.

# दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर बजरंग इंटरटेनमेंट की शुरूआत शिवकुमार पांडे ने की



**नवीन मेल संवाददाता। विष्णुगढ़** गुपचुप के शरारती शौकीन की शरारत और करिश्मे से लबरेज कामेडी खोरठा भाषा मे यूट्यूब पर प्रसारित होगा।झारखंड के हजारीबाग जिला अंतर्गत विष्णुगढ़ प्रखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में इसे लेकर दिर्श्य फिल्माए जा रहे हैं। नवंबर महीने में इसका प्रसारण संभव है। शूटिंग की शुरूआत बनासो स्थित महामाया मंदिर प्रांगण में पूजा आराधना के साथ की गई। कलाकारों ने मां बागेश्वरी मंदिर में मत्था टेका। वेब सीरीज की सफलता की कामना की। पूजा आराधना के पश्चात बनासो चट्टी तथा बनासो बाजार के एक क्लीनिक में दृश्य फिल्माया गया। एक शरारती गुपचुप के शौकीन की एवं एक डॉक्टर कैसे मरीजों को ठगी कर पैसा कमाता है इस पर एक शूटिंग की गई। बजरंग इंटरटेनमेंट के बैनर तले कॉमेडी सीरीज का आनंद यूट्यूब के जरिए लोग ले सकेंगे। इस संबंध में संचालक शिवकुमार पांडेय उर्फ बबन पांडेय ने कहा है कि झारखंड में कलाकारों की कमी नहीं है। न ही टैलेंट की कमी है। यहां के कलाकार दूसरे राज्य में जाकर दूसरी भाषाओं में फिल्मों व सीरीज में काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि देश में भाषाओं की विविधता है। विभिन्न भाषाओं में गीतों एवं फिल्मों के माध्यम से वीडियो एवं एल्बम के माध्यम से निर्माता, निर्देशक तथा कलाकारों ने मेहनत की। सफलता गिने चुने लोगों को ही मिल पाई।

### रामगढ़ के नवप्रोन्नत 2 पुलिस अवर निरीक्षकों व 18 सहायक अवर निरीक्षकों को स्टार लगाकर प्रोन्नति आदेश किया निर्गत



**रामगढ़।** पुलिस मुख्यालय झारखण्ड रांची द्वारा राज्य के कुल 2713 साक्षर आरक्षी / साक्षर हवलदार कोटि के कर्मियों को सअनि के कोटि में प्रोन्नति प्रदान की गई है। जिसमें रामगढ़ जिला कुल 18 साक्षर आरक्षियों को सअनि की कोटि में प्रोन्नति दी गई है। इसके अतिरिक्त पूर्व में सअनि से पुअनि के कोटि में प्रोन्नति हेतु लंबित पुलिस पदाधिकारियों को भी प्रोन्नति प्रदान की गई है। जिसमें रामगढ़ जिला के 02 पुलिस पदाधिकारी पुअनि के पद पर प्रोन्नति प्राप्त किये हैं। 6 अक्टूबर को सभी नवप्रोन्नत पुलिस अवर निरीक्षक एवं सहायक अवर निरीक्षकों का पिपिंग समारोह पुलिस अधीक्षक कार्यालय रामगढ़ सभागार में आयोजित किया गया । समारोह मरण सभी नवप्रोन्नत पदाधिकारियों को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा स्टार लगाकर जिला स्तर से प्रोन्नति आदेश निर्गत किया गया।
नवप्रोन्नत पदाधिकारियों की सूची निम्नवत है :
**सहायक अवर निरीक्षक से पुलिस अवर निरीक्षक में प्रोन्नत**
1.पुअनि अजित कुमार सिंह, 2. पुअनि शिवनन्दन यादव
साक्षर आरक्षी से सहायक अवर निरीक्षक में प्रोन्नत
1. सअनि संजय कुमार गोराई, 2. सअनि अरविन्द कुमार सिंह, 3. सअनि उपेन्द्र कुमार मेहता, 4. सअनि राम महली, 5. सअनि सुनील मुण्डा, 6. सअनि अशोक कुमार सिंह, 7. सअनि राजेश तिर्की, 8. सअनि दामोदर राम, 9. सअनि फ्रांसिस सोय, 10. सअनि दुर्गा उराँव, 11. सअनि अटल गुड़िया, 12. सअनि दीपक उराँव, 13. सअनि बिनोद गाड़ी, 14. सअनि गन्दूर उराँव, 15. सअनि निर्मल लकड़ा, 16.सअनि हिरा कुमारी, 17. सअनि बसंती तिर्की 18. सअनि जुलियाना धान को प्रोन्नति दिया गया।

### बाबूलाल ने तिसरी और गांवा में 13 योजनाओं का किया शुभारंभ

# 10 सड़कों और 3 पुलों का हुआ शिलान्यास, लोगों में हर्ष



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)** पूर्व मुख्यमंत्री सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी ने रविवार को तिसरी प्रखंड और गांवा प्रखंड में करोड़ों की लागत से 10 सड़कें और 3 पुल का शिलान्यास किया। बाबूलाल रविवार की सुबह उड़नखटोले से तिसरी पहुंचे थे। जिसके बाद वे सर्वप्रथम चंदवापहड़ी गांव पहुंचे जहाँ उन्होंने सड़क का शिलान्यास किया। उसके बाद खिजुरी क्रेशर मोड़ के पास कई योजनाओं का सामूहिक शिलान्यास किया। जिसके बाद भंडारी में सड़क का शिलान्यास करने के पश्चात वे गांवा पहुंचे। जहां दो सड़कों का शिलान्यास किया गया वहीं अंतिम में केंवटाटांड में उन्होंने सड़क का शिलान्यास किया। इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि धनवार विधनसभा में करोड़ों रुपए का पुल और सड़क बनाया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को आवागमन में कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद बचे हुए सड़क, पुल-पुलिया का भी निर्माण कराया जाएगा, चारों तरफ विकास की गंगा बहेगी। उन्होंने लोगों से अगले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जितने की अपील की है। कहा झारखण्ड में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा ही सम्पूर्ण विकास होगा। इसके बाद वे पुनः उड़नखटोले से रांची के लिए रवाना हो गए। बाबूलाल द्वारा इन सड़कों और पुल का शिलान्यास होने से तिसरी और गांवा के लोगों में काफी हर्ष व्याप्त है।

### जिप सदस्य कुमकुम ने अस्पताल पहुंच कर पीड़ित को की आर्थिक मदद



**बरकट्ठा।** 'दया बहन' के नाम से क्षेत्र में चर्चित जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी में शुरू से ही गरीबों,असहायों व पीड़ितों के प्रति सेवा का भाव रहा है।यह भावना इन्हें विरासत में पूर्व विधायक खगेन्द्र प्रसाद से मिला है जिसे ईमानदारी से निभाने में कुमकुम कोई कसर नहीं छोड़ती। विदित हो कि गैड़ा पंचायत के बसरामों निवासी वीरेंद्र पासवान ,पिता कारू पासवान के परिजनों ने कुमकुम को फोन कर कहा कि रिम्स रांची आप पहूंचे और हमारी मदद करें। क्योंकि हमारा लड़का वीरेंद्र कुछ दिनों से बीमार था जिसका इलाज कराने हम लोग रिम्स पहुंचे हैं।वहीं कुमकुम फोरन अस्पताल पहूंच कर यथासंभव मदद करते हुए अस्पताल प्रबंधन को सांसद सह मंत्री अन्नपूर्णा देवी से फोन करवाया और ईलाज में लापरवाही न हो इसकी समुचित व्यवस्था किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि भाजपा में टिकट के काफी करीब पहूंच चुकीं हूँ और चुनाव की तैयारी में लगी हूँ। आप सबों का आशीर्वाद से बीजेपी से टिकट मिलने की मुझे पूरी उम्मीद है।

### गावां में इंनौस का छात्र युवा सम्मेलन का हुआ आयोजन, पूर्व विधायक ने कहा

# केंद्र की भाजपा सरकार ने देश के युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेल




**नवीन मेल संवाददाता। गावां** गिरिडीह। गावां प्रखंड मुख्यालय में रविवार को इंकलाबी नौजवान सभा की ओर से गावां और तिसरी प्रखंड का छात्र युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें दोनों प्रखंडों से काफी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। सम्मेलन में पूर्व विधायक राजकुमार यादव भी मुख्य रूप से मौजूद थे। सम्मेलन की अध्यक्षता जिप सदस्य पवन चौधरी एवं संचालन जिला सचिव अशोक मिस्त्री ने किया। मौके पर सम्मेलन में युवाओं को वर्तमान राजनीतिक परिपेक्ष से अवगत कराते हुए उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया। रोजगार और नौकरी के नाम पर लगातार ठगा जा रहा है। आज देश में युवाओं का एक बड़ा आबादी है। उसके बावजूद युवाओं को ठगा जा रहा है। झारखंड में भाजपा सत्ता पर काबिज होने के लिए तरह-तरह के योजनाओं का लॉलीपॉप दे रही है। जब राज्य में भाजपा सत्ता में थी तो आंगनबाड़ी सेविकाओं और पारा शिक्षकों को पीटा जाता था। जब सत्ता से बेदखल हुई और अब चुनाव आया तो बौखलाकर दूसरे राज्य के नेताओं को उतार रही है। जिससे यहां के लोगों दिग्भ्रमित कर पुनः सत्ता पर काबिज होना चाहती है, जिसे झारखंड की जनता कभी पूरा होने नहीं देगी।

### स्कूलों में मध्याह्न भोजन किसी भी परिस्थिति में बंद नहीं करें : सपन कुमार

**धनबाद।** मध्यान भोजन योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को विद्यालय से जोड़ना, उपस्थिति बढ़ाना, ड्रॉप आउट कम करने के साथ दिन में उन्हें पौष्टिक खाना उपलब्ध कराना है. यह बातें शनिवार को एग्यारकुण्ड प्रखंड के सभागार में आयोजित गुरु गोष्ठी (समीक्षात्मक बैठक) में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सपन कुमार मंडल ने कहीं. उन्होंने स्कूलों के प्रधान शिक्षकों से कहा कि किसी भी परिस्थिति में विद्यालय में मध्यान्ह भोजन बंद नहीं करें. मासिक गुरु गोष्ठी में रूआर अभियान, प्रयास कार्यक्रम, बच्चों का आधार एवं बैंक खाता, जन्म प्रमाण पत्र, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पोशाक वितरण, सोशल ऑडिट, पाठय पुस्तक वितरण, बेस लाइन सर्वे रिपोर्ट, मध्यान भोजन आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई.

### नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता बना सलगावां

# विजयी टीम को नगद राशि व शील्ड देकर किया गया पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता। कटकमदाग/हजारीबाग** कटकमदाग मैदान में रविवार को सांसद खेल महोत्सव 2024 के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला हुआ। सलगावां टीम ने खपरियावां बनहा को 1-0 से पराजित कर टूर्नामेंट का विजेता बना। जबकि बालिकाओं की टीम में जमुआरी टीम ने फतहा टीम को हराकर विजेता बनी। मुख्य अतिथि श्रद्धानंद सिंह व विशिष्ट अतिथियों ने विजेता बालक टीम को 25 हजार का चेक शील्ड व उप विजेता टीम को 15 हजार का चेक व शिल्प प्रदान कर पुरस्कृत किया। टूर्नामेंट में कुल 47 टीमों ने भाग ली। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से पिछले 2016 से हो रहा है। समापन समारोह को भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष इंद्रनारायण कुशवाह, भाजपा के वरिष्ठ नेता केपी ओझा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, उप प्रमुख बिमल गुप्ता, खपरियावां मुखिया राजेश गुप्ता आदि ने संबोधित कर खिलाड़ियों का हौसलावर्द्धन किया। संचालन मंडल के प्रभारी अध्यक्ष अरुण कुमार राणा ने किया।

# चर्च से प्रेम, शांति और सेवा का परिचय होता है : जोबा माझी



**नवीन मेल संवाददाता। चक्रधरपुर** आनंदपुर प्रखंड के सुदूर हारता पंचायत अंतर्गत काडेदा गांव में रविवार को 59वां संत थोमस उपासनलय सह चर्च स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद जोबा माझी शामिल हुईं. यहां सांसद जोबा माझी का पारंपरिक तरीके से नृत्य और गीत के साथ स्वागत किया गया. वक्ताओं ने चर्च स्थापना दिवस पर प्रकाश डालते हुए इसके इतिहास की जानकारी दी. सांसद जोबा माझी ने लोगों को चर्च स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि यहां आकर अच्छे विचार मिलते हैं. चर्च से प्रेम, शांति और सेवा का परिचय होता है. उन्होंने लोगों से एक दूसरे का सहयोग करने और प्रेम सद्भाव के साथ रहने की अपील की. सांसद ने लोकसभा चुनाव में समर्थन देने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा आपने पहले से बड़ी ताकत दी है. आपकी बातों और समस्याओं को अब देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में रखकर समाधान का प्रयास करूंगी. ग्रामीणों की मांग पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय पुटूंगा की चारदीवारी, शौचालय आदि निर्माण की घोषणा की. सांसद ने महिलाओं के साथ सामूहिक नृत्य भी किया. मौके पर फादर थॉमस मुंडू, पुरोहित संतोष मुंडू, प्रचारक पैतृक डांग, सचिव जीवन प्रकाश भुईयां, पौलुस भुईयां, मेरी भुईयां, जीरन भुईयां, सुशाना डांग, प्रीतिवंती डांग, प्रमोद बरजो, प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष अजय कच्छप, सेवानिवृत्त शिक्षक दानिएल भुईयां समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.

### बड़कागांव प्रखंड स्तरीय कांग्रेस कोर कमेटी का मिलन समारोह संपन्न

# मेरे परिवार से 15 वर्षों का हिसाब मांगा जा रहा है, जो मैंने पांच वर्षों में पूरा दिया : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बड़कागांव** बड़कागांव विधानसभा का बुरे लोगों की नजर लग गई है। उन लोगों से बचाना मेरा काम है। बड़कागांव का मान सम्मान के लिए मैं 24 घंटा काम करती हूं। बड़कागांव की जनता के हक अधिकार एवं सुरक्षा दिलाना मेरा मुख्य उद्देश्य है। क्षेत्र की जनता को विकास दिख रही है लेकिन विरोधी को नहीं। विकास का कोई अंत नहीं है लेकिन लोग बड़कागांव का किस तरह विकास करना चाहते हैं यह समझ मेंनहीं आता है। उक्त बातें बड़कागांव जेडीएम बालिका उच्च विद्यालय के प्रांगण में प्रखंड स्तरीय कांग्रेस कोर कमेटी का मिलन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने कही। मिलन समारोह की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे एवं संचालन निरंजन कुमार व मजहर आलम ने संयुक्त रूप से किया। विधायक ने आगे कहा कि मेरे परिवार से 15 वर्ष का हिसाब मांगा जा रहा है। वह मैं 5 वर्ष में पूरा कर दिया हूं। क्षेत्र के विस्थापन एवं हक अधिकार की लड़ाई में मेरे माता पिता 10 वर्ष तक जेल में रहे। योजना का उद्घाटन करूं या ना करूं लेकिन जो काम शुरू करना होता है उसी का शिलान्यास करती हूं दिखावा के लिए नहीं। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा की जनता ही मेरे परिवार हैं। यहां की जनता के कारण प्रदेश ही नहीं बल्कि देश स्तर पर मेरी पहचान मिली है जो मैं कभी भूल नहीं सकती। अब मेरा एक ही दुनिया है वह बड़कागांव विधानसभा। उन्होंने कांग्रेसियों से निडर होकर काम करने का अपील की।

**बड़कागांव को सिर्फ लूटने के लिए कई लोग कुच कर रहे हैं : योगेन्द्र**

पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू ने कहा कि बड़कागांव को सिर्फ लूटने के लिए कई लोग कुच कर रहे हैं। सिर्फ मंच से विस्थापितों का हक एवं अधिकार दिया नहीं जा सकता। इसके लिए मैं पूरा परिवार क्षेत्र की जनता के लिए बलिदान दिया हूं। विधायक अंबा प्रसाद विकास का चार चांद लगा रही हैं। कंपनी से पंगा लेना आसान नहीं है और वह काम सिर्फ योगेंद्र साहू ही कर सकता है। मैं ढिशुम ढिशुम के रूप से जाने जाते हैं। मेरे परिवार को डैमेज देने के लिए कंपनी 100 करोड रुपैया बर्बाद कर पूर्व विधायक निर्मला देवी एवं मुझे जेल से लेकर तड़ीपार करने का काम किया आज कंपनी के लोग पछता रहे हैं। श्री साहू ने आगे कहा कि झारखंड एवं बड़कागांव राजनीति का अब अखाड़ा बन गया है।लूटने का संडयंत्र चल रहा है। कई राज्य के मुख्यमंत्री एवं नचनिया बजनिया लैंड हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद क्षेत्र में विस्थापन की बात करते हैं लेकिन संसद में विस्थापन के नाम पर चुपी साध जाते हैं। व्यापारी को नेता बनाइएगा तो जनता भिखारी बनेगा ही। उन्होंने आगे कहा कि अंबा प्रसाद का जब जन्म नहीं हुआ था उस समय से महुदी गांव का विवाद है। बड़कागांव की भोली भाली जनता इसी महुदी से यदुनाथ पांडे को नेता बनाया और आज तक इसका समाधान नहीं हो सका।

### लूट की दो घटना में शामिल दो अभियुक्त और एक ज्वेलरी दुकान का संचालक गिरफ्तार



**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता में वेस्ट बोकारो ओपी में 21 और 26 सितंबर को हथियार के बल लूट की दो घटनाओं में शामिल 2 अभियुक्तों व एक ज्वेलरी दुकान संचालक के गिरफ्तार होने की जानकारी दी। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया की 21 सितंबर को वेस्ट बोकारो ओपी अंतर्गत ग्राम सोनडीहा से संतोष सोनी पिता-रामप्रकाश सोनी के घर में 3-4 अज्ञात हथियारबंद अपराधकर्मी एवं 26 सितंबर को रात्रि में वेस्ट बोकारो ओपी अंतर्गत ग्राम सोनडीहा निवासी बबलू सोनी पे शिवचरण साव के घर में 06 अज्ञात हथियारबंद अपराधी घर में घुसकर घर के सदस्यों को कब्जे में लेकर घर में रखे जेवरात तथा कैश रुपये लूटने की घटना को अंजाम दिया था। इस संदर्भ क्रमशः 1. मांडू (वे०बो०) थाना काण्ड संख्या 226/24 दिनांक 22/09/024 धारा 309 (4) भानसं अंतर्गत एवं 2. मांडू (वे०बो०) थाना काण्ड संख्या-230/24 दिनांक 27/09/024 धारा-310(2) भानसं दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया की दोनों कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान करते हुए घटना में शामिल अभियुक्तों का पता लगाते हुए छापामारी अभियान चलाया गया

# दुर्गा पूजा पर राजधानी में होगी नई ट्रैफिक व्यवस्था

रांची। दुर्गा पूजा को लेकर 9 से 13 अक्टूबर तक राजधानी के मुख्य मार्गों पर शाम चार बजे से छोटे व बड़े वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। ट्रैफिक एसपी ने रविवार को इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

## किस रूट के वाहन कहां तक आ सकेंगे



- **सभी** प्रकार के निजी वाहन, ऑटो और ई-रिक्शा का परिचालन कचहरी चौक से शहीद चौक, फिरायालाल चौक, सुजाता चौक की ओर वर्जित रहेगा. सुजाता चौक की तरफ से मेन रोड में आने वाले सभी निजी वाहन सैनिक मार्केट जीईएल चर्च कम्प्लेक्स तक ही जा सकेगी।
- **पिस्का** पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट (रातु रोड) की ओर आने वाली सभी छोटी गाडियों का परिचालन सुबह चार बजे से शाम चार बजे तक मीनाक्षी सिनेमा मोड़ से पहाड़ी मंदिर होते हुए किशोरगंज चौक और यहां से हरमू चौक की ओर होगी।
- **हरमू** की तरफ से किशोरगंज होकर रातू रोड की तरफ आने वाले चार पहिया वाहनों का परिचालन किशोरगंज चौक तक ही होगा. इस ओर से आने वाले ऐसे सभी दो पहिया वाहन किशोरगंज से आगे पहाडी मंदिर मोड़ से मीनाक्षी सिनेमा मोड़ और रातू रोड होकर पिस्का मोड़ की ओर जायेंगे।
- **हरमू** बाईपास रोड के तरफ से पिस्का मोड़ की तरफ जाने वाले छोटे चार पहिया वाहन बीजेपी कार्यालय के पास से पीपर टोली होकर कटहल मोड, हेहल अंचल होते हुए पिस्का मोड़ की तरफ जायेंगे।
- **कांके** रोड से कचहरी चौक की तरफ आने वाली छोटी गाडियों जाकिर हुसैन पार्क,रेडियम रोड़ होकर कचहरी चौक तक, लालपुर चौक से कचहरी चौक आने वाली छोटी गाडियों जेपीएससी कार्यालय तक, बरियातू रोड से अल्बर्ट एक्का चौक की ओर जाने वाली छोटी गाडियों लाइन टैंक रोड स्थित रामगढ ट्रेकर पड़ाव तक एवं डंगराटोली चौक से सर्जना चौक की ओर आने वाली छोटी गाडियों मिशन चौक तक ही आ सकेगी।
- **लालपुर** से कोकर जाने वाले मार्ग वन-वे रहेगा. सिर्फ लालपुर से कोकर की ओर जाने वाले वाहन सदर थाना वाले मार्ग से होते हुए जायेंगे. कोकर से लालपुर की ओर आने वाली गाडियों कांटाटोली होकर अपने गंतव्य तक जाऐगी।
- **मेन** रोड में शाम चार बजे से अगले दिन सुबह चार बजे तक छोटे वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है. किशोरगंज चौक तक छोटी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।

## यहां होगी पार्किंग की व्यवस्था

- **डोरंडा** और सुजाता चौक से मेन रोड आने वाले वाहनों की पार्किंग सैनिक मार्केट व चर्च कॉम्प्लेक्स।
- **अलबर्ट** एक्का चौक से बकरी बाजार की ओर जाने वाले लोग जिला स्कूल और बालकृष्ण स्कूल में वाहन पार्क करेंगे।
- **डंगराटोली** से सर्जना चौक जाने वाले वाहन संत जॉन्स स्कूल के सामने पार्क होंगे।
- **स्टेशन** रोड पूजा पंडाल जाने वाले वाहन रेलवे भर्ती बोर्ड से चुटिया थाना मोड़ तक रोड पर पार्क होंगे।
- **हरमू** से किशोरगंज तक आने वाले वाहन मुक्तिधाम से किशोरगंज के बीच सड़क किनारे पार्क होंगे।
- **हरमू** चौक स्थित पूजा पंडाल जानेवाले लोग हरमू मैदान में वाहन पार्क करेंगे।
- **बरियातू** हाउसिंग जाने वाले लोग बरियातू मैदान में वाहन लगायेंगे।
- **सीएमपीडीआइ** के पास पंडाल जाने वाले लोग कैंब्रियन स्कूल के आगे वाहन पार्क करेंगे।
- **लालपुर** से कोकर जाने वाले लोग साधु मैदान व बिजली ऑफिस में वाहन पार्क करेंगे।
- **खेलगांव** से कोकर पूजा पंडाल जाने वाले लोग राम लखन सिंह यादव कॉलेज में वाहन लगायेंगे।
- **कांके** कांके रोड से बकरी बाजार जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन न्यू मार्केट ऑटो स्टैंड में पार्क होंगे।
- **हरमू** बाईपास रोड से बकरी बाजार जाने वाले लोग बड़ा तालाब नदी ग्राउंड में वाहन लगायेंग।
- **पिस्का मोड़** पिस्का मोड़ से दुर्गा मंदिर चौक, रातू रोड आनेवाले वाहन जायसवाल पेट्रोल पंप के सामने पार्क करेंगे।
- **बरियातू** बरियातू रोड से बकरी बाजार जाने वाले वाहन नागाबाबा खटाल एवं जाकिर हुसैन पार्क में खड़े होंगे।
- **पुराना विधानसभा** पुराना विधानसभा मैदान पंडाल आने वाले शहीद मैदान में वाहन पार्क होंगे।

- **हरमू** रोड से छोटी गाडियां अरगोड़ा चौक, कडरू, सुजाता चौक, मुण्डा चौक होते हुए कांटोटोली जा सकती है।
- **कांके** रोड से आने वाली गाडियां राम मंदिर, रणधीर वर्मा चौक, करमटोली से बुटी मोड़ होतु हुए जमशेदपुर या कांटाटोली वो तरफ जा सकती हैं।

# रोटरी क्लब ने की रोटरैक्ट क्लब ऑफ राइजिंग की स्थापना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रोटरी क्लब ऑफ रांची ने रोटरैक्ट क्लब ऑफ राइजिंग रांची की स्थापना की। इस संस्था का उद्देश्य युवाओं के नेतृत्व में समाज सेवा और विकास को बढ़ावा देना है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष गौरव बागरॉय ने क्लब के पहले अध्यक्ष प्रशांत सिंह को चार्टर्ड प्रमाणपत्र देकर पूरे बोर्ड के सदस्यों को शपथ दिलाई। इस क्लब के सलाहकार रोटरी रांची के रोटेरियन अमित अग्रवाल बनाये गये है।

चार्टर प्रेसिडेंट प्रशांत रंजन और चार्टर सेक्रेटरी दीक्षा राय समेत अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। इसमें आयुष साहू (समुदाय सेवा निदेशक), ऋषव (व्यावसायिक सेवा निदेशक), और पारुल (रोटरी फाउंडेशन चेयर) ने भी अपने पदों की जिम्मेदारी संभाली। समारोह के मुख्य अतिथि रोटेरियन दीपक श्रीवास्तव ने इस अवसर पर क्लब के उद्देश्यों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने क्लब की समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विशिष्ट अतिथि रोटेरियन अमित अग्रवाल, रोटेरियन गौरव




बागरॉय और रोटेरियन ख्याति ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर जोनल रोटरैक्ट प्रतिनिधि जय गाबा और पास्ट डिस्ट्रिक्ट रोटरैक्ट प्रतिनिधि नंदिनी बंगार भी उपस्थित थी। रोटरैक्ट क्लब ऑफ सेंट जेवियर्स कॉलेज, रोटरैक्ट क्लब ऑफ जिन्निया, और रोटरैक्ट क्लब ऑफ यूनाइटेड के सदस्यों ने भी अपनी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर 50 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया और रोटरैक्ट क्लब ऑफ राइजिंग रांची के साथ समाज सेवा और नेतृत्व विकास की दिशा में काम करने का संकल्प लिया।

# सर्वदा ज्वेलर्स ग्राहकों को दे रहा है खास ऑफर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सर्वदा ज्वेलर्स की संचालक संध्या कुमारी ने नवरात्रि पर अपने ग्राहकों को शुभकानाएं दी है। संध्या ने कहा कि हमारे प्रतिष्ठान में सोने चांदी, डायमंड जड़ाऊ पोल्की का लेटेस्ट कलेक्शन उपलब्ध है। यहां प्लेन गोल्ड ज्वेलरी 5.9 प्रतिशत बनवाए दे रहे हैं। साथ ही डायमंड ज्वेलरी पर 100 प्रतिशत डायमंड रिटर्न वैल्यू दे रहे हैं। ऐसे में इस त्योहार यहां आएं और ऑफर का लाभ उठाएं।



## त्योहारों में लंबी दूरी की ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाया जाय : चैम्बर

**रांची।** त्योहारों में बढ़ती वेटिंग लिस्ट को देखते हुए झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने डीआरएम को पत्राचार किया है। वहीं कहा कि रांची रेल मंडल से चलनेवाली लंबी दूरी की सभी प्रमुख ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाया जाये। चैम्बर के डीआरयूसीसी प्रतिनिधि संजय अखौरी ने कहा कि दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के अवसर पर रांची से बडी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल की ओर प्रस्थान करते हैं किंतु लंबी दूरी की सभी प्रमुख ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट में काफी वृद्धि देखी जा रही है जिससे यात्री चिंतित हैं। त्यौहारों के समय यात्रियों के आवागमन की बढ़ती संख्या को देखते हुए आवश्यक है कि रांची रेलमडल की परिचालित लंबी दूरी की सभी प्रमुख ट्रेनों में सभी श्रेणी के अतिरिक्त कोच लगाने की पहल की जाय। चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि त्यौहार की छुट्टियों में दिल्ली, मुंबई, बंगलुरू, हैदराबाद जैसे प्रमुख शहरों में रह रहे विद्यार्थी एवं नौकरीपेशा लोग भी इस दौरान अपने घर वापस आते हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### खिचड़ी खाने के बाद बिगड़ी 61 छात्राओं की तबीयत

**डॉक्टरों ने खाने में छिपकली गिरने की आशंका जताई**

**रांची।** पलामू के बरवाडीह में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं को फूड प्वॉइजनिंग होने का मामला सामने आया है। विद्यालय की 61 छात्राएं शनिवार को खिचड़ी खाने के बाद बीमार हो गईं। बरवाडीह सीएचसी में इलाज के बाद उनकी हालत में सुधार हुआ है। डॉक्टरों का कहना है कि खिचड़ी में छिपकली गिरने की आशंका है। मामले की जांच जारी है। घटना को लेकर स्कूल की वार्डन संगीता कुमारी को फोन किया गया। लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### न्यूक्लियस मॉल में पिचमॉड शोरूम का हुआ उद्घाटन



**रांची।** सर्कुलर रोड़ के न्यूक्लियस मॉल में पिचमॉड शोरूम का उद्घाटन राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने किया। सांसद को कपड़े का कलेक्शन काफी पसंद आया। उन्होंने बथवाल परिवार को शुभकामनाएं दी। शोरूम में महिलाओं के लिए आउट फिट्स जिसमें सलवार सूट, कॉर्ड सेट, नाईट वियर की काफी वेराइटी है। यह शोरूम न्यूक्लियस मॉल में सेकेंड फ्लोर में खुला है, शोरूम के संचालक हितेश बथवाल ने बताया अभी ऑपनिंग के उपलक्ष्य में कपड़ों में ऑफर चल रहा है , महिलाओं की चॉइस को देखते हुए सभी तरह की रेंज रखी गई है । उद्घाटन के अवसर पर संजय बथवाल, पप्पु बथवाल, हर्ष बथवाल, सारिता बथवाल, सीमा बथवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रेम इंडस्ट्रीज का नया शोरूम खुला



**रांची।** प्रेम इंडस्ट्रीज की एक इकाई ने लालपुर के आनंद कॉम्प्लेक्स (लालपुर थाना के बगल में) के दूसरे तल्ले पर जैकुवार शॉपिं नामक शोरूम शुरू किया है। इसका उद्घाटन जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय एवं धर्मेंद्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के संचालक राजू खंडेलवाल ने सरयू राय व धर्मेंद्र तिवारी का स्वागत किया। विधायक सरयू राय ने प्रतिष्ठान के संचालकों को शुभकामनाएं दी और वर्षों से ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए उन्हें सराहा। उन्होंने कहा कि रांची शहर के बीचों-बीच इस शोरूम के खुलने से लोगों को गुणवत्तायुक्त हार्डवेयर एवं सेनेटरी सामग्री एक ही स्थान पर आसानी से उपलब्ध हो जाएगा। यह रांचीवासियों के लिए एक उपहार के समान है। श्री तिवारी ने कहा यह हाई वैल्यू प्रोडक्ट का शोरूम है, जो समय की मांग है। विकसित बाजार की श्रेणी में अब रांची का भी नाम आने लगा है।

### इंडियन बैंक ने गढ़वा रेड क्रॉस सोसायटी को दिया एंबुलेंस



**रांची।** कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व पहल के तहत इंडियन बैंक रांची अंचल कार्यालय ने भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, गढ़वा को एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस प्रदान किया गया। इसकी पहल इंडियन बैंक के निदेशक बाल मुकुंद सहाय ने की थी। समारोह क्षेत्र महाप्रबंधक राकेश सहगल, अंचल प्रबंधक रामस्वरुप सरकार एवं गढ़वा इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ जेपी सिंह की उपस्थिती में सम्पन्न हुआ।

# रांची सिटीजन फोरम ने 53 वार्ड में बनायें वार्ड संयोजक और वार्ड सह-संयोजक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची सिटीजन फोरम की एक बैठक बिरसा चौक स्थित होटल द पार्क रिट्रीट में रविवार को अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में हुई। इसमें रांची नगर निगम क्षेत्र के कुल 53 वार्ड के लोगों ने भाग लिया। रांची के 53 वार्ड क्षेत्र से रांची सिटीजन फोरम ने अपने वार्ड समिति का गठन किया और प्रत्येक वार्ड से एक वार्ड संयोजक और वार्ड सहसंयोजक का चयन किया। कुछ वार्ड में जहां से अधिक आवेदन प्राप्त हुए वहां पर वार्ड समिति सदस्यों का भी चयन हुआ। उक्त चयनित वार्ड संयोजक और



वार्ड सहसंयोजक एवं वार्ड समिति सदस्य मिलकर अपने वार्ड के विकास के लिए काम करेंगे और रांची सिटीजन फोरम के चर्चा, संवाद और जागरूकता के कार्य को अपने-अपने वार्ड में धरातल में उतारने में फोरम का सहयोग करेंगे। समस्त वार्ड से आए लोगों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याओं से फोरम को अवगत कराया।

बैठक में उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह और सचिव रेणुका तिवारी, कोषाध्यक्ष विनोद जैन बागवानी तथा सह सचिव विवेक कुमार, सुशील शर्मा और हरीश नागपाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# झारखंड में दो महीने बाद गैर सेवा के छह अफसर बनेंगे आइएएस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में गैर प्रशासनिक सेवा के छह अफसरों को जल्द ही आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति मिलेगी। राज्य सरकार ने गैर सेवा के 18 अफसरों के नामों की सूची संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को भेज दी है। नियमतः एक पद के विरुद्ध तीन नाम भेजने का प्रावधान है। इन अफसरों को 2023 की रिक्ति के विरुद्ध आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति दी जाएगी। जानकारी के अनुसार, दिसंबर के अंत तक इन अफसरों को प्रोन्नति देने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

गैर प्रशासनिक सेवा से फिलहाल चार आईएएस कार्यरत

झारखंड कैडर में गैर प्रशासनिक सेवा से आईएएस कैडर में प्रोन्नति पाए सिर्फ चार आईएएस ही कार्यरत हैं। इसमें मनोज कुमार, प्रभात कुमार, अजय नाथ झा और अक्षय कुमार सिंह के नाम शामिल हैं। वहीं राज्य प्रशासनिक सेवा से आईएएस कैडर में प्रोन्नति पाए 36 अफसर कार्यरत हैं। वहीं डायरेक्ट आईएएस अफसरों की संख्या 138 है। वहीं राज्य में 44 आईएएस अफसरों की कमी है। राज्य में आईएएस संवर्ग के लिए 224 पद स्वीकृत हैं। इसमें वर्तमान में 180 अफसर ही कार्यरत हैं।

# टाइटन निसान ने एसयूवी मैग्नाइट का फेसलिफ्ट मॉडल किया लांच




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में आज टाइटन निसान ने अपनी पॉपुलर एसयूवी मैग्नाइट का फेसलिफ्ट मॉडल लॉन्च किया। नई मैग्नाइट फेसलिफ्ट अब और भी स्टाइलिश दिखती है, एम-शेप सिग्नेचर लाइट, डायमंड कट 16-इंच एलॉय व्हील्स और 7-इंच का इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर के साथ आती है। यह कुल 13 कलर ऑप्शंस में उपलब्ध है, जिनमें डबल टोन कलर कॉम्बिनेशन भी शामिल हैं। पावरट्रेन में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें 1.0-लीटर बी4डी नैचुरली-एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन (72पीएस और 96एनएम) और 1.0-लीटर एचआरएओ टर्बो-पेट्रोल इंजन (99 पीएस और 160एनएम) मिलता है।

फीचर्स की बात करें तो नई मैग्नाइट में अराउंड व्यू मॉनिटर, वॉक-अवे लॉक, वायरलेस चार्जर जैसे लेटेस्ट फीचर्स दिए गए हैं। इसके अलावा, 6 एयरबैग, 360-डिग्री लेदर टच और 336 लीटर का बूट स्पेस इसे एक शानदार एसयूवी बनाते हैं।

इतना ही नहीं, सभी नए फीचर्स के बावजूद, इसकी शुरूआती कीमत सिर्फ 5.94 लाख से है, जो पिछले मॉडल से भी कम है। लेकिन ये ऑफर सिर्फ पहले 10,000 कस्टमर्स के लिए है। टाइटन निसान के शोरूम रांची के मेन रोड के अलावा ओरमांझी और डालटेनगंज में भी हैं।

## इस्लाम नगर के नवनिर्मित आवासों का उद्घाटन आज

**रांची।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) तृतीय घटक अंतर्गत इस्लाम नगर के नवनिर्मित आवासों का उद्घाटन आज होगा। कार्यक्रम का आयोजन धुर्वा स्थित रांची स्मार्ट सिटी के ऐरिया बेस्ड डेवलपमेंट क्षेत्र में निर्धारित की गयी है। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। आवंटित लाभुकों को आवास उद्घाटन के मौके पर उपस्थित रहने को कहा गया है। इस संबंध में रांची नगर निगम के सहायक प्रशासक ने पत्र जारी किया है।

**जैविक खेती अभियान की शुरूआत**

# किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित करना है : गोपाल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ओरमांझी के चुटु पतरातू में किसानों के साथ जैविक कृषि के संबंध में जैविक कृषि ग्रामोद्योग विकास केंद्र के तत्वाधान में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जैविक कृषि ग्राम उद्योग विकास केंद्र के डायरेक्टर गोपाल भारती ने किसानों को संबोधित किया और जैविक कृषि के उपयोगिता के बारे में जानकारी और प्रोत्साहन दिया। इस संदर्भ में जैविक कृषि ग्राम उद्योग विकास केंद्र ने एक अभियान चलाया है, जिसका उद्देश्य प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित करना है। यह ग्रामीण विरासत, सांस्कृतिक परंपराओं और प्राचीन जीवन शैली को संरक्षित करने के लिए किसानों को पारंपरिक तरीके से प्रशिक्षित करता है। जैविक कृषि ग्राम उद्योग विकास केंद्र के डायरेक्टर गोपाल अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि यह अभियान झारखंड की मिट्टी को बचाने के लिए है क्योंकि आज के समय में ज्यादातर किसान अधिक फसल प्राप्त करने के लिए उर्वरकों का इस्तेमाल ज्यादा करते हैं इससे मिट्टी की उर्वरकता कम हो रही है जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

**राजधानी में हुआ वन्यजीव वॉकथॉन का आयोजन, दर्जनों स्कूल के छात्रों ने लिया हिस्सा**

# वन्य जीवों की रक्षा करना हम सबकी साझा जिम्मेदारी : अबूबकर सिद्दीकी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य वन विभाग द्वारा पूरे झारखंड राज्य में 7 दिवसीय वन्यजीव सप्ताह 2024 मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 6 अक्टूबर 2024 को वन विभाग, झारखंड, रांची द्वारा 5 और 10 किलोमीटर लंबी वन्यजीव वॉकथॉन का आयोजन किया गया। वॉकथॉन का आरंभ बिंदु वन भवन परिसर, डोरंडा रांची था और कडरू रोड से अरगोड़ा चौक से बिरसा चौक से हिनू चौक होते हुए वन भवन, डोरंडा में समाप्त हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन सचिव अबूबकर सिद्दीकी उपस्थित थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख डॉ. संजय वास्तव उपस्थित थे। इस अवसर पर शशिकर सामंत पीसीसीएफ सह नोडल अधिकारी डब्ल्यूएलडीबी, सत्यजीत सिंह पीसीसीएफ वन्यप्राणी और मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, संजय ए लाटकर, एडीजी पुलिस, एसआर नतेशा सीसीएफ वन्यप्राणी और सभी वरिष्ठ वन अधिकारी, वन अधिकारी पत्नियों के संघ (एफओडब्ल्यूए) की सक्रिय भागीदारी भी थी। वॉकथॉन को बड़ी सफलता मिली क्योंकि इस कार्यक्रम में लगभग 2500 लोगों ने भाग लिया। प्रतिभागियों में सिटीजन फाउंडेशन एनजीओ, टाटा स्टील और अन्य कॉरपोरेट्स, लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल रांची, डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल पुंदाग रांची, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर दूर्वा रांची, विद्यासागर स्कूल डोरंडा रांची और विभिन्न अन्य स्कूलों के 1500 छात्र, रेलवे अधिकारी, एनसीसी कैडेट शामिल थे।

## सेल आरडीसीआईएस ने मोबाइल मेडिकल यूनिट का किया उद्घाटन

**रांची।** सेल आरडीसीआईएस ने सीएसआर से हेल्थकेयर पर जोर देते हुए 40 लाख रुपए में एक मोबाइल मेडिकल यूनिट खरीदा। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन आश्रय फाउंडेशन एनजीओ द्वारा मेडिकल ऑफिसर प्रतापपुर चतरा के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्घाटन आरडीसीआईएस के इस्पात भवन में किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय सतर्कता आयोग से सतर्कता आयुक्त ए एस राजीव एवं सचिव पी डेनियल उपस्थित थे। वहीं सेल की ओर से अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, निदेशक कार्मिक के के सिंह, सीवीओ एस एन गुप्ता, ईडी सतर्कता संजय शर्मा, ईडी सीईटी एसके वर्मा, ईडी आरडीसीआईएस एस केकर एवं कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## नवरात्रि में जाप पाठ के मंत्रों में शब्दों का होता है बहुत महत्व: संजय सर्राफ

**रांची।** शब्दों के द्वारा मंत्रों की रचना होती है। शब्द एवं मंत्र के अर्थ होते हैं और अर्थ में भावनाएं समाहित रहते हैं। मंत्रों के 'जाप' से भावनाओं के अनुरूप व्यक्तित्व का निर्माण होता है और व्यक्तित्व के अनुरूप परिणाम उत्पन्न किए जा सकते हैं। उक्त बातें विश्व हिंदू परिषद, सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सांसारिक गतिविधि के लिए शब्द आवश्यक है ठीक उसी प्रकार आध्यात्मिक गतिविधि के लिए शब्दों का सहारा लिया जाता है। शब्द नकारात्मक अथवा सकारात्मक ऊर्जा के स्रोत होते हैं। शब्दों के चयन और प्रयोग दोनों ही स्थिति में अत्यंत सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। विचार शब्दों के माध्यम से ही प्रकट होते हैं। विचार शब्दों का सूक्ष्म रूप है तो ध्वनि के माध्यम से उसकी प्रगटि कारण दिखाई नहीं देने के बाद भी स्थूल प्रभाव डालता है।


आदर्श गौरव


बिभु भट्टाचार्य


कृष्णा भारद्वाज


मेयांग चांग


दीपांकर डे

# अभियान की दुनिया में झारखंड का नाम रोशन कर रहे ये सितारे

## कृष्णा भारद्वाज

कृष्णा भारद्वाज एक भारतीय टेलीविजन अभिनेता हैं। **उनका जन्म रांची, झारखंड में हुआ है।** उन्होंने जसुबेन जयंतीलाल जोशी की संयुक्त परिवार, सुख बाय चांस, आरके लक्ष्मण की दुनिया, पिया बसंती रे , ध्रुव तारा-समय सदी से परे और तेनाली रामा जैसे शो में भूमिकाएं निभाई हैं। उन्होंने कुछ लघु फिल्मों में भी अभिनय किया, जैसे आई गेस(2013) । कृष्णा भारद्वाज वर्तमान में सोनी सब के शो ध्रुव तारा-समय सदी से परे में युवराज महावीर की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने आखिरी बार सब टीवी के लिए एक टीवी सीरीज तेनाली रामा में शीर्षक भूमिका निभाई थी जिसका आखिरी एपिसोड 13 नवंबर 2020 को प्रसारित किया गया था, यह सीरीज मध्यकालीन भारत के विजयनगर साम्राज्य में सोलहवीं शताब्दी के एक दरबारी कवि पर आधारित थी , जिन्हें उनकी अंसाधारण बुद्धि के लिए याद किया जाता है। उन्होंने इस भूमिका के लिए अपना सिर मुंडवा लिया था। उन्होंने एक गुजराती फिल्म चल मन जीतवा जाइये में भी मुख्य भूमिका निभाई है ।

## बिभु भट्टाचार्य

**बिभु भट्टाचार्य (17 सितंबर 1944 – 23 सितंबर 2011) एक भारतीय अभिनेता थे जो मुख्य रूप से बंगाली टीवी और फिल्मों में दिखाई देते थे। उनका जन्म झरिया, बिहार , ब्रिटिश भारत (अब झरिया , झारखंड , भारत ) में हुआ था। उन्हें 1998 में संदीप रे की फिल्म फेलुदा में जटायु (लालमोहन गांगुली) के रूप में प्रसिद्धि मिली और वे घर-घर में मशहूर हो गए , जो उनके दिवंगत पिता, उस्ताद सत्यजीत रे की कहानियों पर आधारित थी । 2011 में , पश्चिम बंगाल के हावड़ा में कार्डियक अरेस्ट से उनकी मृत्यु हो गई।**

### अभिनय कैरियर

बिभु भट्टाचार्य कभी किसी स्कूल में नहीं गए। जब उनकी उम्र के दूसरे लड़के पढ़ाई कर रहे थे, तब वे स्टूडियो में अभिनय कर रहे थे। साढ़े चार साल की उम्र में उन्होंने उत्तम कुमार अभिनीत मयार्दा नामक फिल्म में अभिनय करना शुरू किया । उन्हें मास्टर बिभु कहा जाता था, जो बंगाली फिल्मों के सबसे प्रमुख बाल कलाकारों में से एक थे और जाहर गांगुली और छबी बिस्वास जैसे अभिनेताओं के बीच बहुत लोकप्रिय थे। उन्होंने फिल्म प्रहलाद (1952) में शीर्षक भूमिका निभाई और बिंदुर छेले (1952), ध्रुबा (1953), रानी रश्मोनी (1955) और दुई बॉन (1955) जैसी फिल्में कीं । बड़े होने और किशोर होने के बाद, वह अब बाल कलाकार नहीं बन सकते थे और उन्हें फिल्मों के प्रस्ताव मिलने बंद हो गए। बाल कलाकार के रूप में उनकी आखिरी फिल्म सागर संगमे (1959) थी। उसके बाद, उन्हें लगभग 38 वर्षों तक कोई और फिल्म नहीं मिली।

### फेलुदा सीरीज

1998 में ही उन्हें जटायु की स्वप्निल भूमिका मिली। जटायु के रूप में उनकी पहली फिल्म जहांगीर शोनोर्मुद्रा (1999) थी और उन्होंने बॉम्बेयर बॉम्बेटे (2003), कैलाशी केलेंकारी (2007), टिंटोरेटर जिशु (2007), गोरोस्थनी सबधान (2010) और रॉयल बंगाल रहस्य (2011) में भी जटायु के रूप में काम किया। वह अपने प्रदर्शन में महान थे और चरित्र की भावना को इतनी अच्छी तरह से पकड़ने में कामयाब रहे कि निर्देशक संदीप रे ने भी उन्हें प्रतिस्थापन के लिए एकदम सही पाया। उन्होंने मरने से एक दिन पहले फेलुदा फिल्म रॉयल बंगाल रहस्य के लिए

## मेयांग चांग

**मेयांग डी नोबिली स्कूल (धनबाद),** कर्नल ब्राउन कैम्ब्रिज स्कूल देहरादून और वाइनबर्ग एलन स्कूल मसूरी के पूर्व छात्र हैं । चांग तीसरी पीढ़ी के भारतीय-चीनी हैं, जिनकी जड़ें चीन के हुबेई प्रांत में हैं। वे वोक्कालिगारा संघ डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, बैंगलोर से बीडीएस की डिग्री के साथ एक योग्य दंत चिकित्सक भी हैं ।

**मेयांग चांग (जन्म 6 अक्टूबर 1982)** एक भारतीय अभिनेता, टेलीविजन होस्ट, गायक और दंत चिकित्सक हैं। वे गायन रियलिटी शो इंडियन आइडल के तीसरे सीजन में एक प्रतियोगी के रूप में प्रमुखता में आए , जिसमें वे पांच फाइनलिस्टों में से एक थे। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरूआत वाईआरएफ फिल्म बदमाश कंपनी से की थी। उन्हें डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 4 में उनकी भागीदारी के लिए जाना जाता है, जिसमें वे विजेता थे। उन्होंने स्टंट आधारित रियलिटी शो फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी 6 में भी भाग लिया , जिसमें वे प्रथम रनर-अप बने। उन्होंने डिटेक्टिव ब्योमकेश बख्शी , सुल्तान और भारत जैसी फिल्मों में अभिनय किया । उनके नवीनतम काम में वेब सीरीज असुर, अनदेखी और मॉडर्न लव मुंबई शामिल हैं ।

## दीपांकर डे

दीपांकर डे बंगाली फिल्म उद्योग में एक भारतीय अभिनेता हैं। उन्होंने फिल्मों में नायक, खलनायक और चरित्र कलाकार के रूप में काम किया है। उन्होंने रे की सीमाबद्धा ( कंपनी लिमिटेड, 1971 ), जन अरण्य ( द मिडलमैन , 1976), गणशत्रु ( एनिमी ऑफ द पीपल , 1990), शाखा प्रोशाखा ( ब्रांचेज ऑफ द ट्री , 1990) और आगंतुक ( द स्ट्रेंजर , 1991) में अभिनय किया। उन्होंने कई आर्ट हाउस और व्यावसायिक फिल्मों में अभिनय किया है।

## आदर्श गौरव

**आदर्श गौरव भगवतुला (जन्म 1994)** एक भारतीय अभिनेता हैं जो हिंदी और अंग्रेजी भाषा की फिल्मों और टेलीविजन श्रृंखलाओं में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। गौरव ने ड्रामा फिल्म माई नेम इज खान (2010) से अभिनय की शुरूआत की। उन्हें व्यंग्यात्मक फिल्म द व्हाइट टाइगर (2021) में ड्राइवर बलराम हलवाई की भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है, जिसने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाई, और उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए बाफ्टा पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ पुरुष लीड के लिए इंडिपेंडेंट स्पिरिट पुरस्कार के लिए नामांकन मिला । आदर्श ने किशोर कॉमेडी सीरीज हॉस्टल डेज (2019-2021), कॉमिक थ्रिलर सीरीज गन्स एंड गुलाब्स और ड्रामा फिल्म खो गए हम कहां (दोनों 2023) में भी अभिनय किया है।

### प्रारंभिक जीवन और शिक्षा

आदर्श गौरव भगवतुला का जन्म झारखंड के जमशेदपुर में एक तेलुगु भाषी परिवार में हुआ था। उनके पिता सतीशनारायण भगवतुला श्रीकाकुलम जिले से हैं और उनकी माँ पद्मावती भगवतुला आंध्र प्रदेश के विजयनगरम से हैं । गौरव का लालन-पालन जमशेदपुर में हुआ और उन्होंने लोयोला स्कूल, जमशेदपुर में पढ़ाई की। बाद में वे मुंबई चले गए और नरसी मोनजी कॉलेज में पढ़ाई की । 2007 में जब गौरव के पिता, जो सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कर्मचारी थे , का तबादला मुंबई हो गया, तो परिवार ने वहां बसने का फैसला किया। उन्होंने लीलावतीबाई पोद्दार हाई स्कूल में पढ़ाई की। काला घोड़ा कला महोत्सव 2007 में गाते समय , उन्हें देखा गया और उनसे पूछा गया कि क्या वह अभिनय में हाथ आजमाना चाहते हैं।

## राजेश जैस

**राजेश जैस (जन्म 6 सितंबर 1969)** एक भारतीय फिल्म अभिनेता हैं , जो भारत के पहले डेली सोप शांति (1994) के लिए जाने जाते हैं, 2016 से दुनिया भर में भ्रमणशील नाटक 'मुगल-ए-आजम', बड़े बैनर की फिल्में जैसे - तू झूठी माई मक्कार (2023) के लिए जाने जाते हैं। ) मिली (2022) सोनू के टीटू की स्वीटी (2018), रब ने बना दी जोड़ी (2008), रॉकेट सिंह (2009), एयरलिफ्ट (2016), राजी (2018), रमन राघव 2.0 (2016), मिसिंग (2018) , लाइफ पार्टनर (2009), व्हाई चीट इंडिया (2019), इंदु की जवानी (2020), रूही (2021) और सबसे चर्चित वेबसीरीज स्कैम 1992 , राणा नायडू, पाताल लोक , पंचायत , जहानाबाद, तनाव, रुद्र, रुद्रकाल और बहुत कुछ 60 से ऊपर विज्ञापनों के ब्रांड आदि।

### प्रारंभिक जीवन

उनका बचपन रांची में बीता। भारत के विभाजन के बाद उनका परिवार कंधार से रांची आ गया था। उनके पिता एयरफोर्स में थे। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा ग्वारीदत्त मंडेलिया हाई स्कूल से और स्नातक की पढ़ाई मारवाड़ी कॉलेज, रांची से पूरी की। वे कॉलेज में एनसीसी एयरफोर्स के सीनियर कैडेट और प्रेसिडेंट स्काउट थे और 1988-91 बैच



### पत्रकार रहे हैं जैस

**वह रांची एक्सप्रेस में पत्रकार थे।** वह एक थिएटर अभिनेता थे, उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली से स्नातकोत्तर किया। वह 1990 के दशक में मुंबई आए। उनकी पहली टेलीविजन सीरीज मैं वी डिटेक्टिव थी । उनकी शुरूआती सबसे चर्चित उपस्थिति भारत के पहले डेली सोप शांति में 1994 में नानू के रूप में थी। 35 से अधिक प्रमुख धारावाहिकों में प्रमुख पात्रों के रूप में अभिनय किया उन्होंने सिद्धार्थ बसु (कौन बनेगा करोड़पति प्रसिद्धि) की इम्प्रोवाइजेशन आधारित श्रृंखला 'मंच मसाला' (मूल शो 'हूज लाइन इज इट एनीवे') में भी अभिनय किया।

उन्होंने बड़े राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों की 40 से अधिक विज्ञापन फिल्में बनाई हैं; जैसे; सैमसंग, मारुति, पेप्सोडेंट, बजाज कैपिटल, सफोला, सबवे, टेक महिंद्रा, व्हर्लपूल, टीसीएस, बिंगो, हुंडई, डॉलर, यूएफओ, बंधन बैंक, एलआईसी, डीएसएन, रिलायंस बिग, बिरला व्हाइट, 7'ओ'क्लॉक, फीनिक्स, इंडियन ऑयल आदि। शांति, सॉरी मेरी लॉरी, जंजीरें, जय जय त्रिदेव, त्रिकाल, इस प्यार को क्या नाम दू, चाचा चौधरी, ग्रेट एक्सपेरिमेंट्स, शन्नो की शादी, दिशाएं, क्या मस्त है लाइफ, सपनों के भंवर में, मालिनी अय्यर में उनकी यादगार भूमिकाएं थीं। , कागार, शास्त्री सिस्टर्स और कई अन्य। हाल ही में उन्होंने सोनी लिव पर वेबसीरीज 'जहानाबाद' में मुख्य किरदार निभाया और 'स्कैम 92- में एसबीआई मैनेजर की भूमिका निभाई। नेटफ्लिक्स पर राणा नायडू में ओबी महाजन का मुख्य किरदार निभाया। वे अमेजन प्राइम की वेबसीरीज 'पाताललोक', 'पंचायत' और डिज्नी हॉटस्टार पर रुद्रकाल, रुद्र में भी नजर 'तू झूठी मैं मक्का' (2023), 'मिली' (2022), सोनू के टीटू की स्वीटी (2016) जैसी फिल्मों में भी अभिनय किया, उन्होंने रब ने बना दी जोड़ी (2008), रॉकेट सिंह (2009), एयरलिफ्ट (2016) और राजी (2018), मिसिंग (2018), लाइफ पार्टनर (2009), व्हाई चीट इंडिया (2019) इंदु की जवानी (2019), रूही (2020), मातृभूमिः ए नेशन विदाउट वीमेन', जॉगर्स पार्क और कई अन्य फिल्मों के लिए दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है।

## रमन गुप्ता

रमन गुप्ता (जन्म 28 जून 1977) एक भारतीय अभिनेता, नर्तक और गायक हैं। वह नागपुरी एल्बम, नागपुरी फिल्मों और खोरठा फिल्मों में काम करते हैं। उन्होंने कई हिंदी फिल्मों में भी काम किया है। उन्हें नागपुरी फिल्म सुन सजना , देवा रिक्शावाला और गंगवा के लिए जाना जाता है । उन्हें 2018 में झारखंड अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय अभिनेता का पुरस्कार और 2022 में झॉलीवुड अवार्ड शो में सर्वश्रेष्ठ सदाबहार अभिनेता का पुरस्कार दिया गया। उन्होंने अभिनेत्री कंचन रॉय के साथ नागपुरी फिल्म सुन सजना में अभिनय किया । इस फिल्म का निर्देशन राजीव सिन्हा ने किया था जो 2005 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म 5 लाख के बजट में बनी थी और रांची और रातू किला के पहाड़ी स्थानों में शूट की गई थी। फिल्म के संगीतकार जयकांत थे। फिल्म के गायक मोनिका मुंडू , पवन रॉय, पंकज और रितु थे। 2019 में, उन्होंने फिल्म देवा रिक्शावाला में अभिनय किया , जो रिक्शा चालक पर आधारित थी। 2019 में, उन्होंने वर्षा रितु लकड़ा के साथ खोरठा फिल्म माटी में मुख्य भूमिका में अभिनय किया, जिसने 2019 में झारखंड अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ खोरठा फिल्म का पुरस्कार जीता। फिल्म का निर्माण मनीष गुप्ता ने किया था। उनकी आने वाली फिल्म गंगवा है, जिसका निर्देशन आदित्य कुमार ने किया है।

**2018 में झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय अभिनेता का पुरस्कार**



उन्होंने फिल्म एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी में भी अभिनय किया ।

# सीएम ने की प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा

- सात हजार से अधिक बसें, 1.5 लाख शौचालय की होगी व्यवस्था, 10 हजार कर्मचारी करेंगे सफाई

**एजेंसी। प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाकुंभ-2025 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने परेड ग्राउंड में साधु-संतों की बैठक के दौरान महाकुंभ के प्रतीक चिह्न (लोगो), वेबसाइट और मोबाइल ऐप का लोकार्पण भी किया। इस दौरान उन्होंने साधु-संतों के सुझावों को सुना और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ से जुड़ी तैयारियों के लिए डेडलाइन तय करते हुए निर्देश दिया कि 10 दिसंबर तक सारे काम पूरे कर लिए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वर्ष 2019 में कुंभ का सफल आयोजन कर प्रदेश ने मानक स्थापित किया है। इसलिए इस बार लोगों की अपेक्षाएं हमसे और अधिक हैं। वर्ष 2019 में मेला क्षेत्र 3200 हेक्टेयर में फैला था। इस बार 4000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में इसका विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ दुनिया के लोगों को सनातन भारतीय संस्कृति से साक्षात्कार कराने का सुअवसर है। यह स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का मानक भी होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि महाकुंभ को देखते हुए 7000 से अधिक बसें लगाई जाएंगी। यहां डेढ़ लाख से अधिक शौचालय स्थापित किए जाएंगे। स्वच्छता पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि 10 हजार कर्मचारियों की तैनाती कर यहां की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में गंगा-यमुना अविरल और निर्मल होंगी। बिजनौर से बलिया तक जीरो डिस्चार्ज होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्टील ब्रिज दिसंबर के पहले सप्ताह तक तैयार कर लें। यह कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी और अयोध्या से प्रयागराज तक के आगमन को सुलभ बनाएगा।



महाकुंभ से संबंधित तैयारियों के लिए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने तय की 10 दिसंबर की डेडलाइन

## एयरपोर्ट से मेला क्षेत्र तक वीवीआईपी कॉरिडोर बनाएं

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एयरपोर्ट से मेला क्षेत्र तक वीवीआईपी कॉरिडोर बनाएं लेकिन विशेष स्नान पर्वों पर कोई वीआईपी मूवमेंट न हो। सुरक्षा के दृष्टिगत मेला क्षेत्र में तीन पुलिस लाइन, तीन महिला थाना और 10 पुलिस चौकी स्थापित करें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर श्रद्धालु की आस्था का सम्मान करते हुए हर किसी से अच्छा व्यवहार रखें। कल्पवासी हों या स्नानार्थी, श्रद्धालु हों या पर्यटक, सबकी सुरक्षा सुविधा का ध्यान रखा जाए। पुलिस का व्यवहार भी सहयोगात्मक रहना चाहिए। सुरक्षा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री का क्राउड मैनेजमेंट, फायर सर्विस, हेल्प डेस्क, पार्किंग, सीसीटीवी पर जोर रहा। उन्होंने कहा कि यहां एंटी ड्रोन सिस्टम भी लगेगा। सिक्योरिटी मॉडल एआई टूल से तैयार किए जाएं।

### होम स्टे की संभावना को करें प्रोत्साहित

योगी ने स्थानीय अधिकारियों व कुंभ मेला प्रशासन से कहा कि अखाड़ों, आचार्यों, संतों से भी मार्गदर्शन लेते रहें। उनकी अपेक्षाओं का पूरा ध्यान भी रखें। उन्होंने प्रयागराज में होम स्टे की संभावना को प्रोत्साहित करने पर जोर देते हुए कहा कि इस योजना से स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ा जाए। इससे उनकी अतिरिक्त आय भी होगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सुरक्षा के लिए नए जीआरपी थानों की आवश्यकता है। चौकसी बढ़ाने के लिए रेलवे-यूपी पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो। सुरक्षा की दृष्टि से किराएदारों, रेस्टोरेंट कर्मियों और ई-रिक्शा चालकों के वेरिफिकेशन भी करा लिए जाएं।

## ड्रग्स फैक्टरी पर छापा, 1800 करोड़ का प्रतिबंधित पदार्थ जब्त

**भोपाल।** गुजरात के आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस), मध्य प्रदेश एटीएस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) दिल्ली की टीम ने एमडी ड्रग के विरुद्ध चल रहे अभियान में अब तक की सबसे बड़ी सफलता हासिल की है। जांच एजेंसियों ने भोपाल के बागरोदा औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्टरी में छापामार कार्रवाई करते हुए एमडी ड्रग और इसे बनाने में उपयोग होने वाला कच्चा माल जब्त किया है। इसकी कीमत 1800 करोड़ रुपये से ज्यादा बताई जा रही है। जांच एजेंसियों ने यहां से दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। गुजरात एटीएस के डीएसपी एसएल चौधरी ने रविवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गुजरात में पकड़े गए कुछ ड्रग्स डीलर्स से जानकारी मिली थी कि भोपाल का अमित चतुर्वेदी और नासिक-महाराष्ट्र का सान्याल प्रकाश बाने भोपाल के बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्टरी की आड़ में मादक पदार्थ मेफेड्रोन (एमडी) के अवैध निर्माण और बिक्री में शामिल हैं। इसके बाद से ही गुजरात एटीएस डेढ़ महीने से फैक्टरी पर नजर रख रही थी। जानकारी पक्की होने पर एटीएस ने दिल्ली एनसीबी से संपर्क किया।

# कार्बाइड से पका केला खाने से लीवर खराब व कैंसर होने का खतरा

**आरपी सिंह**



**नई दिल्ली।** केला साल भर मिलने वाला स्वादिष्ट व शरीर के लिए पौष्टिक व लाभदायक फल है।इसमें फाइबर,प्रोटीन,विटामिन-ए, विटामिन बी-6, आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम जैसे विटामिन पाए जाते हैं। लेकिन समस्या यह है कि आम की तरह केला को भी कार्बाइड से पका कर बेचा जाने लगा है। जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही नुकसान दायक होता है।जबकि प्राकृतिक रूप से पका हुआ केला स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। यह मीठा और पौष्टिक होने के साथ-साथ स्वाद से भरपूर होता है। वैद्य से लेकर अंग्रेजी डाक्टर तक कहते हैं कि व्यक्ति को यदि कोई ऐसी बीमारी नहीं हो जिसमें केला खाना मना हो , तो उसे प्रतिदिन सुबह-सुबह दो केला खाना बहुत फायदेमंद होता है। सवाल यह है प्राकृतिक रूप से पका केला मिलेगा कहां? इसके लिए तो कच्चा गदराया केला खरीद कर घर लाकर कागज में लपेट कर पकाना होगा।उसमें भी अलग -अलग धीरे - धीरे पकते हैं। एक साथ घार के घार नहीं पकते हैं। जबकि धंधा करने वाले तो एक साथ कई-कई कुंतल केला पकाते और बाजार में बेचते हैं। तो आज जो हालात हैं उसमें बाजार में बिना कार्बाइड के पका केला मुश्किल है। फिर भी कुछ लोग हैं जो बोरा से ढककर केला पकाते और बेचते हैं। तो इसकी पहचान कैसे संभव है कि कौन सा केला कार्बाइड से पकाया गया है? कैसे पहचानें? प्राकृतिक तरीके से पका हुआ केला खाने में काफी मीठा होता है। ऐसे पके केलों पर काले रंग के धब्बे होते हैं और ये हल्के भूरे रंग के होते हैं। इसका छिलका दागदार होने के साथ-साथ गहरा पीला होता है। जबकि कार्बाइड से पका हुआ केला सेहत के लिए नुक़सान दायक होता है। ऐसे केले के छिलके प्लेन होने के साथ-साथ हल्के पीले रंग के होते हैं। इनके नीचे काले रंग के स्थान पर हल्का हरा होता है। ऐसे केले को खाने से बचना चाहिए। यह बहुत जल्दी ही खराब भी हो जाता है। प्राकृतिक तौर पर पके केले की पहचान पानी में डालकर भी कर सकते हैं। इसके लिए केले को पानी में डालें। यदि केला पानी में डूब जाता है, तो प्राकृतिक तरीके से पकाया गया होता है। यदि पानी के ऊपर तैरने लगता है तो वह कार्बाइड से पका हुआ हो सकता है।कार्बाइड केला खाना स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है। यदि आप लगातार कार्बाइड से पकाया केला खाते हैं, तो आपको कैंसर होने का खतरा बना रहता है। ऐसे केले लीवर व शरीर के कई हिस्सों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। मालूम हो कि केला में कई तरह के विटामिन पाए जाते हैं। इसमें फाइबर,प्रोटीन,विटामिन-ए, विटामिन बी-6, आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम मौजूद होती है।

# आज के ही दिन गुरु गोविंद सिंह ने ली थी दुनिया से विदाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सिख धर्म की स्थापना की थी गुरु नानक देव ने, जिन्होंने प्रेम, सेवा, परिश्रम, परोपकार, और भाईचारे की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। इस काम को आगे बढ़ाया सिख धर्म के बाकी नौ गुरुओं ने, जिनमें से एक गुरु का नाम था गुरु गोविंद सिंह। वह सिखों के अंतिम गुरु थे, उन्होंने ही अपने बाद गुरु ग्रंथ साहिब को गुरु घोषित किया था। सिखों के दसवें और अंतिम गुरु, गुरु गोविंद सिंह की सात अक्टूबर को पुण्यतिथि है। औरंगजेब की मृत्यु के बाद गुरु गोविंद सिंह ने बहादुरशाह को बादशाह बनाने में मदद की थी। गुरु और बहादुरशाह की निकटता के कारण नवाब वजीत खां ने उनके पीछे दो पठानों को लगा दिया था। बताया जाता है कि पठानों ने गुरु गोविंद सिंह पर धोखे से घातक हथियार से हमला किया था। 7 अक्टूबर 1708 को उनकी नांदेड़ साहिब में मुत्यु हो गई। उनकी मौत के बाद सिखों और मुगलों के बीच एक लंबा युद्ध भी चला।

# दीपक से बुझा एक परिवार के सात लोगों की जिंदगी का दीपक

**एजेंसी। मुंबई**

चेंबूर के सिद्धार्थ नगर में स्थित एक घर में रविवार को तड़के लगी आग में एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन छोटे बच्चे और दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाया। चेंबूर के सिद्धार्थ नगर में एक दो मंजिला घर के नीचे वाली मंजिल में किराना की दुकान थी और ऊपरी मंजिल पर परिवार अन्य सदस्य सो रहे थे। आग लगने की भनक लगते ही ऊपरी मंजिल पर सो रहे छेदाराम गुप्ता की नींद खुल गई। उन्होंने सभी को परिवार के अन्य सदस्यों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन आग की लपटों से बाहर नहीं निकल सके। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और किसी तरह परिवार के सभी सदस्यों को घटनास्थल से निकाल कर राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती करवाया। लेकिन डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पता चला है कि सभी मृतक गुप्ता परिवार के सदस्य थे। चेंबूर पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर आग लगने कारणों की छानबीन के साथ मृतकों की पहचान का भी प्रयास कर रही है। बताया जा रहा है कि घर के नीचे की मंजिल पर स्थित दुकान में ज्वलनशील सामान भी था। संभवतः पूजा का जलता दीपक गिरने आग लगी और सात लोगों की जिंदगी इसी आग में बुझ गई। घटना की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

# त्योहारी सीजन में चलेंगी 400 स्पेशल ट्रेनें, 11 नवंबर तक लगाएंगी 5,975 फेरे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



नवरात्रि की शुरूआत के साथ ही देश में फेस्टिव सीजन भी शुरू हो गया है। और इसके साथ ही छुट्टियों में एक जगह से दूसरी जगह जाने वाले मुसाफिरों की संख्या में भी तेजी के साथ बढ़ोतरी होने लगी है। फेस्टिव सीजन में यात्रियों की संख्या के दबाव को देखते हुए भारतीय रेलवे ने इस साल भी बड़ी तैयारी की है। नवरात्रि से लेकर छठ पूजा तक की अवधि में मुसाफिरों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे ने 400 से स्पेशल ट्रेन लॉन्च की है। फेस्टिव सीजन के दौरान ये स्पेशल ट्रेन 5,975 फेरे (ट्रिप) लगाएंगी, ताकि यात्रियों को उनकी जरूरत के मुताबिक ट्रेन मिल सके। इसके पहले 2023 में फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों ने कुल 4,429 फेरे लगाए थे। इस तरह इस साल मुसाफिरों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेन पिछले साल की तुलना में 1,546 फेरे अधिक लगाएंगी। हालांकि मंत्रालय की ओर से ये भी कहा गया है कि अगर मुसाफिरों की संख्या का दबाव और बढ़ा तो स्पेशल ट्रेन के फेरों की संख्या में और बढ़ोतरी की जा सकती है। मध्य रेलवे ने फेस्टिव सीजन के दौरान 278 स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है, जिससे छुट्टियों में अपने पुश्तैनी शहरों में या गांव जाने और फिर वापस आने में लोगों को काफी सुविधा होगी। इन ट्रेनों का रूट, ऑरिजिन स्टेशन से छूटने और डेस्टिनेशन तक पहुंचने का समय तथा रास्ते में पड़ने वाले स्टेशनों पर ठहराव की विस्तृत जानकारी पाने के लिए इंडियन रेल की इंक्वारी वाली साइट से पता किया जा सकता है। इसके पहले उत्तर रेलवे ने भी फेस्टिव सीजन के दौरान मुसाफिरों के लिए परेशानी मुक्त और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के इरादे से 138 स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान किया था। इसके तहत 11 नवंबर तक ये स्पेशल ट्रेन 2,694 फेरे लगाएंगी। उत्तर रेलवे की ओर से दावा किया गया था कि इस साल पिछले साल की तुलना में स्पेशल ट्रेन के फेरे अधिक होने की वजह से पहले से प्लान करके चलने वाले मुसाफिरों को कम परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। फेस्टिव सीजन के दौरान मुसाफिरों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेन के अलावा पहले से चल रही 108 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने का भी ऐलान किया गया है।

## बिहार के कटिहार जिले में चार बच्चों की नदी में डूबने से मौत

**कटिहार।** बिहार में कटिहार जिले के समेली प्रखंड के कुसेर्ला थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला मौलाना नगर पंचायत में एक दुखद घटना घटी है। जहां रविवार को चार स्कूली बच्चों की मौत नदी में डूबने से हो गई। ये बच्चे समेली हॉल्ट के पास सरैया धार में नहाने गए थे, लेकिन गहरे पानी में चले जाने के कारण उनकी मौत हो गई। मृतक बच्चों की उम्र 15 से 20 साल के बीच थी। मृतक बच्चों में दीपक कुमार (18 वर्ष) पिता चंदन कुमार पंडित, हिमांशु कुमार (18 वर्ष) पिता श्रवण ठाकुर, अभिजीत कुमार (18 वर्ष) पिता चंदन कुमार मंडल, तथा सौरभ कुमार 15 वर्ष) पिता मिट्ठू मंडल शामिल हैं। सभी बच्चे चकला मौलाना नगर पंचायत के निवासी थे। चकला मौलाना नगर पंचायत के मुखिया राजेश कुमार मंडल ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि लगभग आठ स्कूली बच्चे नहाने गए थे, लेकिन गहरे पानी में चले जाने के कारण चार बच्चों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से शवों को बरामद कर लिया गया है और कानूनी प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा जा रहा है।

# पीड़िता की मौत के बाद दुष्कर्म के आरोपी को पीट-पीटकर मार डाला

**एजेंसी। पटाशपुर/पश्चिम बंगाल**



पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के पटाशपुर में एक महिला के साथ शुक्रवार को बलात्कार कर उसे कीटनाशक खिलाने की घटना सामने आई थी। रविवार को अस्पाल में उसकी मौत के बाद गांव की महिलाओं ने आरोपी को घर से निकालकर लाठी-डंडों से उसकी पिटाई की। बाद में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। मृतका के परिजनों के अनुसार, महिला 4 अक्टूबर को दोपहर के समय घर के पीछे खेत में गाय-बकरी चराने गई थी। आरोपी उसे वहीं से उठा ले गया। उसने उसके साथ बलात्कार किया और फिर कीटनाशक खिलाकर वहीं छोड़ दिया। लोगों को नग्न अवस्था में महिला पड़ी मिली। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। महिला को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से बाद में उसे इलाज के लिए तमलुक के एक निजी नर्सिंग होम ले जाया गया। हालांकि, वहां रविवार सुबह महिला की मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने बताया कि आरोपी महिला का दूर का रिश्तेदार था और पास ही रहता था। पुलिस सूत्रों के आरोपी का नाम सुखचंद मैती है। रविवार सुबह गांव की महिलाएं उसे घर से घसीटकर सड़क पर ले आईं और पिटाई शुरू कर दी। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस आई और उसे गंभीर हालत में एगरा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले गई जहां उसकी मौत हो गई। आरोपी के शव को पोस्टमार्टम के लिए कांथी महकमा अस्पताल भेजा जा रहा है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## जंतर मंतर पर नहीं मिली अनुमति, लद्दाख भवन में अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक

**नई दिल्ली।** लद्दाख के पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक दिल्ली के लद्दाख भवन में रविवार को भूख हड़ताल पर बैठे। केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख को संविधान की छठी अनूसूची में शामिल करने की मांग को लेकर वह राजघाट या जंतर-मंतर पर अनशन करना चाहते थे, लेकिन उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी गई। इसके कारण वह जहां ठहरे थे वहीं भूख हड़ताल पर बैठ गए। वांगचुक ने भूख हड़ताल शुरू करने से पहले मीडियाकर्मियों से कहा कि उन्हें कहीं और धरने का स्थान नहीं मिलने के कारण वह यहां बैठे हैं। इस दौरान करीब 18 लोग उनके साथ धरने में बैठे हैं। जंतर-मंतर पर बैठने की अनुमति नहीं मिलने के बाद आज उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि आखिरकार आज सुबह हमें विरोध प्रदर्शन के लिए आधिकारिक तौर पर निर्धारित स्थान के लिए यह अस्वीकृति पत्र मिला।

## पटरियां न बेच दें लालू के ट्वीट पर सम्राट चौधरी का जवाब

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने एनडीए सरकार पर आरोप लगाया है कि 10 साल के शासन में इसने रेलवे की स्थिति खराब करके रख दी। इसके चलते आम लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। आए दिन रेल दुर्घटनाएं होती हैं। लालू प्रसाद ने रविवार को एक्स पर लिखा, '10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एनडीए सरकार ने रेल का किराया बढ़ा दिया।

# कोलकाता में जूनियर डॉक्टरों का अनशन जारी, 10 मांगों के समर्थन में डटे

**एजेंसी। कोलकाता**

कोलकाता के धर्मतला के मेट्रो चैनल के पास छह जूनियर डॉक्टर 10 मांगों के समर्थन में शनिवार रात 8:30 बजे से अनशन पर बैठे हैं। रविवार दोपहर यहां और अधिक संख्या में जूनियर डॉक्टर समर्थन के लिए पहुंचे हैं। उनके अनशन स्थल पर बोर्ड लगाया गया है, जिसमें हर घंटे अनशन का समय लिखा जा रहा है। डॉक्टरों की यह हड़ताल आरजी कर अस्पताल की घटना का खुलासा होने के बाद से जारी है। रविवार सुबह सीनियर डॉक्टरों का एक प्रतिनिधि मंडल जूनियर डॉक्टरों के अनशन स्थल पर पहुंचा। वे अपने जूनियर साथियों को समर्थन देने आए थे। जूनियर डॉक्टरों के प्रतिनिधि अनिकेत महतो ने रविवार को बताया कि अनशन पर बैठे जूनियर डॉक्टरों की शारीरिक स्थिति स्थिर है, हालांकि उन्हें कुछ समस्याएं हो रही हैं। धरने पर बैठे डॉक्टर अर्णव मुखर्जी, अनुष्टुप मुखर्जी और तनया पांजा ने बताया कि उन्हें बायो टॉयलेट लगाने की अनुमति नहीं मिली क्योंकि यह 'ग्रीन जोन' है। हमें थोड़ी दूरी पर बने सामान्य शौचालय का इस्तेमाल करना पड़ रहा है।



### अनशनकारी कौन हैं?

अनशन पर बैठे डॉक्टरों में कोलकाता मेडिकल कॉलेज के अनुष्टुप मुखर्जी, तनया पांजा, कैंसर विभाग की सीनियर रेसिडेंट स्नेहदा हाजरा, एसएसकेएम के अर्णव मुखर्जी, एनआरएस के पुलस्त्य आचार्य और केपीसी अस्पताल की सायंतनी घोष शामिल हैं। डॉक्टरों का कहना है कि जब तक उनकी 10 मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक अनशन जारी रहेगा। जूनियर डॉक्टरों ने कोलकाता पुलिस को ईमेल के जरिए अनशन की अनुमति मांगी थी, लेकिन पुलिस ने पंडालों और भीड़ की वजह से अनुमति देने से इनकार कर दिया।

# सीबीआई को मिले सुराग, पैसे लेकर पेपर लीक करवाते थे प्रिंसिपल संदीप घोष

**एजेंसी। कोलकाता**



कोलकाता के बहुचर्चित आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज मामले में नया मोड़ आया है। वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े मामले की जांच कर रहे सीबीआई अधिकारियों को मेडिकल कॉलेज की परीक्षाओं के पेपर लीक कराने के लिए पैसे लेने के कुछ सबूत भी मिले हैं। सीबीआई ने यह पता लगाया है कि कैसे कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष अपने घर में काम करने वाले आशीष पांडेय के जरिये घूस के पैसे मंगवाते थे और फिर उसके बदले छात्रों को परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करवाते थे। सीबीआई वित्तीय अनियमितताओं और जूनियर डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी और हत्या के मामलों में घोष के खिलाफ अलग-अलग जांच कर रही है। जांच अधिकारियों ने वित्तीय अनियमितताओं के मामले में आशीष पांडेय को भी हिरासत में ले लिया है। सूत्रों के मुताबिक, आशीष पांडेय ने पूछताछ में बताया कि संदीप घोष मेडिकल छात्रों की परीक्षा में सफलता के लिए कैसे उससे पैसों का खेल करवाते थे। घोष और पांडेय के बैंक खातों की सीबीआई गहन जांच कर रही है, ताकि किसी तरह के अवैध लेन-देन के बारे में और सुराग मिल सकें। पांडेय आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज के उन 10 डॉक्टरों में शामिल हैं, जिन्हें कॉलेज प्रशासन ने शनिवार रात निष्कासित कर दिया था। सूत्रों ने बताया कि पांडे के अलावा, सीबीआई को पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल (डब्ल्यूबीएमसी) के कई बड़े अधिकारियों के साथ घोष के संबंधों का भी पता चला है। वे सभी वर्तमान में सीबीआई की जांच के दायरे में हैं।

## गुरु गोविंद सिंह ने की थी खालसा पंथ की स्थापना

**पटना।** जब गुरु गोविंद सिंह नौ साल के थे, तो उन्होंने गुरु का पद संभाला। बाद में उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की। सिखों के दसवें और अंतिम गुरु का जन्म 22 दिसंबर 1666 में पटना में हुआ था। साल 1675 में जब उनकी उम्र नौ साल थी, उस दौरान उनके पिता और सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर को मुगल बादशाह औरंगजेब ने मार दिया था। इसके बाद उन्होंने 10वें गुरु के रूप में जिम्मेदारी संभाली। साल 1704 में हुई आनंदपुर की लड़ाई में उन्होंने अपनी मां और दो नाबालिग बेटों को खो दिया, उनके सबसे बड़े बेटे भी युद्ध में मारे गए। उन्होंने सिख धर्म के लिए खालसा पंथ की स्थापना की।

# बिहार के अररिया में भारतीय बनकर रह रहे बांग्लादेशी को जेल भेजा गया

**अररिया।** तीन साल से अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को रविवार को जेल भेजा दिया गया। पुलिस अधिकारियों के साथ खुफिया विभाग के अधिकारियों के द्वारा कड़ी पूछताछ के बाद कई रहस्यों से भी पर्दा उठा। जिसके बाद नगर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मनीष कुमार रजक के फर्द बयान के आधार पर ही बांग्लादेशी नागरिक के खिलाफ नगर थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 521/2024 दिनांक 05.10.2024 धारा 14 द फॉरेनर्स एक्ट 1946,12 द पासपोर्ट एक्ट 1967,319(2),318(4),338,336(3) दर्ज की गई। केस के अनुसंधानकर्ता एसआई सज्जन सिंह को बनाया गया। नगर थाना में केस दर्ज होने के बाद एएसपी रामपुकार सिंह ने मामले में रविवार को पत्रकार वार्ता कर जानकारी दी। वहीं दूसरी ओर अवैध तरीके से तीन साल तक भारतीय नागरिक बनकर बांग्लादेशी नागरिक के रहने और आधार कार्ड,वोटर कार्ड के साथ साथ शादी करने के खुलासे के बाद भाजपा सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने पूरे सीमांचल इलाके में अवैध रूप से रह रहे घुसपैठियों के शिनाख्त कर उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की वकालत की और मामले में डीएम एसपी से बात करने के साथ ही बिहार सरकार और राज्य सरकार को पत्राचार करने की बात कही।

# नौवीं सदी में बने प्राचीन मंदिर में भद्र रूप में विराजित हैं मां काली

झारखंड के इटखोरी प्रखंड में मौजूद भद्रकाली मंदिर का निर्माण 9वीं सदी में हुआ था। इस मंदिर का इतिहास पालवंश से जुड़ा हुआ है। पहाड़ों और जंगलों के बीच महाने नदी के तट पर स्थित मां भद्रकाली मंदिर तीन धर्मों का अनूठा संगम स्थल है। यह जगह हिंदू धर्म की आराध्य देवी मां काली, बौद्ध धर्म की पूजनीय मां तारा और भदलपुर में जैन धर्म के दसवें तीर्थंकर स्वामी शीतलनाथ जी का जन्म स्थान होने के कारण प्रसिद्ध है। इस मंदिर को भदुली माता के मंदिर नाम से भी जाना जाता है। 9वीं सदी में बने भद्रकाली मंदिर का परिसर शानदार है। मंदिर परिसर में मौजूद सहस्र शिवलिंग पर उत्कीर्ण 1008 शिवलिंग इस मंदिर की शोभा बढ़ाते हैं। एक ही पत्थर को तराशकर बनाए गए इस सहस्र शिवलिंग पर जल चढ़ाने से सभी 1008 शिवलिंगों का जलाभिषेक एक साथ होता है। इस अनूठे शिवलिंग के सामने नंदी की विशालकाय प्रतिमा स्थापित है। सैंड स्टोन पत्थर को तराश कर बनाए गए इस प्राचीन मंदिर के भग्नावशेष गौरवशाली इतिहास का प्रमाण है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा खुदाई के दौरान मिले पुरावशेषों को मंदिर के संग्रहालय में संरक्षित कर रखा गया है। इस मंदिर में स्थापित मां भद्रकाली की प्रतिमा का निर्माण बहुमूल्य काले पत्थरों को तराशकर किया गया है। यह प्रतिमा लगभग 5 फीट की है, जिसमें माता चतुर्भुज रूप में नजर आती है। मां भद्रकाली के चरणों में ब्राह्मी लिपि में लिखा हुआ है कि मंदिर का निर्माण 9वीं सदी में राजा महेंद्र पाल द्वितीय द्वारा करवाया गया था। इटखोरी का मां भद्रकाली मंदिर हिंदू धर्म का पवित्र स्थल है। मंदिर परिसर में मौजूद बौद्ध धर्म का पवित्र मनौती स्तूप भी आकर्षण का केंद्र है। इस अद्भुत बौद्ध स्तूप में भगवान बुद्ध की 1004 छोटी और चार बड़ी छवियां उत्कीर्ण है। पुरातत्व विभाग द्वारा इस स्तूप को 9वीं सदी का बताया जा रहा है। यहां महा पारायण मुद्रा में भगवान बुद्ध की एक प्रतिमा भी मौजूद है। यही कारण है कि यह स्थान बौद्ध धर्म के लोगों का भी पवित्र स्थल है। मंदिर के म्यूजियम में जैन धर्म के दसवें तीर्थंकर स्वामी शीतलनाथ के पैरों के चिन्ह मौजूद हैं, जो खुदाई के दौरान मिला था। यहां खुदाई के दौरान एक तांबे का पात्र भी मिला था। इस पात्र में ब्राह्मी लिपि में बताया गया था कि यह स्थान स्वामी शीतलनाथ का जन्मस्थान है।

चतरा में स्थित एक अतिप्राचीन मंदिर है, जहां मां काली भद्र रूप में विराजित हैं। इस मंदिर का इतिहास पाल वंश से जुड़ा हुआ है। यहां मां काली कमल के पुष्प पर विराजमान हैं। झारखंड राज्य अपने समृद्ध इतिहास, प्राचीन मंदिरों, खनिज संपदा और प्राकृतिक संसाधनों के लिए प्रसिद्ध है। यह भारत के प्रमुख पर्यटन और धार्मिक केंद्रों में से एक है, जहां पूरे साल बड़ी संख्या में सैलानी घूमने आते हैं। झारखंड में कई ऐसे मंदिर मौजूद हैं, जिनका जुड़ाव पौराणिक काल से रहा है। इन प्राचीन मंदिरों के प्रति श्रद्धालुओं में अपार विश्वास है। हर साल दुर्गा पूजा के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग झारखंड के देवड़ी मंदिर और मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचते हैं। ये मंदिर देवी मां को समर्पित हिंदुओं का पवित्र धाम है। झारखंड में मौजूद देवी को समर्पित इन्हीं प्राचीन मंदिरों में से एक है इटखोरी का भद्रकाली मंदिर, जिसे सनातन, बौद्ध और जैन धर्म का प्रमुख तीर्थ स्थल माना जाता है। अगर आप भी झारखंड के प्राचीन मंदिरों को घूमने की योजना बना रहे हैं, तो जरुर विजिट करें भद्रकाली मंदिर।



**जैन धर्म प्रवर्तक भगवान शीतल नाथ स्थान :** प्राचीन अवशेषों से ऐसा पता चलता है कि यह जैन धर्म के 10वें प्रवर्तक भगवन भगवान शीतल नाथ की जन्मस्थली भी थी। खुदाई से अनेक प्रकार की जैन धर्म से सम्बंधित चिन्ह प्राप्त हुए है जिनमें भगवान शीतल नाथ के जोड़-चरण सबसे महत्पूर्ण है।

**क्यों पड़ा इटखोरी नाम :** इटखोरी का नाम इटखोरी पड़ने के पीछे भी एक ऐतहासिक घटना है। कहा जाता है कि भगवान बुद्ध घर छोड़ने के बाद इसी स्थान पर तपस्या कर रहे थे और उनकी मौसी उनको खोजते हुए आयी। उन्होंने भगवान बुद्ध को कई बार पुकार लगाई लेकिन वो तपस्या में लीन थे। तब उनकी मौसी ने कहा इति-खोरी जिसका मतलब है लगता है यही खो गए। बाद में यह स्थान इटखोरी के नाम से प्रचलित हो गया।

## तीन धर्मों का संगम स्थल है मां भद्रकाली मंदिर



### कहां है मां भद्रकाली का ऐतिहासिक मंदिर

झारखंड के चतरा जिले से करीब 35 किलोमीटर की दूरी पर इटखोरी में स्थित है मां भद्रकाली मंदिर। इस प्राचीन मंदिर तक आने के लिए आप रेल मार्ग, सड़क मार्ग और हवाई मार्ग का उपयोग कर सकते है।

**रेल मार्ग :** इटखोरी में स्थित प्राचीन काली मंदिर का सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन कोडरमा स्टेशन है, जिसकी दूरी मंदिर परिसर से केवल 56 किलोमीटर है। इसके अलावा टोरी (चंदवा) स्टेशन भी मंदिर के नजदीक मौजूद है।



**सड़क मार्ग :** राजधानी रांची से करीब 150 किलोमीटर, चतरा जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर और हजारीबाग प्रमंडलीय मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित है मां काली का अति प्राचीन मंदिर. यहां निजी गाड़ी या कैब की सहायता से आप आ सकते हैं.



**वायु मार्ग :** मां भद्रकाली मंदिर परिसर का निकटतम एयरपोर्ट बोधगया हवाई अड्डा लगभग 90 किमी और रांची का बिरसा मुंडा हवाई अड्डा है।



### सर्वकल्याणकारिणी मां भद्रकाली

प्रत्येक व्यक्ति के अंदर अच्छी और बुरी दोनों ऊर्जा होती हैं, और ये ऊजाएं अपने वर्चस्व के लिए लगातार संघर्ष करती हैं। मां भद्रकाली वह देवी है जो अज्ञान को नष्ट करती हैं, विश्व व्यवस्था को बनाए रखती हैं और उन लोगों को आशीर्वाद देती हैं और उन्हें मुक्त करती हैं जो ईश्वर के ज्ञान के लिए प्रयास करते हैं। सभी के कल्याण की इच्छा रखने के कारण ही इन्हें श्रद्धा से मां भद्रकाली कहा जाता है। सौभाग्य से ईटखोरी की भूमि वह सिद्ध भूमि है जहां मां भद्रकाली अपने भक्तों की रक्षा और कल्याण के लिए यहां अनादि काल से प्रकट होकर सबका कल्याण कर रही हैं। मां की कृपा कोई अमूर्त, गैरहाजिर विचार या कल्पना नहीं है, ये एक जीवित शक्ति है जिसे हम अपने जीवन में आमंत्रित कर सकते हैं। मां भद्रकाली की प्रतिमा बेशकीमती काले पत्थर को तराश कर बनाई गई हैं। करीब 5 फीट ऊंची आदम कद प्रतिमा चतुर्भुज है। प्रतिमा के चरणों के नीचे ब्राह्मीलिपि में अंकित है कि प्रतिमा का निर्माण 9 वीं शताब्दी काल में राजा महेंद्र पाल द्वितीय ने कराया था। बौद्ध धर्म के लोग प्रतिमा को मां तारा के रूप में पूजते हैं।

**सहस्र-शिवलिंग :** शिवलिंग के दर्शन दुनिया के हर कोने में होते हैं। अनादि काल से लेकर अब तक स्थापित शिवलिंग की बनावट सामान्यतः एक जैसी ही होती है। लेकिन इटखोरी के मां भद्रकाली-मंदिर परिसर में स्थापित सहस्र-शिवलिंग की बनावट सबसे अनोखी है। इस अद्वितीय सहस्र-शिवलिंग को एक ही पत्थर को तराशकर बनाया गया है। सहस्र-शिवलिंग में '1008' शिवलिंग उत्कीर्ण है। सहस्र-शिवलिंग का जलाभिषेक करने पर एक ही साथ सभी 'एक हजार आठ' शिवलिंगों का जलाभिषेक हो जाता है। सहस्र-शिवलिंग मंदिर के सामने ही नंदी की विशालकाय प्रतिमा भी स्थापित है। इस सहस्र-शिवलिंग के स्थापना का कालखंड इतिहासकारों के द्वारा अलग-अलग बताया जाता है। कुछ इतिहासकारों की मान्यता है कि गुप्त-वंश के कालखंड में इसकी स्थापना की गई थी। इसके पीछे उनका तर्क है कि गुप्त वंश के शासक सनातन धर्म के संरक्षक हुआ करते थे। जबकि कई इतिहासकार व पुरातत्त्ववेत्ता सहस्र-शिवलिंग को नौवीं व दसवीं शताब्दी कालखंड का ही बताते हैं।



**कनुनिया माई का मंदिर :** मंदिर परिसर में ही एक प्राचीन कनुनिया माई का मंदिर है। एक शिला में सूरज, चांद के साथ त्रिशूल भी उत्कीर्ण है। इसी शिला में नर व नारी की भी प्रतिमा उत्कीर्ण है। पुरातत्त्व विभाग इसे सती-स्तंभ बताता है। प्राचीन काल में कनुनिया माई मंदिर ही मां भद्रकाली मंदिर-परिसर का प्रवेश द्वार था। मंदिर या नदी के रास्ते जंगल जाने वाले लोग कनुनिया माई मंदिर में मिट्टी व लकड़ी के टुकड़े मन्नत के रूप में चढ़ाया करते थे।



**बौद्ध - स्तूप :** मंदिर परिसर में एक अद्भुत बौद्ध-स्तूप है। इसे 'मनौती-स्तूप' भी कहा जाता है। बौद्ध-स्तूप में भगवान बुद्ध की 1004 छोटी व चार बड़ी प्रतिमाएं बनी हुई है। स्तूप में भगवान बुद्ध की एक प्रतिमा भूमिस्पर्श मुद्रा में है जबकि दूसरी धर्मचक्रप्रवर्तन, तीसरी वरद तथा चैथी प्रतिमा ध्यानमुद्रा में है। भगवान बुद्ध की एक प्रतिमा महापारायण-मुद्रा में भी है। इस स्तूप को पुरातत्त्व-विभाग ने नौवीं शताब्दी-काल का बताया है। वैसे किवदंती है कि सम्राट अशोक ने जिन चैरासी हजार स्तूपों का निर्माण कराया था, उनमें यह स्तूप भी शामिल है। इस स्तूप के ऊपरी हिस्से में पानी का सतत संग्रह स्वतः होता रहना कौतुहल के साथ खोज का भी विषय है।



## इटखोरी : तीन धर्मों का संगम



इटखोरी संगम है विभिन्न पंथों (प्र चलित अर्थ में 'धर्मों') का। यहां का इतिहास प्रागैतिहासिक है। भगवान बुद्ध तथा मेघामुनि की तपस्या ने इस भूमि को पवित्र किया है। पवित्र महाने व बक्सा नदी के संगम पर इटखोरी के मां भद्रकाली मंदिर परिसर में अनादिकाल से सनातन, बौद्ध एवं जैन धर्म की आस्था की दिव्य धारा बहती चली आ रही है। सनातन धर्मावलंबियों के लिए यह पावन भूमि मां भद्रकाली तथा सहस्र शिवलिंग महादेव के सिद्ध पीठ के रूप में आस्था का केंद्र है। वहीं बौद्धों के लिए भगवान बुद्ध की तपोभूमि के रूप में आराधना व उपासना का स्थल है। शांति की खोज में निकले युवराज सिद्धार्थ ने यहां तपस्या की थी। उस वक्त उनकी मौसी उन्हें वापस ले जाने आई थी। लेकिन जब सिद्धार्थ का ध्यान नहीं टूटा तो उनके मुख से 'इतखोई' शब्द निकला जो बाद में 'इटखोरी' में तब्दील हुआ। जैन धर्मावलंबियों के लिए यह पावन धरा 10वें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ स्वामी की जन्म भूमि है। प्राचीन काल में तपस्वी मेघा मुनि ने अपने तप से इस परिसर को सिद्ध करके इसे सिद्धपीठ के रूप में स्थापित किया था। भगवान राम के वनवास तथा पांडवों के अज्ञातवास की पौराणिक-धार्मिक कथाओं से मां भद्रकाली मंदिर-परिसर का जुड़ाव रहा है। पुरातात्त्विक दृष्टिकोण से भी मंदिर परिसर काफी महत्त्वपूर्ण है। भारतीय पुरातत्त्व- सर्वेक्षण विभाग के द्वारा

वर्ष 2011-12 तथा 2012-13 में की गयी पुरातात्त्विक खुदाई के दौरान कई पुरातात्त्विक तथ्य सामने आए है। पुरातत्त्व विभाग ने यहां नौवीं-दसवीं शताब्दी काल में मठ-मंदिरों के निर्माण की पुष्टि की है। इसके प्रमाण मंदिर के म्यूजियम में पुरावशेषों के रूप में सहेजकर रखे हुए हैं। सैंड स्टोन पत्थर को तराश कर बनाए गये प्राचीन मंदिरों के भग्नावशेष तथा बहुमूल्य काले पत्थरों से निर्मित प्रतिमाएं अपने गौरवशाली अतीत की गाथा स्वयं सुनाती है। इतिहासविदें व पुरातत्त्वविदें के अनुसार नौवीं-दसवीं शताब्दी काल खंड में इस स्थल पर धार्मिक नगरी का निर्माण कराया गया था। उस वक्त यह परिसर बंगाल-मगध तथा काशी (वाराणसी) के महामार्ग का एक प्रसिद्ध पड़ाव था। 12वीं-13वीं शताब्दी काल तक इस स्थल पर सभ्यता व संस्कृति विकसित होती रही। लेकिन इसके बाद के कालखंड में किसी विध्वंस के कारण यह

## मंदिर का इतिहास

माँ भद्रकाली मंदिर का निर्माण खुदाई से प्राप्त शिलालेखों के अनुसार बंगाल शासक महेन्द्रपाल ने कराया था। यह मंदिर भारत के समस्त शक्ति पीठों में से एक है। मंदिर के जीर्णोद्धार के दौरान खुदाई से बहुत सारे मंदिर के अवशेष और मूर्तियां प्राप्त हुई है जिससे पता चलता है यह मंदिर मंदिर बहुत हीं प्राचीन मंदिर अवशेष के अलावा यहां भगवान बुद्ध की भी अलग अलग मुद्रा की मूर्तियां प्राप्त हुई हैं जिससे पता चलता है की यह मंदिर स्थान बौद्ध धर्मवालंबियों के लिए भी एक महत्वपूर्ण स्थान था।

### मंदिर परिसर और यहां स्थित महत्वपूर्ण स्थल



मंदिर परिसर 158 एकड़ में फैला हुआ है। मंदिर के अंदर जाने के लिए एक भव्य प्रवेश द्वार है मुख्य द्वार से अंदर जाते हीं आपको एक दैविक अनुभूति महसूस होगी। परिसर में मुख्य मंदिर है मां भद्रकाली देवी मंदिर जिसमें मां भद्रकाली की अष्टधातु से निर्मित भव्य प्रतिमा स्थापित है। मंदिर के चारों कोनों पर भगवन बुद्ध की ध्यानमग्न प्रतिमाएं हैं।

**हनुमान मंदिर :** मुख्य मंदिर के बगल में श्री हनुमान भगवान की पंचमुखी मंदिर है।

**राम-जानकी मंदिर :** मंदिर परिसर में हीं भगवान राम-जानकी मंदिर है जहां राम सीता लक्ष्मण ,भगवान गणेश और विश्वकर्मा भगवन की प्रतिमा स्थापित है जहां भक्त दर्शन के लिए आते है ।

**चमत्कारी भगवान बौद्ध स्तूप :** मंदिर परिसर से उत्तर -पश्चिम दिशा में भगवान बुद्ध का 15 फीट ऊंचा बौद्ध स्तूप स्थित है जो मुख्य आकर्षण का केंद्र है क्योंकि इसमें 1004 छोटे छोटे और चार बड़े भगवान बुद्ध के विभिन्न मुद्राओं में प्रतिमा उत्कीर्ण की हुई है जो मूर्तिकला का एक मुख्य का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह बौद्ध स्तूप 6-7 फीट ही जमीन के ऊपर है बाकि अन्य हिस्सा जमीन के अंदर है। स्तूप का सबसे बड़ा चमत्कार ये है की इसके ऊपरी हिस्से से जल रिसता रहता है और फिर ऊपर गड्ढे में इकठा हो जाता है जो विज्ञान के लिए एक रहस्य और भक्तों के लिए चमत्कार का विषय बना हुआ है।

**भगवान शीतल नाथ की जन्म स्थली :** मंदिर परिसर से 500 मीटर की दूरी पर उत्तर पश्चिम दिशा में जैन धर्म के 10वें गुरु भगवान शीतलनाथ का मंदिर स्थापित है। ऐसा माना जाता है कि भगवान शीतलनाथ का जन्म इसी स्थल में हुआ था। 1980 दशक में खुदाई से यहां भगवन शीतलनाथ के जोड़-चरण प्राप्त हुए।

**सहस्त्र शिवलिंग मंदिर :** मुख्य मंदिर परसिर के बगल में ही भगवान शिव मंदिर है जहां शिव भगवान की शहस्त्र शिवलिंग स्थापित है। इस शिव लिंग में भगवान शिव के 1008 छोटे-छोटे शिवलिंग बना हुआ है। मंदिर के बाहर एक हीं पत्थर से निर्मित शिव जी के वाहन नंदी की विशाल और सुन्दर प्रतिमा स्थापित है जो वास्तुकला का एक सुन्दर उदहारण है।

**संग्रहालय :** मंदिर परिसर और आस पास खुदाई के दौरान हिन्दू-बौद्ध-जैन धर्म से सम्बंधित बहुत सारे मंदिर अवशेष शिलालेख और मूर्तियां प्राप्त हुई, जिन्हे एक संग्रहालय में रखा गया है। यहां आकर पूजा करने के बाद एक प्रवेश शुल्क जमा कर इसे देख सकते हैं।



## हरमनप्रीत की चोट पर स्मृति ने कहा, 'अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी, चिकित्सक इसकी जांच कर रहे हैं'



एजेंसी

**दुबई।** 2024 महिला टी20 विश्व कप में पाकिस्तान पर भारत की छह विकेट की जीत के दौरान, कप्तान हरमनप्रीत कौर खेल समाप्त होने से ठीक पहले अपना संतुलन खो बैठीं और गर्दन में चोट लगने के कारण 29 रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गईं, जिससे कई लोग चिंतित हो गए। उप-कप्तान स्मृति मंधाना, जिन्होंने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में हरमनप्रीत की जगह ली, ने कहा कि चिकित्सा दल भारतीय कप्तान की गर्दन की चोट की जांच कर रहा है। स्मृति ने कहा, "अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी, चिकित्सक इसकी जांच कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह ठीक होंगी। अरुंधति रेड्डी के करियर के सर्वश्रेष्ठ 3-19 के स्पैल की बदौलत पाकिस्तान को 105/8 पर रोकने के बाद, भारत से उम्मीद थी कि वह अपने नेट रन रेट को बढ़ाने के इरादे से जल्द ही लक्ष्य का पीछा पूरा कर लेगा, जो न्यूजीलैंड से 58 रन की हार के कारण बुरी तरह प्रभावित हुआ। लेकिन पाकिस्तान की अनुशासित गेंदबाजी के कारण भारत पावर-प्ले में केवल 25/1 रन ही बना सका और लक्ष्य का पीछा जल्दी खत्म करने के लिए जोखिम लेने की कभी भी जल्दबाजी नहीं दिखाई। शेफाली वर्मा (32), जेमिमा रोड्रिग्स (23) और हरमनप्रीत कौर (29) ने सुनिश्चित किया कि भारत का लक्ष्य, जिसमें केवल चार बाउंड्री लगाई गई, सात गेंद शेष रहते पूरा हो गया। स्मृति ने माना कि भारत जिस तरह से लक्ष्य का पीछा करता है, उसमें वह बेहतर प्रदर्शन कर सकता था, क्योंकि अब उसका नेट रन रेट -1.217 है। "हम बहुत अनुशासित रहे हैं, योजनाओं का पालन किया है। फील्डिंग में हम बहुत अच्छे थे। बल्ले से बेहतर शुरुआत अच्छी होती, लेकिन हम यह जीत हासिल करेंगे।"




## महिला टी20 विश्व कप में भारतीय टीम ने दर्ज की पहली जीत, पाकिस्तान को छह विकेट से हराया

एजेंसी

**दुबई।** भारतीय महिला टीम ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 में अपनी पहली जीत दर्ज कर ली है। भारतीय टीम ने ग्रुप-ए में अपने दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान महिला टीम को 6 विकेट से हरा दिया है। रविवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 105 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 18.5 ओवर में 4 विकेट पर 108 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। भारतीय टीम को अपने पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 58 रनों से हार झेलनी पड़ी थी। भारतीय टीम अब अगले मुकाबले में 9 अक्टूबर को श्रीलंका के खिलाफ खेलेगी। 106 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत धीमी रही।



शुरुआती चार ओवर में भारतीय टीम ने केवल 18 रन जोड़े। अगले ओवर में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना सात रन बनाकर आउट हो गईं। इसके बाद तीन नंबर पर बल्लेबाजी के लिए जेमिमा रोड्रिग्स उतरीं। उन्होंने शेफाली वर्मा के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने मिलकर 10 ओवर में टीम के स्कोर को 50 रन तक पहुंचाया। हालांकि 12वें ओवर में शेफाली 35 गेंदों में 32 रन की पारी खेलकर आउट हो गईं।उनके जाने के बाद कप्तान हरमनप्रीत बल्लेबाजी के लिए आईं और संभलकर बल्लेबाजी की।

इस बीच 80 रन के स्कोर पर भारतीय टीम के लगातार दो विकेट गिरे। जेमिमा 28 गेंदों पर 23 रन और ऋचा घोष बिना खाता खेले आउट हो गईं। इसके बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा के साथ मिलकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। हालांकि जब भारत को जीत के लिए दो रन बनाने थे, तब हरमनप्रीत इंजरी के चलते रिटायर्ड हर्ट हो गईं। कप्तान हरमनप्रीत ने 24 गेंदों पर 29 रन बनाए। इसके बाद सजीवन सजना ने चौका मारकर टीम को जीत दिला दी। दीप्ति शर्मा 7 और सजीवन सजना 4 रन बनाकर नाबाद रहीं।

# भारत ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया

### हार्दिक-सूर्यकुमार की शानदार बल्लेबाजी

एजेंसी

**ग्वालियर।** भारतीय टीम ने ग्वालियर में खेले गए पहले टी20 मुकाबले में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 127 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम ने 11.5 ओवर में तीन विकेट पर 132 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। भारत के लिए सबसे ज्यादा रन हार्दिक ने बनाए जो 16 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 39 रन बनाकर नाबाद रहे। हार्दिक के अलावा कप्तान सूर्यकुमार ने भी आक्रामक बल्लेबाजी की और 14 गेंदों पर दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 29 रन बनाए। अपना पहला मैच खेलने वाले नीतीश रेड्डी भी 15 गेंदों पर 16 रन बनाकर नाबाद लौटे। बांग्लादेश के लिए मुस्तफिजुर रहमान और मेहदी हसन मिराज ने एक-एक विकेट झटके।

वहीं तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने बांग्लादेश को 19.5 ओवर में 127 रन पर ऑलआउट कर दिया। बांग्लादेश ने इस तरह पहले मैच में भारत के सामने जीत के लिए 128 रनों का लक्ष्य रखा है। बांग्लादेश के लिए मेहदी हसन मिराज ने 32 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से नाबाद 35 रन बनाए। भारत की ओर से अर्शदीप और वरुण ने तीन-तीन विकेट झटके, जबकि डेब्यू करने वाले मयंक यादव, अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और वाशिंगटन सुंदर ने एक-एक विकेट अपने नाम किए। अर्शदीप ने बांग्लादेश को शुरूआती झटके दिए जिससे टीम अंत तक नहीं उबर सकी और उसकी बल्लेबाजी काफी खराब रही। भारत के लिए तीन साल बाद कोई टी20 मुकाबला खेलने उतरे वरुण ने वापसी पर प्रभावित किया, जबकि अर्शदीप ने भी कसी हुई गेंदबाजी कर बांग्लादेश को बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोके रखा। मयंक यादव ने अपने टी20 करियर का पहला ओवर मेडन डाला और एक विकेट लेने में भी सफल रहे। कुल मिलाकर भारतीय गेंदबाजी इस मैच में शानदार रही।

## 2011 की विश्व कप जीत में युवराज के अलावा भारत के 'ट्रंप कार्ड' थे जहीर खान

**नई दिल्ली।** भारत की 28 साल बाद 2011 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में मिली विश्व कप जीत में युवराज सिंह ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता था। लेकिन, इस जीत में एक खिलाड़ी ऐसा भी था जिसने अपनी गेंदबाजी से इतिहास को संभव कर दिखाया। यह गेंदबाज और कोई नहीं बल्कि जहीर खान थे, जिन्होंने विश्व कप में संयुक्त रूप में सर्वाधिक 21 विकेट लिए थे। 'जैक' भारतीय तेज गेंदबाजी इकाई के सचिन तेंदुलकर थे। कप्तान बदले, वक्त बदला लेकिन यह गेंदबाज उस दौर का 'गोल्डन लेफ्ट ऑर्म' था, जिसने कई वर्षों तक भारतीय टीम में लीड फास्ट बॉलर की भूमिका निभाई। वैसे क्रिकेट में बल्लेबाजी को लोग काफी पसंद करते है और यह एक रोमांचक पहलू भी बना हुआ है। लेकिन दर्शक आज भी पुराने समय को देखने के लिए उत्सुक रहते है जहां गेंदबाजों का दबदबा रहा था।

## बावुमा के बाहर होने के बाद हेंड्रिक्स दक्षिण अफ्रीका की टीम में

**नई दिल्ली।** तेम्बा बावुमा को बाईं कोहनी की चोट के कारण आयरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के तीसरे वनडे से बाहर कर दिया गया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने उनके स्थान पर रीजा हेंड्रिक्स को टीम में शामिल करने की घोषणा की है और बल्लेबाज रविवार को अबू धाबी में टीम से जुड़ेंगे। इसमें कहा गया है कि बावुमा की अनुपस्थिति में आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के अंतिम मैच के लिए रासी वैन डेर डुसेन टीम की कप्तानी करेंगे। आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज 1-1 से ड्रॉ होने के बाद सोमवार को होने वाले वनडे सीरीज के आखिरी मैच से पहले दक्षिण अफ्रीका 2-0 की अजेय बढ़त बनाए हुए है। 34 वर्षीय बावुमा को शुक्रवार को दूसरे वनडे के दौरान कोहनी में चोट लगी थी, जब दक्षिण अफ्रीका की पारी के 12वें ओवर में नॉन-स्ट्राइकर छोर पर पहुंचते समय उनकी कोहनी में चोट लग गई थी। चोट के कारण वह दूसरी

## कैरोलिना चाइना ओपन के फाइनल में, गॉफ से होगा खिताबी मुकाबला

एजेंसी

**बीजिंग।** चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा शनिवार को घरेलू पसंदीदा और पेरिस ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन को हराने के बाद 2024 चाइना ओपन महिला एकल फाइनल में नंबर 4 वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ से भिड़ेंगी। शुक्रवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका की 15 मैचों की जीत का सिलसिला खत्म करने वाली दुनिया की 49वें नंबर की खिलाड़ी मुचोवा ने सेमीफाइनल में दमदार शुरूआत की और पहले सेट में 3-2 की बढ़त हासिल की। छठे गेम में ब्रेक प्वाइंट बचाने की कोशिश करते समय झेंग को दर्दनाक तरीके से गिरना पड़ा, जिससे वह कोर्ट पर परेशान दिखाई देने लगीं। चिकित्सा सहायता प्राप्त करने और अपनी चोटिल उंगलियों पर पट्टी बांधने के बाद, झेंग ने खेलना जारी रखा, लेकिन मुचोवा ने इस मौके का फायदा उठाते हुए पहला सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में, झेंग ने दृढ़ वापसी की, लेकिन सात डबल फॉल्ट से जूझती रही, जिससे उसका सर्विस गेम बाधित हुआ। मुचोवा ने स्थिर रहते हुए झेंग के प्रयासों को रोककर 6-4 से जीत हासिल की और फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले शनिवार को, गॉफ ने स्पेन की पाउला बडोसा के खिलाफ प्रभावशाली वापसी की, पहले सेट में पिछड़ने के बाद 4-6, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की।



## सुल्तान जोहोर कप के लिए 18 सदस्यीय जूनियर टीम की घोषणा

**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने रविवार को 18 सदस्यीय जूनियर पुरुष टीम की घोषणा की, जो मलेशिया में सुल्तान ऑफ जोहोर कप के 12वें संस्करण में भाग लेने के लिए तैयार है। नवनियुक्त मुख्य कोच पीआर श्रीजेश मलेशिया में टीम की कमान संभालेंगे, जबकि आमिर अली कप्तान होंगे और रोहित उनके डिप्टी होंगे। भारत अपने अभियान की शुरूआत 19 अक्टूबर को जापान के खिलाफ करेगा, उसके बाद 20 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगा। एक दिन के आराम के बाद, भारत 22 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया से भिड़ेगा और उसके बाद 23 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होगा। आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में, 25 अक्टूबर को, भारत न्यूजीलैंड से भिड़ेगा और 26 अक्टूबर को होने वाले फाइनल में पहुंचने के लिए पूल में शीर्ष दो टीमों में शामिल होने की उम्मीद करेगा।

### टीम

- **गोलकीपरः बिक्रमजीत सिंह, अली खान**
- **डिफेंडरः अमीर अली (कप्तान), तलेम प्रियोबार्ता, शारदानंद तिवारी, सुखविंदर, अनमोल एक्का, रोहित (उपकप्तान)**
- **मिडफील्डरः अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोसन कुजूर, मुकेश टोप्पो, चंदन यादव**
- **फॉरवर्ड : गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह, मो. कोनैन दाद।**

## भारतीय महिला टीम ने काठमांडू में एशिया रग्बी सेवंस ट्रॉफी में जीता रजत पदक




एजेंसी

**काठमांडू।** भारतीय महिला टीम के चौथी बार एशिया रग्बी सेवंस ट्रॉफी में उपविजेता रहने पर रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा कि हालांकि टीम इस परिणाम से निराश है, लेकिन उनका रजत पदक राष्ट्रीय टीम के लिए एक सराहनीय परिणाम रहेगा। भारतीय महिला टीम फाइनल में फिलीपींस से मामूली अंतर से हार गई। शिखा यादव की अगुवाई में, भारतीय रग्बी महिला टीम ने शानदार खेल दिखाया लेकिन 7-5 के स्कोर के साथ फाइनल में मामूली अंतर से हार गई। भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, जबकि टीम इस तरह के करीबी मुकाबले के बाद, इस संस्करण में स्वर्ण नहीं जीत पाने से निराश है, लेकिन जिस तरह से उन्होंने शानदार, बिना किसी रोक-टोक के सेवंस रग्बी खेला, उससे वे अपना सिर ऊंचा रख सकते हैं। रजत पदक हमारी राष्ट्रीय महिला टीम के लिए एक सराहनीय परिणाम है। जबकि रग्बी इंडिया लगातार रजत को स्वर्ण में बदलने और एशिया की शीर्ष टीमों में अपना नाम दर्ज कराने का प्रयास करेगी, लगातार चार रजत पदक जीतना पारिस्थितिकी तंत्र की स्थिरता और क्षमता का प्रमाण है। कप्तान शिखा ने कहा, यह टीम के लिए साल का सबसे महत्वपूर्ण इवेंट है और हम यह जानकर घर लौटेंगे कि हमने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। हम इस पदक के लिए अपने मुख्य कोच वैसाले सेरेवी और पूरे सहयोगी स्टाफ को धन्यवाद देते हैं।



# भारत होगा दुनिया का अगला सेमीकंडक्टर हब: अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

**बेंगलुरु।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से कहा गया कि भारत दुनिया का अगला सेमीकंडक्टर हब बनने की तरफ तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि देश में इस सेक्टर में बड़ी संख्या में निवेश किया जा रहा है। वैष्णव ने न्यूयॉर्क में हाल ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शीर्ष टेक सीईओ के बीच हुई राउंड टेबल बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि इस दौरान तीन शीर्ष एग्जीक्यूटिव्स ने कहा कि ऐसा जोश हमने पिछले 35 से 40 वर्षों में इतिहास में किसी और देश में नहीं देखा है। केंद्र सरकार की ओर से अब तक 1.52 लाख करोड़ रुपये के निवेश मूल्य के पांच सेमीकंडक्टर प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। चिप उत्पादन पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अमेरिकी की माइक्रोन टेक्नोलॉजी 2025 की शुरूआत भारत में चिप का उत्पादन करना शुरू कर देगी। वहीं, सीजी पावर सेमीकंडक्टर सुविधा का कंस्ट्रक्शन चल रहा है और टाटा की ओर से असम में बनाई जा रही एटीएमपी सुविधा में भी काम तेजी से किया जा रहा है और इसका कंस्ट्रक्शन शुरू हो गया है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री की वृद्धि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को मजबूती मिलेगी। सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री, सभी उद्योगों का आधार है। चिप का इस्तेमाल मेडिकल डिवाइस, मोबाइल फोन, लैपटॉप, कार, ट्रक, ट्रेन , टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में किया जाता है। साथ ही कहा कि अब तक सरकार की ओर से गई सभी पहल जिसमें डिजिटल इंडिया मिशन और टेलीकॉम इंडिया मिशन शामिल हैं, उसने सामान्य नागरिकों के हाथ में टेक्नोलॉजी आई है।



*भारत में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री की वृद्धि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को मजबूती मिलेगी। सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री, सभी उद्योगों का आधार है। चिप का इस्तेमाल मेडिकल डिवाइस, मोबाइल फोन, लैपटॉप, कार, ट्रक, ट्रेन , टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में किया जाता है।*

रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत का सेमीकंडक्टर मार्केट 2026 तक 64 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यह 2019 के बाजार मूल्य से करीब 3 गुना होगा। जानकारों के मुताबिक, अपनी भारत अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ा सेमीकंडक्टर सेक्टर में एक बड़ा खिलाड़ी बनने की तरफ बढ़ रहा है। सेमीकॉम इंडिया प्रोग्राम और इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) जैसी पहल के कारण भारत को इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर बाजार हिस्सेदारी हासिल करने में मदद मिलेगी। इससे बड़ी संख्या में भारत में नौकरियां भी पैदा होंगी।

## इंडिगो पर दिग्गज निवेशक विजय केडिया | विकल्प मिले तो लोग चुनेंगे दूसरी एयरलाइन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिग्गज निवेशक विजय केडिया ने रविवार को इंडिगो की खराब सर्विस, लगातार उड़ान में देरी और ग्राउंड स्टाफ के खराब व्यवहार के लिए निंदा की। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के सिस्टम में शनिवार को बड़े पैमाने पर खराबी आई थी, जिसके कारण देश में बड़ी संख्या में एयरलाइन की उड़ानें प्रभावित हुई थी। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में केडिया ने लिखा, अहंकार को अपने पतन का कारण न बनने दें। आगे पोस्ट में लिखा कि अगर इसमें सुधार नहीं होता है तो इंडिगो को गिरावट का सामना करना पड़ेगा। अगर विकल्प मिले तो लोग बड़ी संख्या में दूसरी एयरलाइन चुनेंगे। दिग्गज निवेशक ने लिखा कि पहले इंडिगो मेरी पहली पसंद होती थी, लेकिन अब वह आखिरी विकल्प बन गया है। अब एयर इंडिया की ओर से मार्केट में पैठ बनाई जा रही है। अन्य संघर्ष कर रही एयरलाइन उभर रही हैं। साथ ही नई एयरलाइन भी बाजार में आ रही है। अगर ये मुद्दे सुलझाए नहीं गए तो लोग अन्य विकल्पों की तरफ शिफ्ट हो जाएंगे। घरेलू यात्री ट्रैफिक में अगस्त में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है और यह बढ़कर 1.31 करोड़ पर रहा है। इंडिगो घरेलू बाजार में 62.4 प्रतिशत के साथ देश की सबसे बड़ी एयरलाइन है।






## कार कंपनियों की निगाहें त्योहारी सत्र पर धारणा सुधरने से बिक्री में वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली ।** देश की प्रमुख वाहन कंपनियां मौजूदा त्योहारी सत्र के दौरान अपनी बिक्री में अच्छी वृद्धि की उम्मीद कर रही हैं। त्योहारी सत्र 'ओणम' से शुरू होकर दिवाली पर समाप्त होता है। देश की प्रमुख वाहन कंपनियां मौजूदा त्योहारी सत्र के दौरान अपनी बिक्री में अच्छी वृद्धि की उम्मीद कर रही हैं। त्योहारी सत्र 'ओणम' से शुरू होकर दिवाली पर समाप्त होता है। किआ इंडिया के राष्ट्रीय प्रमुख-बिक्री और विपणन हरदीप सिंह बरार ने पीटीआई-भाषा से कहा कि पिछले 3-4 महीने उद्योग के लिए अच्छे नहीं रहे हैं क्योंकि पिछले साल की समान अवधि की तुलना में बिक्री में गिरावट आई है।

## उतार-चढ़ाव के समय मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए विदेशी मुद्रा भंडार बनाए रखना जरूरी

**नई दिल्ली ।** भारतीय अर्थव्यवस्था ने एक नया मुकाम हासिल किया है, दरअसल भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। इसी के साथ भारत का विदेशी मुद्रा भंडार साल 2024 में 87.6 अरब डॉलर है। इस उपलब्धि पर भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के गवर्नर शक्तिकांत दास का बयान सामने आया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव के दौरान अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए विदेशी मुद्रा भंडार बनाए रखना बहुत ही महत्वपूर्ण है। गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि रिजर्व में पेमेंट्स सरप्लस बैलेंस में वृद्धि से समर्थित होता है, जिसमें कम करंट अकाउंट का लॉस भी मददगार है।

# कोयला व खान राज्य मंत्री ने सीसीएल की दो परियोजनाओं का किया शिलान्यास

*बोकारो व करगली क्षेत्र के कोनार सीएचपी एवं कारो सीएचपी का किया शिलान्यास*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने सीसीएल के बोकारो एवं करगली क्षेत्र में कारो कोल हैंडलिंग प्लांट एवं कोनार कोल हैंडलिंग प्लांट का शिलान्यास किया। इन दोनों परियोजनाओं की क्षमता क्रमशः 7 व 5 मिलियन टन प्रतिवर्ष है। मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल (अनूप सिंह), कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद, सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (संचालन) हरीश दुहान, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) सतीश झा एवं श्रमिक संघों के प्रतिनिधि, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। मंत्री श्री दुबे ने कोनार परियोजना के शिलान्यास के क्रम में पौधरोपण भी किया। फर्स्ट माइल रेल कनेक्टिविटी की दिशा में ये दोनों कोल हैंडलिंग प्लांट एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। जिसके तहत कोयला खदानों से उत्पादित कोयले को निकटतम रेलवे सर्किट तक ले जाने की व्यवस्था की जायेगी। जहां से इसे देश भर के ताप विद्युत संयंत्रों तथा अन्य उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगा। वर्तमान में इन खानों से कोयला टिपर द्वारा सड़क मार्ग से रेलवे साइडिंग तक लाया जाता है।



# किसानों की आमदनी बढ़ाना केंद्र की प्राथमिकता : शिवराज

*कृषि उत्पादक के गुणवत्ता में वृद्धि और लागत में कमी के लिए प्रयास जारी*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रांची के समीप गढखटंगा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद परिसर में दो बहुउद्देशीय भावन की आधारशिला रखी, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जाति व जनजाति के किसानों को विशेष प्रशिक्षण देना होगा।

इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाना वर्तमान केंद्रीय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसके लिए उन्नत खेती पद्धति अपनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है, जिसमें यह संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है।

उन्होंने कहा कि उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ाने और उत्पादन की लागत कम करने के लिए अच्छे बीज, शोध के माध्यम से, किसानों को उपलब्ध कराने के लिए यहां के रिसर्चर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों से यहां कृषि विज्ञान के क्षेत्र में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को भी उनके उन्नत भविष्य की शुभकामना दी। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कुछ किसानों को कृषि में प्रयोग आने वाली सामग्रियों का वितरण भी किया। अपने स्वागत भाषण में संस्थान के निदेशक डॉक्टर सुजय रक्षित ने संस्थान के इतिहास व भूमिका की चर्चा करते हुए बताया। उन्होंने कहा कि इस संस्थान से अब तक 30 छात्र बीटेक इन बायोटेक्नोलॉजी जैसे विशिष्ट कोर्सों की पढ़ाई कर देश के अलग-अलग हिस्सों में कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में यहां 70 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं।



# 'सभी वर्ग समुदाय को उनका हक देने का काम कर रही सरकार'

## मुख्यमंत्री हेमंत से राज्य एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ ने की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य सरकार विभिन्न विभागों के कर्मियों सहित सभी वर्ग एवं समुदाय को निरंतर उनका हक-अधिकार देने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह बातें झारखंड राज्य एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ, झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ एवं संविदा, अनुबंध, एकमुश्त झारखंड कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल से कही। यह प्रतिनिधिमंडल रविवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हेमंत सोरेन से मिलने पहुंचा था। इस अवसर पर सदस्यों ने सरकार द्वारा उनकी मांगों को पूरा करने को लेकर खुशी जाहिर की। साथ ही मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर सदस्यों ने मुख्यमंत्री को संयुक्त रूप से कुछ अन्य महत्वपूर्ण मांगों एवं अपनी भावनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर झारखंड राज्य एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पवन कुमार, महासचिव मंगल हेंब्रम, महामंत्री सुनील कुमार शाह, सरफराज अहमद, सलीम अंसारी एवं सैकड़ों की संख्या में संघ के सदस्य उपस्थित थे।



### बीजेपी चुनाव समिति की बैठक में दिग्गज नेता हुए शामिल

**रांची।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में रविवार शाम प्रदेश कार्यालय में चुनाव समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, केंद्रीय मंत्री एवम प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, असम सरकार के मुख्यमंत्री एवम चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, बालमुकुंद सहाय, रविंद्र कुमार राय, समीर उरांव, सुनील सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, गणेश तिवारी, श्यामनारायण दुबे, विद्युत वरण महतो, आरती सिंह, केदार हाजरा आदि शामिल हुए। बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा की गयी।

## आधा सच आधा फसाना

# रांची की जनता किसके सर सजाएगी विधायक का ताज

*इंडी गठबंधन की महुआ माजी भी रांची से लड़ेगी चुनाव*

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रांची विधानसभा राज्य की सबसे हॉट सीट बन गयी है। यहां से भाजपा के लगभग 35 से 40 उम्मीदवार अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा भी सह और मात की खेल में लगी हुई है। भाजपा भी विचार कर रही है कि किस व्यक्ति को यह सीट दिया जाये, ताकि इस परंपरागत सीट को बचाया जा सके। रांची विधानसभा सीट भाजपा की परंपरागत सीट है। यहां से भाजपा के सीपी सिंह विधायक हैं जो पिछले 30 सालों से लगातार इस सीट पर कब्जा जमाये हुए हैं। लेकिन यह चर्चा हो रही है कि विधायक सीपी सिंह का उम्र काफी हो गयी है। ऐसे में इस सीट पर अब दूसरे को टिकट दिया जायेगा। ऐसे में चर्चा है कि हटिया विधायक नवीन जायसवाल को रांची से टिकट दिया जायेगा। जबकि भाजपा नेता रमेश सिंह भी रांची से टिकट के लिए एड़ी-चोटी एक किये हुए हैं। ऐसे में किस नेता को टिकट मिलता है यह कहना मुश्किल है। दूसरी ओर रांची विधानसभा सीट से इंडी गठबंधन की महुआ माजी को रांची से चुनाव लड़ेगी। श्रीमती माजी पिछले विधानसभा चुनाव में सीपी सिंह को कड़ी टक्कर दी थी व दूसरे स्थान पर रही थी। ऐसे में भाजपा के सामने भी उम्मीदवार चयन की चुनौती बनी हुई है।

भाजपा हटिया सीट के कांग्रेस के एक कद्दावर नेता को पार्टी में लाना चाह रही है। उनसे कई दौर की बातचीत भी हो चुकी है। अगर वह भाजपा में आ जाते हैं तो यह संभावना जतायी जा रही है कि नवीन जायसवाल रांची से चुनाव लड़ सकते हैं। हालांकि सीपी सिंह भी रांची सीट छोड़ने को तैयार नहीं हैं। हाल में ही उन्होंने '**राष्ट्रीय नवीन मेल**' में दिये इंटरव्यू में कहा था कि रांची से 35 से 40 लोग भाजपा से टिकट के लिए प्रयासरत हैं। मुझे उम्र के हिसाब से चुनाव नहीं लड़ने की बात कही जा रही है। लेकिन मैं काफी फीट हूं, मेरे उपर उम्र का कोई प्रभाव नहीं है। हालांकि सीपी सिंह की छवि एक सर्व सुलभ विधायक के रूप में है। उनकी जनता के बीच अच्छी पकड़ है। इस कारण सीपी सिंह लगातार छह बार से विधायक हैं। अगर दूसरे को भाजपा रांची से टिकट देती है तो जाति समीकरण भी ध्यान रखना होगा।

### पूर्व सीएम चंपाई की तबीयत बिगड़ी टीएमएच में भर्ती



**जमशेदपुर।** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन की तबीयत अचानक बिगड़ जाने के कारण उन्हें रविवार को टीएमएच (टाटा मेडिकल कॉलेज) में एडमिट कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, अब चंपाई सोरेन का स्वास्थ्य बेहतर हो रहा है। डॉक्टरों के अनुसार चंपाई सोरेन का शुगर लेवल बढ़ने और प्रेशर के कारण उनकी तबीयत बिगड़ी थी। वे जल्द ही ठीक हो जाएंगे। बताते चलें कि रविवार को चंपाई सोरेन को साहेबगंज के भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेना था। खुद चंपाई सोरेन ने ट्वीट कर बताया कि स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों की वजह से वीर भूमि भोगनाडीह में आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल रहूंगा। कहा कि डॉक्टरों के अनुसार, चिंता की कोई खास बात नहीं है। मैं शीघ्र पूर्णतः स्वस्थ होकर, आप सभी के बीच वापस आऊंगा।

# राज्य सरकार बाबा साहेब के सपनों की हत्या कर रही है : लाल सिंह आर्या

## कहा, झामुमो की सरकार झूठ बोलने वाली मशीन है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्या ने रविवार को प्रेस वार्ता की। उन्होंन कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी, हेमंत सोरेन व इंडी गठबंधन के नेता संविधान की किताब दिखाते हुए हर सभा में बोलते थे कि भाजपा को 400 सीट मिली तो वे संविधान बदल देंगे। आरक्षण खत्म कर देंगे। कांग्रेस और इंडी गठबंधन संविधान और आरक्षण की रक्षा करेगी। राहुल गांधी ने ऐसा कर दलित, आदिवासी, पिछड़ों को भड़काकर कुछ प्रतिशत वोट हासिल करने का काम कर लिया। वोट लेने के बाद जैसे ही वे अमेरिका गए, वहां उन्होंने पत्रकार से बातचीत में कहा कि अगर भारत में हम ताकत में आ गए तो आरक्षण खत्म कर देंगे। कांग्रेस का यह दोहरा चरित्र है। लोकसभा चुनाव में वोट हासिल करने से पहले दूसरा चरित्र था और लोकसभा चुनाव के बाद उनका दूसरा चेहरा सामने आया। आम जनता कहती है कि राहुल गांधी बड़ी झूठ की मशीन है। यह उन्होंने अपने चरित्र से भी सिद्ध किया है।



उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन झारखंड के चुनाव में भी कहीं ना कहीं झूठ बोलने का काम करेगी। षड्यंत्र करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में जिस प्रकार से झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार ने कहा कि हम पांच लाख नौजवानों को रोजगार देंगे, लेकिन 5 साल बीतने जा रहे हैं 1 लाख लोगों को भी उन्होंने रोजगार नहीं दिया। इसका मतलब है कि इंडी गठबंधन के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा भी नौजवानों के वोट लेकर उनकी पीठ पर रोजगार मांगने के बाद लाठियां चल। इतना ही नहीं झारखंड में अनुसूचित जनजाति को जाति प्रमाण पत्र चाहिए नौकरी और रोजगार के लिए चाहिए। प्रमाण पत्र भी झामुमो की सरकार नहीं बनाती है। भारतीय जनता पार्टी और एससी मोर्चा के अध्यक्ष प्रतिपक्ष के नेता हैं। उन्हें झारखंड में जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए जिलों में आंदोलन करना पड़ता है, लेकिन झामुमो की सरकार प्रमाण पत्र नहीं बनती है। ताकत के बल पर, सरकार के संरक्षण और डरा धमकाकर अनुसूचित जाति के लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। उनकी जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है। गांव से मारकर भगाया भी जा रहा है।

## हटिया विसस्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

# सरकार ने राज्य की बुनियाद को कमजोर कर दिया है : सुदेश महतो

*राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था ठप*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरकार ने अपने कार्यकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था को ठप कर दिया है। राज्य में पिछले पांच सालों में शिक्षकों की कमी होने से शिक्षा के स्तर में गिरावट आई है। सरकार ने राज्य की बुनियाद को कमजोर कर दिया है। खनिज संपदाओं की लूट और राज्यभर में व्याप्त भ्रष्टाचार इस सरकार की उपलब्धि है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रिंग रोड स्थित आम बगीचा, मनातू में आयोजित हटिया विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह में कही। मौके पर विधानसभा क्षेत्र के हजारों चूल्हा प्रमुखों ने अपने पद की शपथ ग्रहण की।



राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए गांवों को सशक्त करना आवश्यक है। गांव का परिचय केवल शहर की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नहीं होगा। आत्मनिर्भर महिला ही आत्मनिर्भर गांव का आधार हैं। हमने महिलाओं को चौखट और घूंघट से निकालकर उन्हें सामाजिक और राजनीतिक सम्मान दिलाने का काम किया है। सरकार को बेदखल करने के लिए हम सभी को एकजुट होकर मेनहत करना है। हमारी तैयारी वादों को सिर्फ कागजों का हिस्सा नहीं बल्कि उन्हें धरातल पर उतारने की है। लीडर पर जनता को विश्वास होना चाहिए। जनता के विश्वास के बिना लीडर की कोई मान्यता नहीं। झारखंड को अपने पैरों पर खड़ा करने की दिशा में काम करना है। बड़ा होने के लिए बड़ी सोच रखनी होगी। राज्य की बेहतरी हमारी प्राथमिकता। पढ़ाई, दवाई, न्याय और कमाई हमारा मूल एजेंडा है। भरत कांशी निरंतर हटिया की जनता की सेवा में लगे हैं। उन्होंने जनता के विश्वास के अनुरूप कार्य किए हैं। मौके पर उपस्थित सभी चूल्हा प्रमुखों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी हमारे सांगठनिक ढांचे के मजबूत आधार हैं। आपके विचार मजबूत होंगे तो हम मजबूत होंगे। जनता के बीच रहकर सरकार की वादाखिलाफियों से उन्हें अवगत करवाने का काम करें। राज्य में आवश्यक नेतृत्व परिवर्तन में आपकी सक्रियता अहम है। इस अवसर मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, जिप अध्यक्ष श्रीमती निर्मला भगत, हटिया विधानसभा प्रभारी भरत कांशी, जिप सदस्य रातू दक्षिणी मनीषा देवी, डॉ सुधीर यादव, ज्ञान सिंहा, जीतेन्द्र सिंह, अशोक नाग, नागेश्वर महतो, विक्की लोहरा, लीला तिर्की, मन्नू पांडे, योगेंद्र उरांव, राकेश साहू, जितेंद्र कांशी, आजम अंसारी, चिंटू मिश्रा इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**गोगो योजना का फॉर्म ठगने के लिए...**

घेराबंदी, देव स्थल घेराबंदी, धूमकुड़िया भवन, सरना स्थल घेराबंदी सहित 84 योजनाओं का निर्माण कराया गया। 44 डिप बोर करवाए गए हैं। पेयजल की कई योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। महिला कॉलेज गढ़वा में बनवाया गया है। रंका में भी डिग्री कॉलेज, मेराल में डिग्री कॉलेज, सोहबरिया में आवासीय विद्यालय सहित कई योजनाओं को इसी 3 वर्ष में पूरा किया गया है। जो 30 वर्ष के लिए भी भारी पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज गोगो योजना का फॉर्म भरवारा जा रहा है, जो लोगों को ठगने के लिए काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री को परेशान करने के लिए जेल में डाला गया, परंतु उन्होंने घुटने नहीं टेके। राज्य की भलाई के लिए जेल जाना मंजूर किया, लेकिन जब उन्होंने कुछ नहीं किया तो यह साफ सुथरा बरी हो गए। मौके पर झामुमो के जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, चैतू सिंह खारवार, मोहम्मद फरीद, अरविंद यादव, नौसाद मंसूरी, प्रमुख सुनैना देवी,बनारसी सिंह,रवि गुप्ता, सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड, अंचल व चिकित्सा विभाग के सभी कर्मी, सहायक सहित महिला पुरुष उपस्थित थे।

**बुढ़ा पहाड़ पर चला सीआरपीएफ...**

डेटोनेटर बरामद किए गए। यह सूचना तुरंत कमांडेंट को दी गई। कमांडेंट के निर्देश पर ऑपरेशन टीम ने निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए और सुरक्षा घेरे के तहत विस्फोटक सामग्रियों को सुरक्षित तरीके से बरामद किया। बरामद ग्रेनेड और डेटोनेटर से सुरक्षाबलों और स्थानीय ग्रामीणों को गंभीर खतरा था। जिसका उद्देश्य भारी नुकसान पहुंचाना था। सीआरपीएफ की त्वरित कार्रवाई ने न सिर्फ एक बड़े खतरे को टाला, बल्कि नक्सली साजिश को भी समय रहते विफल किया। सुरक्षाबल लगातार इस क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ कड़ी मुहिम चला रहे हैं।

**पूर्व सीएम चंपाई की तबीयत...**

संबंधित परेशानियों की वजह से वीर भूमि भोगनाडीह में आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल रहूंगा। कहा कि डॉक्टरों के अनुसार, चिंता की कोई खास बात नहीं है। मैं शीघ्र पूर्णतः स्वस्थ होकर, आप सभी के बीच वापस आऊंगा।

**तोहफों की बारिश : मुख्यमंत्री आज...**

फील्ड अपोलो मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का शिलान्यास। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के मरीजों की गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सोमवार को रांची के धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी क्षेत्र में अपोलो मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का शिलान्यास करेंगे। कुल 310 बेड के इस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में प्रसिद्ध हृदय देखभाल, अत्याधुनिक कैंसर उपचार, दयालु मातृ स्वास्थ्य, विशेष बाल चिकित्सा की व्यवस्था होगी। अस्पताल में हृदय विज्ञान सहित 50 से ज्यादा नैदानिक विशिष्टताएं उपलब्ध होंगी। गैस्ट्रोसाइंसेज, न्यूरो साइंसेज, रीनल साइंसेज, ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, आंकोलॉजी, आपातकालीन और आघात से बचाव के लिए हमेशा विशेषज्ञ और उपकरण उपलब्ध रहेंगे। इस अस्पताल में अत्याधुनिक कैथ लैब्स, एमआरआई, ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, सिटी स्कैन, पीएफटी इत्यादि जो उन्नत देखभाल के लिए जरूरी होता है वो सबकुछ रहेगा। राज्य के मरीजों को अपने ही शहर में इलाज उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम में राज्य सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, अधिकारी, पदाधिकारी के साथ अपोलो अस्पताल इंटरप्राइज की एक्जीक्यूटिव वाइस चेयरपर्सन डॉक्टर प्रीता रेडी और उनकी टीम मौजूद रहेगी।

**सीट बंटवारे के लिए विजयादशमी...**

कि पहले जीत का समीकरण देखा जायेगा। इस पर मंथन कर ही सीट शेयरिंग की जायेगी। इस बार कांग्रेस व राजद के कोटे में कुछ कटौती हो सकती है। इस सीट को वामदल को दिया जा सकता है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि रांची को लेकर कांग्रेस लगातार समय-समय पर कहती आ रही है कि यह सीट उसे दे दी जाये लेकिन वर्ष 2019 के चुनाव में झामुमो इस सीट से दूसरे स्थान पर रहा था। झामुमो प्रत्याशी महुआ माजी व भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह के बीच मत का अंतर केवल 5904 वोट का ही था। महुआ माजी दूसरे स्थान पर रहीं। मतों के अंतर को लेकर झामुमो एक बार फिर से रांची विधानसभा सीट पर दावा करेगा। हालांकि, कांग्रेस के कई नेता इस प्रयास में लगे हुए हैं कि गठबंधन के तहत यह सीट कांग्रेस को मिल जाये, तो वे चुनाव लड़ेंगे। इस संबंध में झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि बहुत जल्द सीट शेयरिंग पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहयोगी दलों के साथ बैठक करेंगे। जाहिर है झामुमो बड़े भाई की भूमिका निभायेगा लेकिन सहयोगियों का भी पूरा ध्यान रखा जायेगा। पूरा इंडी गठबंधन मिलकर चुनाव लड़ेगा। किस सीट पर कौन जीत सकता है, यह विशेष रूप से देखा जायेगा। केवल सीट देने की बात नहीं है, बल्कि जीत सुनिश्चित करने की बात है।

**उम्मीदवारों की पहली सूची जल्द जारी...**

(यह) पहले करना चाहते थे। लेकिन, परिस्थितियां बदली हैं। आज चुनाव समिति की बैठक में 81 सीटों के पैनल पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि हर विधानसभा सीट से तीन नाम लिए गए हैं। इसके बाद पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक में प्रत्याशियों के नामों पर आखिरी फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा प्रत्याशियों के चुनाव के लिए एक पूरी प्रक्रिया होती है और हमारी रायशुमारी हो चुकी है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनावों के एग्जिट पोल अनुमानों के बारे में पूछे जाने पर असम के मुख्यमंत्री ने कहा, मैं जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के विधानसभा चुनाव में ज्यादा सक्रिय नहीं था। इसलिए मैं वहां के हालात के बारे में ज्यादा नहीं कह सकता। लेकिन, मुझे विश्वास है कि हम लोग जम्मू रीजन में अच्छा करेंगे। वहीं, हरियाणा में भी हमारे पक्ष में ही परिणाम आएगा। हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर शनिवार को मतदान संपन्न हुआ। इसके बाद तमाम एग्जिट पोल में भाजपा के हाथ से सत्ता जाती दिख रही है और 10 साल बाद कांग्रेस की वापसी का अनुमान लगाया गया है। एग्जिट पोल के आंकड़ों से कांग्रेस का आत्मविश्वास बढ़ा है। लेकिन, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अनुसार, एग्जिट पोल के नतीजे हरियाणा में पहले भी बदले हैं और इस बार भी बदलेंगे। उनका कहना है कि हरियाणा में तीसरी बार 'डबल इंजन' की सरकार बनेगी।

**कंपनियों में एक साल के इंटर्नशिप के लिए...**

साथ ही परिवार का कोई सदस्य केंद्र या राज्य सरकार का कर्मचारी हो तो वह भी इस योजना के पात्र नहीं होंगे।वैसे तो वित्त वर्ष 2025 में 1,25,000 युवाओं को इंटर्नशिप करने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन कितना हो पाएगा. यह आगे पता चलेगा। इस पायलट सहित पूरी स्कीम में केंद्र सरकार की आरक्षण पॉलिसी लागू रहेगी। इस योजना में चुने गए कैंडिडेट्स को केंद्र सरकार एक मुश्त छह हजार रुपये देगी। इस योजना में हाई स्कूल व इससे ऊपर की पढ़ाई कर चुके ऐसे युवा जिन्होंने आईटीआई सर्टिफिकेट, पॉलिटेक्निक इंस्टिट्यूट से डिप्लोमा या बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए, बीबीए, बी फार्मा जैसे कोर्स की पढ़ाई की है वह आवेदन कर सकेंगे। वर्तमान में कॉल सेंटर के जरिए ऐसे लोगों ने भी इच्छा जताई है जो आठवीं पास है। ऐसे लोगों के बारे में फिलहाल सरकार ने योजना में कोई प्रावधान तो नहीं किया है, हो सकता है निकट भविष्य में इसको लेकर फैसला हो सकता है। इस योजना में आईआईटी, आईआईएम, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, आईआईएसईआर, एनआईटी और ट्रिपल आईटी जैसे संस्थानों से डिग्री ले चुके युवा इंटर्नशिप के लिए अप्लाई नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा जिनके पास का सीए, सीएसए, सीए, एमबीबीएस, बीडीएस, एमबीए या और किसी तरह की प्रोफेशनल मास्टर्स डिग्री या उससे ऊपर की डिग्री है, वह भी अप्लाई नहीं कर सकते। जो लोग केंद्र अथवा राज्य सरकार की योजनाओं में किसी भी स्किल अप्रेंटिसशिप इंटर्नशिप या स्टूडेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम का हिस्सा हो, वह इस योजना के पात्र नहीं होंगे। जिन लोगों ने नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम या नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के तहत किसी भी समय अप्रेंटिसशिप पूरी कर ली है या ट्रेनिंग ले रहे हैं, वह भी इसमें आवेदन नहीं कर सकेंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## विदेश मंत्री जयशंकर ने मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात की। मुइज्जू, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर पांच दिवसीय राजकीय यात्रा पर रविवार को नई दिल्ली पहुंचे। मालदीव के राष्ट्रपति के साथ अपनी बैठक के बाद विदेश मंत्री ने एक्स पर लिखा, आज राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात कर प्रसन्नता हुई। भारत-मालदीव संबंधों को बढ़ाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं। मुझे विश्वास है कि सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी वार्ता हमारे मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई गति प्रदान करेगी। इससे पहले, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली एयरपोर्ट पर मुइज्जू का स्वागत किया।

# वायु सेना ने हिमालय में फंसी दो विदेशी महिलाओं को बचाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वायु सेना ने उत्तराखंड की चौखंबा तृतीय चोटी पर चढ़ने के प्रयास में तीन दिनों से फंसी दो विदेशी महिला पर्वतारोहियों को 60 घंटे तक ऑपरेशन चलाने के बाद रविवार को सुबह सुरक्षित बचा लिया है। अमेरिका की मिशेल थेरेसा ड्वोरक और ब्रिटेन की फे जेन मैनर्स 3 अक्टूबर से 6,015 मीटर की ऊंचाई पर फंसी थीं। इनका भोजन और चढ़ाई के सामान वाला जरूरी बैग खाई में गिर गया था। दोनों महिलाओं ने 3 अक्टूबर को पेजर के जरिए अपनी मित्र श्वेता शर्मा से संपर्क करके 6,015 मीटर की ऊंचाई पर फंसने की जानकारी दी। यह दोनों महिलाओं के साथ आखिरी संवाद था। यूएसए की मिशेल थेरेसा ड्वोरक और यूनाइटेड किंगडम की फे जेन मैनर्स 15 सितंबर को दिल्ली पहुंचीं थीं। दोनों विदेशी पर्वतारोही 2022 में बने उस रिकॉर्ड को तोड़ना चाहती थीं, जिसे 6,200 मीटर की ऊंचाई पर उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी डेनाली पर चढ़कर पिता भारतीय मूल के अजीत और पुत्री दीया बजाज ने बनाया था। दोनों अनुभवी पर्वतारोही महिलाएं भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन की ओर से आयोजित एक विदेशी पर्वतारोहण अभियान में शामिल हुईं और उत्तराखंड के चमोली जिले में 6,995 मीटर की ऊंचाई पर स्थित चौखम्बा तृतीय चोटी पर चढ़ाई शुरू की।



## चीता हेलीकॉप्टर ने 17,400 फीट की ऊंचाई से किया एयरलिफ्ट

दो विदेशी महिला पर्वतारोहियों के लापता होने की सूचना मिलने के बाद भारतीय वायु सेना ने एसडीआरएफ और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ संयुक्त अभियान शुरू किया। शुक्रवार को भारतीय वायु सेना के दो हेलीकॉप्टरों ने उन्हें खोजने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया। कोहरे और प्रतिकूल मौसम की वजह से खोज और बचाव अभियान में बाधा उत्पन्न होने के कारण शनिवार को पर्वतारोहण में प्रशिक्षित एसडीआरएफ कर्मियों ने उनका साथ दिया। लगभग 60 घंटे तक ऑपरेशन चलाने के बाद वायु सेना ने रविवार की सुबह दोनों विदेशी महिला पर्वतारोहियों को सुरक्षित बचा लिया। तीन दिन तक फंसे रहने के बाद थकी हुई होने के बावजूद दोनों महिलाएं मुस्कुरा रही थीं। इसके बाद अमेरिका की मिशेल थेरेसा ड्वोरक और ब्रिटेन की फे जेन मैनर्स को ज्योतिर्मठ (जोशीमठ) हेलीपैड पर लाया गया। वायु सेना ने एक बयान में कहा कि यूएस और यूके की पर्वतारोहियों का बचाव भारतीय वायु सेना के लचीलेपन और कौशल का प्रमाण है।

### इजराइल पर आतंकी हमले के 1 साल

# बंधकों की तत्काल रिहाई हो : गुटेरेस

एजेंसी

**तेल अवीव।** इजराइल पर हमास के आतंकी हमले के एक साल पूरे होने के बाद पश्चिम एशिया में भीषण युद्ध भड़कने का खतरा लगातार बना हुआ है। इस बीच रविवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने संदेश जारी कर हमास से बंधक बनाए गए इजराइली नागरिकों को तत्काल और बिना शर्त रिहा करने की अपील की है। उन्होंने रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति को बंधकों से मिलने की अनुमति देने की भी अपील की है। एक्स पर वीडियो जारी कर संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि 7 अक्टूबर को हमले ने आत्मा को झकझोर दिया। इस दिन हम उन सभी को याद करते हैं जिन्हें क्रूरतापूर्वक मार दिया गया और जिन्हें यौन हिंसा सहित अकल्पनीय हिंसा का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि 3 अक्टूबर को इजरायल ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के इजराइल में प्रवेश पर पाबंदी लगाकर पूरी दुनिया को चौंका दिया था।

इजरायली विदेश मंत्री इजरायल काट्ज ने एंटोनियो पर आरोप लगाया कि उन्होंने बीते साल 7 अक्टूबर को इजराइल पर ईरान और हमास के हमले की निंदा नहीं की थी। इस तरह की घटना पर अगर कोई व्यक्ति किसी की निंदा नहीं करता है तो वो हमारे देश में घुसने का हकदार नहीं है। इस बीच इजराइल 7 अक्टूबर की बरसी को देखते हुए खासा सतर्क है।



### लेबनान में 4 दिनों में 400 हिज्बुल्लाह लड़ाकों का खात्मा : इजराइल

शनिवार रात बेरूत में इजरायली हमले जारी रहे। इसे ईरान समर्थित हिजबुल्लाह का गढ़ माना जाता है। इजरायली सेना का दावा है कि चार दिनों पहले दक्षिणी लेबनान में जमीनी अभियान शुरू करने के बाद से 400 से अधिक हिज्बुल्लाह लड़ाकों का खात्मा किया गया है। बलों ने जमीन और हवा से लगभग 440 आतंकवादियों को मार गिराया है, जिनमें विभिन्न रैंकों के 30 कमांडर भी शामिल हैं।

### एक साल में क्या-क्या हुआ

**1200** नागरिकों की मौत पर इजराइल की जवाबी कार्रवाई में अबतक 41 हजार से ज्यादा की मौत

- आतंकी हमले के एक बरस पूरा होने पर दोबारा हमले का खतरा, इजराइल तैयार और पूरा सतर्क
- नसरल्लाह सहित हिज्बुल्लाह के ज्यादातर शीर्ष कमांडरों का खात्मा, सफीद्दीन के खात्मे के कयास

## श्रीलंका में कल से शुरू होगी जनसंख्या और आवास की गणना

**कोलंबो।** श्रीलंका के जनगणना एवं सांख्यिकी विभाग ने रविवार को कहा कि वह सोमवार को देश में जनसंख्या और आवास की 15वीं गणना के लिए व्यक्तिगत और आवास संबंधी जानकारी एकत्र करना शुरू करेगा। विभाग की महानिदेशक अनोजा सेनेविराथने ने कोलंबो में पत्रकारों को बताया कि गणना अधिकारी महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्र करने के लिए देश भर के घरों का दौरा करेंगे। समाचार एजेंसी शन्हिुआ के अनुसार, उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में लगभग 50,000 अधिकारी गणना कर्ता के रूप में कार्यरत होंगे। उन्होंने कहा कि श्रीलंका में आमतौर पर हर 10 साल में एक बार जनगणना होती है, लेकिन कोविड-19 महामारी और आर्थिक संकट के कारण इस प्रक्रिया में देरी हुई। दक्षिण एशियाई देश की अंतिम जनगणना 2012 में की गई थी।

# एआई दुनिया के लिए परमाणु बम जितना खतरनाक : एस जयशंकर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को दुनिया के लिए परमाणु बम जितना खतरनाक बताते हुए कहा कि तेजी से उभर रही यह टेक्नोलॉजी पूरी दुनिया को अगले दशक में गहराई तक प्रभावित करेगी। नई दिल्ली स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ और वित्त मंत्रालय की साझेदारी में आयोजित कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि एआई आने वाले समय में काफी बढ़ने वाला है और देशों को इसके प्रभावों से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह वैश्विक इकोसिस्टम के लिए भी एक महत्वपूर्ण कारक बनने जा रहा है। दुनिया के लिए एआई कुछ इतना खतरनाक होगा, जितने एक समय पर परमाणु बम थे। विदेश मंत्री ने कहा कि जनसांख्यिकी, कनेक्टिविटी और एआई वैश्विक व्यवस्था को बदल देंगे। अगले दशक में वैश्वीकरण को हथियार बनाया जा सकता है और दुनिया को इसे लेकर सतर्क रहना चाहिए। दुनिया में कई लोग इसे बेरोजगारी और क्रांति के अन्य नकारात्मक प्रभावों के लिए दोषी मानते हैं। विदेश मंत्री ने कहा, वैश्वीकरण पर सामाजिक और राजनीतिक प्रतिक्रिया ने पिछले दशक में गति पकड़ी है। वैश्वीकरण की वास्तविकताएं अनिवार्य रूप से संरक्षणवाद से टकराती हैं। जयशंकर ने आगे कहा कि आज के युग में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका केवल एक दर्शक की रह गई है। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र एक पुराना बिजनेस है, जो जगह काफी ले रहा है, लेकिन दुनिया के मुताबिक बदल नहीं रहा है। मध्य पूर्व के देशों में चल रहे संघर्ष पर जयशंकर ने कहा कि आज के समय में लड़ाई केवल आर्थिक गलियारा, जमीन और समुद्र के लिए हो रही है, लेकिन भविष्य में लड़ाइयां जलवायु परिवर्तन के लिए भी होंगी।

## एजुकेशन/करियर

वॉटर इंजीनियरिंग सिविल इंजीनियरिंग का एक हिस्सा है, जो विशेष रूप से जल-आधारित परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करता है और इसमें जल उपचार, अपशिष्ट जल या बुनियादी ढांचा विकास शामिल हो सकता है। इसे हाइड्रोलिक इंजीनियरिंग बोलते हैं, जो मुख्य रूप से पानी और सीवेज के प्रवाह और परिवहन से संबंधित है। वॉटर इंजीनियरिंग कोर्सेज करने से पहले इसे समझना काफी आवश्यक है। इस फील्ड में काम के दौरान काफी चैलेंज्स भी आते हैं। वॉटर इंजीनियरिंग कोर्स वाले कैंडिडेट्स के लिए जॉब के कई अवसर उपलब्ध हैं। एक वॉटर इंजीनियर के रूप में कोई भी व्यक्ति सभी स्तरों पर कई सरकारी एजेंसियों में विविध करियर विकल्प पा सकता है। वॉटर इंजीनियरिंग कोर्सेज करने के बाद आपके लिए वॉटर रिसोर्स मैनेजमेंट में बेहतरीन जॉब्स के मौके मिलते हैं।



# वॉटर इंजीनियरिंग कर बना सकते हैं अपना करियर

- एक वॉटर इंजीनियर जल आपूर्ति प्रणालियों, पानी की मांग का पूर्वानुमान लगाने के लिए पानी के उपयोग के आंकड़ों को एकत्र करने और उसका विश्लेषण करने के लिए भी जिम्मेदार है।
- भूमिगत या सतही जल संसाधनों के मैथमेटिकल मॉडलिंग करने के लिए एक वॉटर इंजीनियर की आवश्यकता होती है।
- वॉटर इंजीनियर के तौर पर आपको बाढ़ नियंत्रण, वॉटर रिसोर्स, इरिगेशन वॉटर आदि का काम भी देखना पड़ता है। इसके लिए आपको तैयार रहना होगा।
- सीवरेज और बाढ़ रक्षा संरचनाओं जैसे- पंप सिस्टम और पाइप नेटवर्क की प्रारंभिक रूपरेखा और पूर्ण योजना का निर्माण करना।
- पानी और सीवरेज बुनियादी ढांचे के संचालन का प्रबंधन और रखरखाव, सहकर्मियों और ग्राहकों को परियोजना विवरण और तकनीकी जानकारी प्रस्तुत करना।
- वॉटर इंजीनियर के रूप में आपको रिपोर्ट लिखना और परियोजना बजट का प्रबंधन करना, कानून और दिशानिर्देशों में बदलाव के साथ कस्टमर्स, ठेकेदारों, सरकारी एजेंसियों से संपर्क करना।

### वॉटर इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन

- अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करें।
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं।
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें।
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी।

### कोर्स

- बीटेक इन वॉटर रिसोर्स इंजीनियरिंग
- बीटेक इन सॉइल एंड वॉटर कंजर्वेशन
- सस्टेनेबल वाटर मैनेजमेंट
- वाटर एंड वेस्ट वॉटर इंजीनियरिंग
- वाटर सप्लाई इंजीनियरिंग
- क्लाइमेट चेंज एंड वाटर इन माउंटेन
- इंट्रोडक्शन टू हाउसहोल्ड वाटर रीटमेंट एंड सेल्फ स्टोरेज
- वॉटर रिसोर्सेस मैनेजमेंट एंड पॉलिसी
- वाटर एंड एनवायरमेंटल मैनेजमेंट
- सिविल एंड वॉटर इंजीनियरिंग
- वाटर एंड एनवायरमेंटल मैनेजमेंट

### वॉटर इंजीनियरिंग कोर्स के लिए भारतीय विश्वविद्यालय

- कॉलेज ऑफ टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी, पश्चिम बंगाल
- मुंबई यूनिवर्सिटी, महाराष्ट्र
- एमिटी यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश
- वेल्लोर प्रौद्योगिकी संस्थान (वीआईटी) वेल्लोर, तमिलनाडु
- भारतीय इंजीनियरिंग विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान हावड़ा, पश्चिम बंगाल
- मणिपाल उच्च शिक्षा अकादमी मणिपाल, कर्नाटक
- आईआईटी, दिल्ली
- एसएसएम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी एंड पॉलिटेक्निक कॉलेज, तमिलनाडु

### भरतीकरता

- स्टेबीनेस एंड एसोसीएट
- आर्केडीज
- वूड
- अतकिंस
- सीएच2एम
- एल एंड टी इंफास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग लिमिटेड
- एमजी ग्रोव टेक्नो सिस्टमस प्राइवेट लिमिटेड



### विदेशी यूनिवर्सिटीज

- न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी
- वर्जीनिया टेक
- वोलोंगोंग यूनिवर्सिटी
- एरिज़ोना यूनिवर्सिटी
- अल्बर्टा यूनिवर्सिटी
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी
- इंपीरियल कॉलेज लंदन
- यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लासगो, यूके
- एडिनबर्ग नेपियर यूनिवर्सिटी, यूके
- यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स, ऑस्ट्रेलिया